
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-190
लखनऊ, मंगलवार 27 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


अनुदान पर 54 हजार किसानों को सोलर पंप देगी यूपी सरकार 03

जनता के सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल करेगी बीजेपी : शाह 12


## संक्षिप्त समाचार

### गायक पंकज उधास का 72 साल की आयु में निधन

**मुंबई।** अपनी जादुई आवाज से फैंस का दिल जीतने वाले गायक पंकज उधास का निधन हो गया है। वे 72 साल के थे। यह जानकारी उनके बेटी ने दी है। उन्होंने मुंबई के ब्रीचकैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। पंकज उधास के निधन से संगीत जगत में शोक छा गया है। फिल्म नाम में चिट्ठी आई है...गाना से पंकज उदास चर्चा में आए थे। चांदी जैसा रंग हो तेरा सोने जैसा बाल.. गजल गाने वाले पंकज उधास की आवाज हमेशा के लिए शांत हो गई है। पंकज की बेटी नायब उधास ने अपनी एक पोस्ट में लिखा कि हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि पद्मश्री पंकज उधास का निधन हो गया है। पिछले दस दिन से उनका इलाज चल रहा था। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा....

शेष पेज 12 पर

### कस्टम ने तीन दिनों में चार करोड़ का सोना किया जब्त

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने तीन दिनों के भीतर नौ अलग-अलग मामलों में 4.06 करोड़ रुपये का 7.57 किलोग्राम से अधिक सोना और एक आईफोन जब्त किया है। बरामद किया गया सोना यात्रियों के पहने हुए कपड़ों, शरीर पर और उनके हैंडबैग में छुपाया था। कस्टम सूत्रों के अनुसार उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही है। पिछले तीन दिनों में अलग-अलग नौ मामलों में कस्टम की टीम ने विभिन्न देशों से आए यात्रियों की तलाशी ली। इन सभी ने क्रॉकरी के बॉक्स, पहने हुए कपड़े, हैंड बैग के फ्रेम में सोना छुपाया था, जिसे बहुत तकनीकी तरीके से तलाशी लेकर पकड़ लिया गया है। इन मामलों में हैंडलर से असली सोना तस्कर के जानकारी हासिल की जा रही है।

### पीएम का दौरा : आईएसआईएस सदस्य केरल से गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था।

### बंगाल में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में 49 वर्षीय तृणमूल कांग्रेस नेता (टीएमसी) की जमीन विवाद को लेकर लोगों के एक समूह ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि टीएमसी नेता की पहचान बिजन दास के रूप में की गई है। बिजन दास पर यह हमला तब हुआ जब वह पार्टी के एक सहयोगी के घर गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुमा एक पंचायत के उप मुखिया दास को नजदीक से दो बार गोली मारी गई, एक गोली उनके सिर में लगी और दूसरी उनके बाएं कान को पार कर गई।

### नहीं रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदामा लाल

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष दर्शन लाल के भाई स्व. सुदामा लाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि स्व. सुदामा लाल जी का आकस्मिक निधन कांग्रेस पार्टी की अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्व. सुदामा कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता के साथ-साथ हमेशा क्षेत्र की आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करते रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन/प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने भी स्व. सुदामा लाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि ईश्वर उनके परिजनों को इस दुख- को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। आकस्मिक निधन पर प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, सलाहकार अमरजीत सिंह, महामंत्री महेन्द्र सिंह नेगी गुरु आदि ने संवेदना व्यक्त की।

---


**पीएम मोदी ने 554 स्टेशनों का कायाकल्प व 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का किया शिलान्यास, कहा**


# कमाल का है गोमतीनगर स्टेशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपए की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसमें 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास उत्तर प्रदेश के हैं, जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रेल की गति तेज होगी, तो समय बचेगा। भारतीय रेल यात्री सुविधा ही नहीं है, बल्कि देश की खेती और औद्योगिक प्रगति का भी सबसे बड़ा वाहक है।

यूपी का पहला वर्ल्ड क्लास गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी ने वर्चुअली लोकार्पण किया। उन्होंने कहा- यह स्टेशन कमाल का दिखता है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गोमती नगर स्टेशन





**मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी आदित्यनाथ**

पहुंचे। वहीं सीएम योगी भी वर्चुअली भी जुड़े। राजनाथ सिंह ने कहा, गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का विकास मेरा सपना था। केंद्रीय रेलवे मंत्री सर्वानंद सोनोवाल जब संसद में 4 स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की बात संसद में बोल रहे थे। तभी उन्हें गोमतीनगर स्टेशन का नाम पर्ची पर लिखकर दिया गया। उन्होंने उसी समय इसके नाम की भी घोषणा कर दी थी।राजनाथ सिंह ने कहा, स्टेशन को एक दिन के लिए जनता के लिए खोल दीजिए। वो खुद देखें कितना आधुनिक स्टेशन बना है। 1876 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इसमें 177 करोड़ की परियोजना का कार्य कहीं पूरा हुआ है तो वह गोमती नगर रेलवे स्टेशन है। लखनऊ में अमौसी, मानक नगर, मल्होर सहित अन्य जगहों पर 8 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। ब्रम्होस मिसाइल लखनऊ में बनेगा। हमारे जवानों के पास मिसाइल होनी चाहिए। इलेक्शन की अधिसूचना जारी होने से पहले लोकार्पण होगा। पूरी परियोजना 2026 तक पूरी हो जाएगी। स्टेशन का प्रोजेक्ट 2018 में शुरू हुआ था।

**स्टेशन पर मॉल, वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा**

स्टेशन की उत्तर दिशा की टर्मिनल बिल्डिंग भूतल के साथ 2 तल की और दक्षिण टर्मिनल की बिल्डिंग भूतल के साथ 1 तल की है। इसके अलावा 28 मीटर गुणे 85 मीटर का एयर कान कोर्स बनाया गया है। यह एक मात्र स्टेशन है जहां खरीदारी से लेकर सफर करना तक आसान होगा। इसमें मॉल से लेकर वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा भी होगी। इसमें नए टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एक्सेलेटर यात्रियों के लिए होंगे। खरीदारी का आनंद उठाने के लिए गोमतीनगर स्टेशन पर एलडीए ने चार लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में काम कराया है। इसमें कॉमर्शियल ब्लॉक बनाया गया है। हर ब्लॉक में डबल बेसमेंट के साथ भूतल और 4 मंजिला निर्माण किया गया है। कॉमर्शियल ब्लॉक में 12 लिफ्ट और 8 ऐस्कलेटर हैं। यहां गाड़ियों की पार्किंग के लिए भी बड़े स्तर पर पार्किंग बनाई गई है। 29 हजार वर्गमीटर की डबल बेसमेंट की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यहां से अब ट्रेनों का संचालन भी बढ़ाया जाएगा। ऐसे में जल्द ही चारबाग रेलवे स्टेशन पर भीड़ कम होगी। कई प्रमुख गाड़ियों का संचालन यही कर दिया जाएगा।रेलवे स्टेशन पर कुल 6 प्लेटफार्म हैं।

**लखनऊ को जल्द मिलेंगे आठ फ्लाईओवर, रिंग रोड : राजनाथ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ की जनता से कहा कि आपको लखनऊ में आठ से नौ फ्लाईओवर और रिंग रोड बहुत जल्द ही मिलेंगे। मार्च के दूसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उसमें लखनऊ की रिंग रोड परियोजना शामिल होगी। वहीं फ्लाईओवर निर्माण कार्यों को जल्द शुरू कराया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ रिंग रोड के बनने से ट्रैफिक जाम जैसी समस्या खत्म होगी। बाहर से लखनऊ में आने वाले वाहनों को रिंग रोड की मदद से अपने स्थान तक पहुंचना आसान होगा। यह रिंग रोड लखनऊ के एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ रहा है।


---

## हाईकोर्ट का फैसला : ज्ञानवापी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के एक तहखाने में हिंदू पूजा-पाठ की अनुमति देने के वाराणसी जिला अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हाई हाईकोर्ट ने मस्जिद के तहखाने में हिंदू पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट के जज रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद समिति की याचिका को खारिज करते हुए कहा, व्यास तहखाना में हिंदू प्रार्थनाएं जारी रहेंगी। वाराणसी जिला अदालत ने जनवरी में फैसला दिया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने-जिसे व्यास तहखाना कहा जाता है- में पूजा कर सकता है। इसके बाद मस्जिद समिति ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर व्यास जी के तहखाने का वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त करने और तहखाने में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी के जिला जज के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। जस्टिस अग्रवाल ने फैसला सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे



रिकॉर्ड को देखने और संबंधित पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद अदालत को जिला जज द्वारा 17.01.2024 को पारित फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला, जिसमें वाराणसी के डीएम को संपत्ति का रिसीवर नियुक्त किया गया था। हिंदू पक्ष के वकील प्रभाष ने मीडिया से कहा, हाईकोर्ट ने उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जो मुस्लिम पक्ष ने जिला जज के आदेश के खिलाफ दायर की थीं। इसका मतलब है कि पूजा वैसे ही जारी रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट तहखाना के रिसीवर के रूप में बने रहेंगे। वाराणसी जिला अदालत ने पूजा का आदेश शैलेन्द्र पाठक की याचिका पर दिया था। पाठक ने याचिका में कहा था कि उनके नाना सोमनाथ व्यास ने दिसंबर 1993 तक पूजा की थी।वंशानुगत पुजारी के रूप में उन्हें तहखाने में दाखिल करने और पूजा फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाए।

---

### ईडी के सातवें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए और आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि एजेंसी को बार-बार समन जारी करने के बजाय अदालत के आदेश का इंतजार करना चाहिए।आप ने कहा कि मामला अदालत में चल रहा है, इसलिए एजेंसी को मुख्यमंत्री को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक इस मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। यह सातवीं बार है जब श्री केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

## विदेशों में नौकरी करने वाले उठा रहे हैं आयुष्मान कार्ड का लाभ

समृद्धि न्यूज

**फर्जीवाड़े के आरोपों में मिशन अस्पताल की फाइलों की चल रही जांच**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने के आरोपों में मिशन अस्पताल की फाइलों की जांच चल रही है। इसमें सामने आया है कि जिन परिवारों के मुखिया विदेश में नौकरी कर रहे हैं, उनके भी आयुष्मान कार्ड बने हैं। आयुष्मान कार्ड से सर्जरी का लाभ भी लिया है। अब विभाग ऐसे लोगों की सूची भी तैयार कर रहा है।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि मिशन अस्पताल के आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े की जांच जल्द ही पूरी हो जाएगी। अब तक कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। दो- तीन दिन में कई फाइलों के विवरण का सत्यापन कराया जाएगा। खुशहालपुर स्थित बरुआ हेल्थ केयर का पंजीकरण निरस्त होने व एफआईआर कराने के बाद अब मिशन अस्पताल के मामले की जांच तेज हो गई है। बीते शनिवार को जांच अधिकारी व एसीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार को नूरपुर भेजा गया था। एक फाइल के मुताबिक नूरपुर निवासी व्यक्ति ने मिशन अस्पताल में ऑपरेशन कराया था। जांच में पाया गया कि ऑपरेशन हुआ है लेकिन कराने वाले व्यक्ति के परिवार के मुखिया सऊदी अरब में नौकरी करते हैं।

### सांसद संजय सिंह की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई पांच मार्च को करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने फरवरी के शुरू में संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उन्हें जमानत देने से इनकार कर करते हुए कहा था कि याचिका स्वीकार करने का कोई ठोस आधार नहीं है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली व रोडवेज की टक्कर में छह की मौत

समृद्धि न्यूज

**जौनपुर।** जनपद के सिकरारा थाना क्षेत्र स्थित जौनपुर-प्रयागराज मार्ग पर समाधगंज बाजार के पास रविवार की देर रात मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली और रोडवेज बस की टक्कर हो गई। दुर्घटना में छह मजूदरों की मौत और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने सोमवार को सभी मृतकों की पहचान कर ली है। चार मृतक एक ही गांव के बताए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेलेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार रात साढ़े ग्यारह बजे के आसपास प्रयागराज की तरफ से देवरिया जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस मकान के छत की ढलाई कर सात मजदूरों को लेकर घर लौट



रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गयी। दुर्घटना में ट्रैक्टर ट्राली पर सवार पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस ने राहत बचाव कार्य करते हुए वाहनों फंसे घायलों को बाहर निकालकर सिकरारा सीएचसी भेजा, जहां इलाज के दौरान एक और मजदूर की मौत हो गई। एएसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान सिकरारा थाना क्षेत्र के अलीसाहपुर गांव निवासी पुन्नीलाल के बेटे नीरज सरोज (28), तेज बहादुर के बेटे राजेश सरोज (45), राजेश विश्वकर्मा के बेटे संग्राम विश्वकर्मा (25), चांई मुसहर (30), वीरपालपुर गांव के रमाशंकर के बेटे अतुल सरोज (30) और बथुवार गांव के रामचंद्र बिंद के बेटे गोविंदा बिंद (30) के रूप में हुई है। घायलों में अलीशाहपुर निवासी मंगला प्रसाद प्रजापति के बेटे अरविंद प्रजापति (31), राम उजागर के बेटे पंकज सरोज (30 ) और देवरिया के माझा वीरसेन के राम केवल की बेटी सरोज शामिल हैं। सभी घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर दुख प्रकट करते हुए मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

---

## डायरेक्टर व सचिव बोर्ड ने गूगल मीट से 75 जिलों के डीआईओएस को किया हाई अलर्ट

**हाईस्कूल गणित के पेपर में बोर्ड की व्यूहरचना का भी होगा इम्तहान**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की व्यूहरचना का पहला इम्तहान 27 फरवरी को है। हाईस्कूल गणित के पेपर में आठ हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर 29 लाख परीक्षार्थी सम्मिलित होने जा रहे हैं। गणित का महत्वपूर्ण पेपर होने के कारण नकल माफियाओं के सक्रिय रहने की आशंका है।

हालांकि बोर्ड के अफसर पूरी परीक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरत रहे। लेकिन उनका विशेष जोर गणित की परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने पर है। सोमवार को बोर्ड मुख्यालय से एक बार फिर प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों को खास सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। स्ट्रॉन्ग रूम पर नजर रखने के साथ-साथ जिलों के उन केंद्रों पर भी नकेल कसने को कहा गया है, जहां गड़बड़ी की आशंका दिख रही हो। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने परीक्षा की शुचिता को हर हाल में बनाए रखने का दिशा निर्देश जारी किया है। गणित के पेपर में पुलिस का हर तंत्र सक्रिय रहेगा। एसटीएफ ने भी परीक्षा को नकल विहीन कराने की कवायद की है। संवेदनशील जिलों प्रयागराज, कौशाम्बी, देवरिया, बलिया, अलीगढ़, मथुरा के परीक्षा केंद्रों को खास निगरानी में रखा गया है। मंगलवार 27 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित का पेपर है। द्वितीय पाली इंटर में गृह विज्ञान का है। प्रथम पाली की परीक्षा को नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए आज अफसर अपनी रणनीति को अपडेट करने में लगे रहे

### आइएससी 12वीं केमिस्ट्री का पेपर लीक, परीक्षा स्थगित

**लखनऊ।** सोमवार को होने वाली आइएससी 12 वीं केमिस्ट्री परीक्षा रद्द हो गई है। अब यह परीक्षा 21 मार्च को दोबारा कराई जाएगी। केमिस्ट्री की परीक्षा सोमवार को 2 बजे से होने वाली थी लेकिन उससे पहले पेपर रद्द करने की सूचना आई है। कुछ परीक्षा केंद्रो के प्रधानाध्यापकों ने कहा कि पेपर लीक हो गया है लेकिन इसकी पुष्टि काउंसिल की तरफ से नहीं की गई है। काउंसिल ने केवल सोमवार को होने वाली परीक्षा स्थगित करने की सूचना दी है और यह परीक्षा 21 मार्च को करने के लिए कहा है जबकि लखनऊ के कई केंद्रों के प्रधानाचार्यो ने परीक्षा देने आए छात्रों से कहा है कि उनका पेपर लीक हो गया है, वह वापस घर जाएं। दोबारा से 21 मार्च को परीक्षा होगी।

## उत्तराखंड में पांच हजार से अधिक मिनी आंगनबाड़ी बनेंगे पूर्ण केंद्र

समृद्धि न्यूज

**केंद्रों के उच्चीकरण के लिए जिओ जारी, राज्यपाल ने दी स्वीकृति**

**देहरादून।** लंबे समय से मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में स्थापित किये जाने की बाट जोह रहे केंद्रों के लिए बड़ी खुशखबरी है। ऐसे पांच हजार से अधिक मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्र बनाए जाने को लेकर जिओ जारी कर दिया गया है। इन केंद्रों में एक कार्यकर्ता एवं एक सहायिका भी होंगी।

विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की मांग उठ रही थी। ऐसे में अब राज्य के पांच हजार से अधिक मिनी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में स्थापित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के उच्चीकरण होने से हमारी बहनों की भावनाओं का सम्मान हुआ है। इसके लिए वह केंद्र महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हैं जिन्होंने आंगनबाड़ी बहनों की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह फैसला लिया है। हमारी सरकार जो कहती है वह करती है और वह इस बात से परिलक्षित होता है कि राज्य के हित में लगातार महत्व की निर्णय लिए जा रहे हैं।

### घरेलू सिलेंडर फटा, एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत चार लोग झुलसे

**लखनऊ।** लखनऊ के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में महावीरपुरी कॉलोनी निवासी जगत राम द्विवेदी के मकान में घरेलू सिलेंडर में सोमवार को ब्लास्ट हो गया। धमाके के साथ सिलेन्डर के फटने से घर के तीन सदस्य जलकर झुलस गये। धमाके के बाद झुलसे लोगों को निकालने और उनकी जान बचाने आया एक किराएदार भी झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर हुसैनगंज थाना पुलिस पहुंची। पुलिसकर्मियों ने रेस्क्यू कर सभी झुलसे लोगों को निकालते हुए सिविल अस्पताल पहुंचाया। सिविल अस्पताल पहुंचते ही बर्न यूनिट के चिकित्सकों द्वारा गंभीर रुप से झुलसे लोगों का उपचार जारी है।

---

## प्रदर्शन : मांगें मनवाने के लिए किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

एजेंसी

**चंडीगढ़।** किसान अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं और उनकी मांग है कि उन्हें एमएसपी पर कानून मिलना चाहिए, पेंशन मिलनी चाहिए, कर्जा माफ होना चाहिए, जिसको लेकर अलग-अलग संगठनों अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं आज एसकेएम के आह्वान पर बार फिर से प्रदर्शन किया गया और ट्रैक्टर मार्च निकाला गया।

बता दें कि किसानों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा समेत पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला। वहीं वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के पुतले फूकें जा रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रधान जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसानों को गोली मारने वालों पर कार्रवाई करे। पंजाब के अंदर घुसकर किसानों को उठाने, पीटने और ट्रैक्टर तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हो।

हरियाणा के करनाल में पहले सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे हुए और उसके बाद वहां से नेशनल हाईवे की तरफ आईटीआई चौक पर पहुंचे। उसके बाद ट्रैक्टर के काफिले को आगे बढ़ाते हुए नेशनल हाईवे पर कर्णेश्वरम्म मंदिर के पास ट्रैक्टर की ब्रेक लगाई। ये ट्रैक्टर का काफिला 3 से 4 किलोमीटर लंबा था, जिसमें अलग अलग जगहों से किसान ट्रैक्टर लेकर पहुंचे थे। किसानों ने सरकार के खिलाफ नेशनल हाईवे पर बैठकर नारे भी लगाए।

---

**चुनाव** | **बीजेपी की सियासी चाल से समाजवादी पार्टी की एक सीट पर फंसा पेंच**

# उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए मतदान आज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यसभा की 10 सीटों के लिए आज वोटिंग होगी। जीत को लेकर यूपी की सियासी जोड़तोड़ खूब हुई। बीजेपी की 7 सीटों पर जीत पक्की है लेकिन आठवां उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को रोमांचक और कड़ा बना

**दसवीं सीट पर सपा और भाजपा की प्रतिष्ठा लगी दांव पर**

दिया है। बीजेपी की सियासी चाल से समाजवादी पार्टी की एक सीट पर पेच फंस गया है।

राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव के लिए आज वोटिंग होनी है। बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के लिए एक सीट पर पेच फंसा हुआ है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक सियासी हलचल है। राज्यसभा चुनाव की वोटिंग को लेकर आज लखनऊ में आज एनडीए के सभी विधायकों की बैठक हुई है। एनडीए के सभी वोट सहजने में बीजेपी जुटी रही है। जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी का बीजेपी को समर्थन देने का एलान है। जयंत चौधरी की अगुवाई में मथुरा में हुई बैठक में पार्टी ने बीजेपी उम्मीदवारों के समर्थन में वोट देने का फैसला लिया गया। यूपी में राज्यसभा की कुल 10 सीटों के लिए चुनाव है। इन सीटों के लिए आज 27 फरवरी को वोटिंग है। आंकड़ों के मुताबिक बीजेपी 7 सीटों पर आसानी से जीतेगी जबकि 2 सीट समाजवादी पार्टी का जीतना तय है। बचती है 10वीं सीट जो पूरी तरह से फंसी गई है। दोनों ही पार्टियो खातिर दसवीं सीट प्रतिष्ठा बन गई है। अखिलेश लगातार बैठकें कर रहे हैं। पार्टी ऑफिस में पार्टी के विधायकों के साथ बैठक की। मतदान की ट्रेनिंग दी गई। अखिलेश ने सभी विधायकों को डिनर पर बुलाया।



**एनडीए के विधायकों की ट्रेनिंग**

**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव के लिए यूपी में मंगलवार यानि आज वोटिंग होगी। वोटिंग से पहले बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के विधायकों की सोमवार को ट्रेनिंग हुई। बीजेपी खेमें ने अपने विधायकों को एकजुट करने की पूरी तैयारी कर ली है। हर सहयोगी दल के विधायक अपने पार्टी प्रमुख के साथ सीएम से मुलाकात कर चुके है। राज्यसभा चुनाव के लिये एनडीए के विधायक को सोमवार को ट्रेनिंग दी गयी। सोमवार को विधायकों की ट्रेनिंग लोकभवन में की गई। दस सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव के लिए वोटिंग होने वाली है। मंगलवार को वोट डाले जाएंगे। भाजपा के आठ प्रत्याशी मैदान में हैं, इसमें सात प्रत्याशी तो अपने दम पर जीता लें लेकिन आठवें के लिये सेंधमारी करनी पड़ेगी। सपा के विधायक डमी पत्र से वोट देने का अभ्यास बीते शनिवार को ही कर चुके है। बीजेपी के सहयोगी दल सुभासपा और निषाद पार्टी के विधायकों ने सीएम योगी से मुलाकात कर एनडीए प्रत्याशी के प्रति विश्वास जताया है।

# महिला को दबंगों ने पीटा, की अभद्रता

- हैदराबाद पुलिस की बर्बरता आई सामने , महिला सम्मान ठेंगे पर
- लहू लुहान अवस्था में थाने आई फरियाद लगाने के बाद नीरस लौटी पीड़िता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार में महिलाओं के सम्मान की बात को धता बताते हुए हैदराबाद पुलिस ने थाने में तहरीर लेकर आई महिला को 8 घंटे से ज्यादा बिठाया फिर भी फरियाद नहीं सुनी। लहूलुहान सिर लिए महिला अपनी फरियाद बताती रही लेकिन योगी सरकार की हैदराबाद थाने की पुलिस ने महिला की एक भी ना सुनी और महिला को 8 घंटे के बाद अंधेरे में थाने से नीरस होकर वापिस घर को लौटना पड़ा।

दरअसल पूरा मामला थाना हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है। पीड़िता विद्यावती (बदला हुआ नाम) ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की है और उसी के गांव के कुछ दबंग जिसमें शिवम पुत्र पंकज मिश्रीलाल पुत्र रामचंद्र ने उसको शौच जाते वक्त दोपहर 12:00 बजे अकेला पाकर अपने घर जबरन खींच लिया और लातो घूसो तथा लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया, इतना ही नहीं जाति सूचक गालियां देते हुए परिवार समेत जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसके घर के पास में विपक्षी गण कूड़ा डाल देते थे जिसका वह और उसके पति विरोध करते थे। इसी कारण विपक्षी गण ने शराब के नशे में घात लगाए बैठे उसके पति की अनुपस्थिति में महिला के साथ जबरन हाथापाई करते हुए अभद्र व्यवहार कर डाला।

पीड़िता का हैदराबाद थाने की पुलिस पर आरोप है कि पीड़िता दोपहर 1 बजे से लगाकर लगभग 8:30 बजे रात तक बैठी रही लेकिन पुलिस वालों ने ना तो महिला की फरियाद सुनी और ना ही उसको चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा। पीड़िता पक्ष की माने तो हैदराबाद थाने में एक प्रमोद नाम का सिपाही है जो कि विपक्षियों से मिला हुआ है, उसी के कहने पर विपक्षी गण पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

**वर्जन:** मामले से संबंधित एस ओ हैदराबाद दीपक तिवारी का कहना है कि मेरे द्वारा कल ही विधिवत जांच कराई जा चुकी है महिला के द्वारा लगाए गए आरोप फर्जी हैं, यह प्रधान जी के पक्ष से हैं और दूसरा पक्ष प्रधान जी के एंटी है, प्रधान जी इनके ऊपर हाथ रखे हुए हैं।

**वर्जन:** क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी ने मामले से संबंधित बताया की मैं अभी बाहर आया हूं, एस ओ साहब के पास फिर से भेजो वह देखेंगे, आकर देखता हूं।

# पुलिस चौकी के सामने फर्राटा मार रहीं मिट्टी भरी ट्रॉलियां

- खुलेआम किया जा रहा धरती का सीना छलनी




**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खनन माफिया खुले आम धरती का सीना छलनी कर रहे हैं। पुलिस चौकी के सामने से खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी खनन कर ढो रहे हैं। अवैध खनन का खुला खेल पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है। लेकिन प्रशासन इसे रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है वहीं सड़कों पर उड़ती धूल के कारण अस्थमा के रोगियों में निरंतर इजाफा हो रहा है। तहसील गोला की ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत भंदेड़ मे कई दिनों से बेखौफ खनन माफिया लगातार धरती का सीना छलनी कर रहे हैं। दर्जनों ट्रालियों से खनन का खुला खेल पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने से कई दिनों से चल रहा है। लेकिन खनन माफिया को रोकने की किसी ने भी जहमत नहीं उठाई। शासन के आदेशों निर्देशों को जेब में रख कर सरकार की नीति को पलीता लगाने के लिए खुद सरकारी नुमाइंदे ही काफी है। सरकारी तंत्र ही नियम कायदों को ठेंगा दिखा रहे हैं। अभी तक खनन माफिया रात के अंधेरे में अवैध खनन करते आ रहे थे, लेकिन अब वे दिन के उजाले में भी धरती का सीना चीर कर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। पुलिस व खनन विभाग सब कुछ जानकार भी बेखबर बना है। पुलिस चौकी मूड़ा सवारान के सामने से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन भर बेखौफ होकर फर्राटा भरती है। पुलिस उन्हें पकड़ने की जहमत नहीं उठाती।

जिम्मेदार लोगों का कहना है कि दिनभर मिट्टी से भरे वाहन गुजरने से प्रमुख मार्ग छतिग्रस्त होने लगे हैं। प्रदूषण में भी इजाफा हो रहा। साथ ही अस्थमा के रोगी निरंतर बढ़ रहे हैं।

# शास्त्रविरूद्ध साधना दुखों की जड़ है : संत रामपाल महाराज

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर के गांव-गांव से जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज के अनुयाई विशाल सत्संग में बढ़चढ कर भाग लिए, भोगीपुरवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का वेद, गीता जी, श्री मद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि अथर्ववेद कांड नम्बर 4 अनुवाक नम्बर 1 मंत्र 6 मे लिखा है कि वही पुर्ण परमेश्वर सत्य साधना करने वाले साधक को उसी पहले वाले स्थान (सत्यलोक) मे ले जाता है , जहां से बिछूड कर आए थे।

# बच्चों को नहीं मिल रहा मीनू के अनुसार भोजन

- प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान भोजन योजना में नन्हे-मुन्हे व छात्र-छात्राओं को मीनू के अनुसार नहीं मिल रहा खाना

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाले मध्यान भोजन में सालों से नौनिहाल बच्चे दूध को तरस रहे हैं।

कस्बे में लगभग एक दर्जन से ज्यादा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान भोजन योजना में स्कूल में पढ़ने वाले नन्हे मुन्हे बच्चे व छात्र-छात्राओं को सालों से मीनू के अनुसार खाना नहीं मिल रहा है जिसको लेकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों में रोज व्याप्त हो रहा है करीब एक वर्ष से स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को दूध व फल नसीब नहीं हुआ है।

बताते चलें कि विकासखंड निघासन की नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में मध्यान भोजन योजना ठेकेदारी पद्धति से एक एनजीओ के माध्यम से चलाई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि एनजीओ के मालिक की लंबी पहुंच के आगे शिक्षा विभाग बौना साबित हो रहा है व विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से एनजीओ ठेकेदार बच्चों को मिलने वाले भोजन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कल घटिया किस्म का भोजन विद्यालय में पहुंच रहे हैं। भोजन की गुणवत्ता को देखने वाले अधिकारी भी इस मामले को संज्ञान में नहीं लेते हैं वही एनजीओ मलिक विद्यालय में बच्चों को मिलने वाले भोजन के मीनू के साथ खिलवाड़ कर रहा है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही के चलते करीब एक वर्ष से विद्यालय में फल व दूध को नन्हे मुन्ने बच्चे तरस रहे हैं।



कक्षा 5 के छात्र दीपक ने बताया कि दाल चावल रोटी सब्जी तो लगभग रोज मिलती है, फल भी कभी कबार मिल जाता है लेकिन दूध आज तक नहीं मिला।



कक्षा 5 के छात्र विशाल ने बताया कि आज सब्जी चावल मिला लेकिन दूध नहीं मिला, पूर्व से ही कभी भी दूध नहीं मिला है। मौके पर मौजूद रसोईया ने बताया कि ठेकेदार द्वारा जो चीज उपलब्ध कराई जाती हैं वह बाती जाती हैं जब दूध मिलता नहीं तो बच्चों को कहां से दें।

# किसान नेताओं का इराकी बीज भंडार पर धोखाधड़ी करने का आरोप

- इराकी बीज भंडार के मालिक गुल मोहम्मद ने किसान नेताओं पर 20 लाख रुपए मांगने का लगाया आरोप

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मिल रोड पर स्थित इराकी बीच भंडार की दुकान पर किसान नेताओं द्वारा धान की प्रजाति बदलकर बोरियो में दूसरा नाम लिखकर बेचने का आरोप लगाया था और जिला कृषि अधिकारी से जांच कार्यवाही करने की मांग की थी जिसके चलते जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने मौके पर पहुंच कर जांच की और बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है, नमूने भी भरे गए हैं। जांच के बाद यदि कोई अनियमितता पाई गई तो कार्यवाही की जाएगी।

वहीं इस संबंध में इराकी बीज भंडार के मालिक गुल मोहम्मद ने बताया कि कुछ किसानों ने जब इससे संबंधित समस्या बताई तो उनको पूरी तरह से समझा कर उनकी शंका का समाधान कर दिया गया था। लेकिन किसान यूनियन धरने पर बैठ गई।

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष पर दिल्ली में हो रहे लंगर के नाम पर 20 लाख रुपए मांगने की बात कही जिनको उनके द्वारा मना कर दिया गया। किसान नेताओं के आरोप उनकी सोची समझी साजिश है।

# युवक-युवती का शव मिलने से पुलिस जांच में जुटी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मितौली थाना क्षेत्र मुख्यालय स्थित राजा लोन सिंह गढ़ी पर सुबह 10:00 बजे एक युवक एवं एक युवती की हत्या या आत्महत्या होने की सूचना पर मितौली थाना मुख्यालय पर सनसनी फैल गई। आनन फानन मे थाना प्रभारी मितौली राजू राव एवं पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लेते हुए तत्काल प्रभाव से उच्च अधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराया।

**लड़की करती थी एएनएम का कार्य**

मृत युवक तथा युवती का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। घटनास्थल के अनुसार मृत युवक और मृत युवती दोनों के शरीर पर गोली के निशान बने हुए थे वहीं पर एक 315 बोर तमंचा तथा एक खोखा कारतूस भी पड़ा हुआ पाया गया। मृत युवक की जेब में दो जिंदा कारतूस तथा आधार कार्ड जिसमें रामेंद्र पुत्र कल्लू नाम लिखा हुआ पाया गया। लड़की की उम्र लगभग 22 वर्ष उमा पुत्री सतपाल निवासी मुरादपुर बताया जाता है। लड़की सोनम हॉस्पिटल में ए एन एम के पद पर कार्य करती थी। परिजनों का कथन है कि सुबह 8:50 पर वह घर से निकली थी। लड़के के परिजनों का कथन है लड़का लखनऊ में पढ़ता था पुलिस में फॉर्म भी डाला था जिसकी परीक्षा भी होनी थी। घटना स्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा तथा पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह द्वारा किया गया। फॉरेंसिक जांच टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए घटनास्थल पर पड़े हुए 315 बो तमंचा अपने कब्जे में लेकर उसके अंदर एक कारतूस खोखा भी प्राप्त हुआ। मितौली पुलिस द्वारा हत्या या आत्महत्या के बीच गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत हत्या या आत्महत्या का पर्दाफाश हो जाएगा।

**वर्जन:** मामले से संबंधित पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि फोरेंसिक टीम जांच कर रही है, प्रथम दृष्टया युवक द्वारा हत्या करने के बार आत्महत्या करना लग रहा है। पूरी जानकारी जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। फिलहाल किसी भी पक्ष से कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध कब्जे को लेकर छह पर मुकदमा दर्ज

**मसौली, बाराबंकी।** ग्राम समाज की भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण किये जाने पर हल्का लेखपाल की तहरीर पर आधा दर्जन लोगो के विरुद्ध सरकारी सम्पति को हानि पहुंचाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चपरी का है हल्का लेखपाल सरस्वती तिवारी ने थाना सफदरगंज मे तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम समाज की गाटा संख्या 285 पर गांव के ही दबँग सुभाष पुत्र राम किशोर, अजय पुत्र राम बिलास, लक्ष्मण पुत्र कुंज बिहारी, बाबा दीन पुत्र बाबूलाल, राम बरन पुत्र रघुराज, अखिलेश पुत्र तेज सिंह ने कब्जा कर पक्का निर्माण कार्य शुरु किया। स्थानीय पुलिस सहित राजस्व कर्मियों ने मौके पर जाकर कब्जा रुकवा दिया था लेकिन आज पुनः कार्य शुरु किये जाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।



## परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने लोकतंत्र की भागदारी के लिए किया जागरूक

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पांचवें दिन विधानसभा हैदरगढ़ में चलाए जा रहे नवाचार के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी कॉपियों पर लिखे स्लोगन से अपने घर परिवार एवं पास पड़ोस के मतदाताओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक किया। मतदाता जागरूकता नोडल प्रभारी राहुल कुमार शुक्ल ने बताया कि विद्यालयों में अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं की कॉपियों पर पांचवें दिवस जो स्लोगन लिखकर भेजे थे उन स्लोगन को छात्र-छात्राओं ने अपने घर परिवार के सदस्यों को पढ़कर सुनाया एवं और स्लोगन के माध्यम से जागरूकता में विकासखंड सिद्धौर मे10447 त्रिवेदीगंज में 12305 एवं हैदरगढ़ में 13751 मतदाताओं को छात्र-छात्राओं ने अपनी कॉपियों पर लिखे स्लोगन पढ़कर सुनाए व मतदान करने अपील की।

## महिला ने लगाई फांसी मानसिक रूप से थी बीमार

**मसौली, बाराबंकी।** सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योली मे एक 40 वर्षीय महिला ने घर के कमरे में दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका मानसिक रूप से बीमार बतायी जा रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योली निवासी शिवनाथ वर्मा राजस्थान मे रहकर काम करता है तथा शिवनाथ वर्मा की 40 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी दो बच्चो के साथ रहती है सोमवार को 11 बजे दिन मे घर के एक कमरे में दुप्पटे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों को जानकारी होने पर पीआरबी सहित मसौली पुलिस को सूचना दी। मसौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# वृद्ध महिला ने ग्राम प्रधान पर आवास के नाम पर पांच हजार रुपए मांगने का लगाया आरोप

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आए दिन कोई न कोई भ्रष्टाचार का मामला सामने आने से पूरा तहसील क्षेत्र सुर्खियो में बना रहता है। ताजा मामला ग्राम मोहम्मदी सरायं का सामने आया है जहां एक वृद्ध महिला द्वारा ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि उससे आवास के नाम पर पांच हजार रूपयो की मांग की गयी जिसे वृद्ध महिला द्वारा अपनी बकरी बेंचकर पूरा किया गया परन्तु रूपयां देने के बाद भी वृद्ध महिला को आवास नहीं मिल सका।

वृद्ध महिला न्याय के लिये उच्चाधिकारियो के चक्कर काट रही है। बताते चले कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मोहम्मदी सरायं निवासी सकीना पत्नी स्व0 शेर मोहम्मद ने ग्राम प्रधान मोहम्मद ताहिर खान पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा दो वर्ष पहले उससे आवास दिलाने के लिये पांच हजार रूपयो की मांग की गयी थी जिसे उसने अपनी बकरी बेंच कर पांच हजार रूपये प्रधान को आवास के लिये दिये थे जिस पर प्रधान द्वारा वृद्ध सकीना को आश्वासन दिया गया था कि अब जल्द से जल्द आपको आवास मिल जायेगा। धीरे-धीरे समय बीतता गया परन्तु सकीना को आवास नहीं मिल सका। सकीना बराबर प्रधान के घर के चक्कर लगाती रही और आवास के लिये गुहार लगाती रही हर बार उसे आवास जल्द मिल जायेगा सूची भेजी जा चुकी है कहकर टरका दिया जाता।



धीरे-धीरे दो वर्ष बीत गए परन्तु सकीना को आवास नहीं मिल सका।

दो वर्ष बीतने पर सकीना ने प्रधान से अपने पांच हजार रूपये वापस देने को कहा तो प्रधान मोहम्मद ताहिर ने पैसा देने से इंकार करते हुए कहा कि जाओ तुम्हे जो करना है करो जाकर हम पैसा वापस नहीं करेंगे। तब सकीना 26 फरवरी 2024 को मोहम्मदी आकर कोतवाली में तहरीर देकर प्रधान मोहम्मद ताहिर से पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। सकीना द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें महिला के द्वारा प्रधान पर आवास के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए देखा जा सकता है।

**वर्जन:** उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी चाही गयी तो उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है और न ही ऐसी कोई शिकायत आई है।

# 22 करोड़ से हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्निर्माण

**अमृत भारत योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशन में हैदरगढ़ भी शामिल, प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास**

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के विकसित भारत राष्ट्र के तहत अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आज पूरे देश में 554 अमृत स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश में चुने गए 74 अमृत स्टेशनों में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन भी शामिल है। लखनऊ मंडल के तहत आने वाले हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन का 22 करोड रुपए की लागत से कायाकल्प किया जाएगा और यहां पर ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का ठहराव भी सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त विचार हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा




आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने व्यक्त किये। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से सुना गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत देश में छोटे-छोटे सपने देखना बंद कर दिया है हम बड़े सपने देखते हैं और उनका पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं यही संकल्प इस विकसित भारत विकसित रेलवे में दिख रहा है। आज का भारत युवाओं का भारत है। कार्यक्रम में सेंट जेवियर स्कूल में चार दिन पूर्व विद्यालय में हुई प्रतियोगिता के विजयी 9 बच्चों को आज सांसद ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत पूर्व सांसद बैजनाथ रावत नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंही सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता ननकऊ साहू लाला लक्ष्मी नारायण साहू मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह अजय तिवारी मीडिया प्रभारी लव मास्टर सहित लखनऊ व हैदरगढ़ रेलवे विभाग के अधिकारी व कर्मचारी एवं आम जनमानस मौजूद रहा।

## संत रविदास जी ने राष्ट्र को टूटने से बचाया : सांसद

**बाराबंकी।** डॉ बीआर अंबेडकर छात्रावास में सन्त सिरोमणि गुरु रविदास जी की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में छात्रावास के सामने रविदास जी के मंदिर पर भव्य भण्डारा (मंगल भोज) का भी आयोजन किया गया। जयंती समारोह में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि संत रविदास और डॉ आंबेडकर के योगदान का परिणाम है कि समाज का हर वर्ग के लोग देश के सर्वोच्च सदन में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दल कोई भी हो, संत रविदास और डॉ अंबेडकर को इग्नोर करके वह राजनीति नही कर सकता है। आज देश के कानून को कोई नकार नही सकता है। संत रविदास ने राष्ट्र को समाज को टूटने से बचाया। सांसद ने कहा कि डॉ अंबेडकर कहते थे कि राष्ट्र का खंड खण्ड न हो यह हमारी चिंता है।

# बिजली पोल से भिड़ा नशे में धुत ट्रैक्टर चालक

- पोल टूटकर बाइक मिस्त्री पर गिरा, घायल

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बारात से दहेज लेकर वापस आते समय नशे की हालात धुत एक ट्रैक्टर चालक ने विधुत विभाग के खम्भे मे टक्कर मार दी।जिससे खम्भा पास खड़े एक मोटरसाइकिल मिस्त्री पर गिर गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुंची जैदपुर पुलिस द्वारा चालक सहित ट्रैक्टर को कब्जे मे लेकर घायल को उपचार हेतु भेज दिया है।बताते चले कि कस्बे के मोहल्ला नानपजान पजान छोटा इमामबाड़ा निवासी मो अनीस पुत्र सिराज खान थाना चौराहे के पास एक गुमटी मे मोटर साइकिल बनाने का कार्य करता है। सोमवार को दोपहर लगभग एक बजे एक मोटर साइकिल की धुलाई कराने हेतु ईदगाह के आगे वसीनगर के पास एक सर्विस की दुकान मे खड़ा मोटर साइकिल की धुलाई करा रहा था कि अचानक सफदरगंज मार्ग से नशे की हालत मे धुत तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने रोड पर लगे बिजली के खम्भे मे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे खम्भा गिर गया।जब तक अनीस कुछ समझ पता कि खम्भा उसके ऊपर गिर गया और वह गम्भीर रूप घायल हो गया।सूचना मिलते ही चौकी पर बैठे कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय सहित पुलिस के जवानो द्वारा घायल को उपचार हेतु जैदपुर सीएससी ले गये तथा चालक सहित ट्रैक्टर को कब्जे मे ले लिया। वही हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरो द्वारा घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।जहां घायल का एक पैर दो जगहों से टूटने व सर व सीने मे अधिक चोटे होने के कारण हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। इस सम्बंध मे कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि चालक नरेंद्र पुत्र सूरेश चंद्र इटौआ मुरलीगंज थाना जैदपुर सहित ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे मे लेकर घायल मिस्त्री को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है।वही परिवार के लोगो से जानकारी मिली कि हालत नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल मे भी जवाब हो गया है।फिलहाल घायल का उपचार किसी निजी अस्पताल मे किया जा रहा है।

# पिकप ने बाइक सवार को रौंदा, दोनो चालकों की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

रविवार की देर रात्रि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही पिकप ने बाइक सवार को रौदते हुए पेड़ से टकरा गयी दुर्घटना मे बाईक सवार व पिकप चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे पर स्थित ग्राम प्यारेपुर सरैया के निकट बाराबंकी से अपने घर गोडारी वापस लौट रहे बाईक सवार मनोज कुमार पुत्र छेदा को पीछे से तेज रफ्तार मे अक्सीजन सिलेंडर लेकर आ रही पिकप नंबर यूपी 41 एटी 2687 रौदते हुए पेड़ से टकरा गयी जिसमे पिकप चालक रिफाकत अली पुत्र इशरत अली जिसमे दोनो की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने दोनो शवो का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसी क्रम मे ग्राम रसौली के निकट रिलान्स पेट्रोल पंप के निकट हाइवे के किनारे पहले से ही खराब खड़ी ट्रक मे अयोध्या की ओर से आ रही डीसीएम ने टककर मार दी जिसमे डीसीएम चालक मोहित कुमार पुत्र सुरेशचंद्र निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना पुरावा जनपद एटा की मौत हो गयी।

# स्टेशन का स्वागत, लेकिन हैदरगढ़ में ट्रेनें तो रुकें: राजू भैया

- क्षेत्रवासियों ने फिर की हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनो के ठहराव की मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन के आधुनिक कायाकल्प कार्य का शिलान्यास संपन्न हुआ। लेकिन इस मौके पर क्षेत्र वासियों ने देश के प्रधानमंत्री व रेल मंत्री को भाजपा सांसद के माध्यम से स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का ज्ञापन भी सौंपा ।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि स्टेशन का विकास हो इसका स्वागत है। लेकिन कम से कम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन तो रुके।

भाजपा सरकार में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन अब बहुत जल्द ही अत्याधुनिक होता नजर आएगा। यहां पर यात्रियों के लिए तमाम सुविधाओं



की बरसात होने जा रही है। करोड़ों रुपए से स्टेशन का कायाकल्प होगा। आज इसी कार्य का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास भी किया। जबकि मौके पर उपस्थित भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सभी औपचारिक कार्य पूर्ण किए। ज्ञापन में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर शटल ट्रेन, बेगमपुरा सहित कई अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई है। श्री भैया ने कहा कि कई ट्रेनें रेलवे विभाग की कथित विभागीय कहानियों से इतर निहालगढ़, मुसाफिरखाना, लंभुआ ,कृष्णा नगर जैसे स्टेशनों पर रूकती हैं। लेकिन हैदरगढ़ से यही रेलगाड़िया यात्रियों के अरमानों पर कुठाराघात करती हुई निकल जाती हैं । राजू भैया ने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा कि हैदरगढ़ के सैकड़ो शिवभक्त अब हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन से बैजनाथ धाम एवं बाबा विश्वनाथ के दर्शन को भी नहीं जा पा रहे हैं। जबकि कोरोना काल से पूर्व भक्त अथवा यात्री यहां से सीधे ट्रेन पकड़ कर अपनी यात्रा को पूरी करते थे।

क्षेत्र वासियों की बात को गंभीरता से सुनते हुए भाजपा सांसद उपेंद्र रावत बताया कि रेल विभाग के उच्च अधिकारियों से बातचीत हो गई है। आवश्यक कागजी कार्यवाही भी प्रगति पर है। जल्द ही हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था बहाल हो सकेगी।

# बाइक सवार गिरे, ट्रैक्टर ट्राली ने कुचला, माँ-बेटे की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के सहाबपुर चौराहे पर हाइवे पर असुंतलित होकर गिरी बाईक पर सवार माँ बेटे की मौत हो गयी तथा तथा मृतका का पति व एक पुत्र बाल बाल बच गये सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बताते चले कि सोमवार बहराइच जिले के थाना विशेषरगंज के ग्राम गुलरिया पण्डितपुरवा पोस्ट शिवपुर बैरागी निवासी अवधेश मिश्रा पुत्र बाबू लाल मिश्रा अपनी 27 वर्षीय पत्नी नीलम मिश्रा 6 वर्षीय पुत्र कार्तिक मिश्रा व 7 वर्षीय पुत्र कृष्णा मिश्रा के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे कि शहावपुर चौराहा के बाईक असुंतलित होकर नीचे पटरी पर चली गयी जिसे सड़क पर चढ़ाते समय बाईक सड़क पर गिर गयी जिससे बाईक सवार रोड पर गिर पड़े इतनी ही देर मे तेज रफ्तार से आ रही आलू से लदी टैक्टर ट्राली माँ बेटे को रोंद दिया जिसमे नीलम मिश्रा एव 6 वर्षीय कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गयी तथा अवधेश मिश्रा व 7 वर्षीय कृष्णा मिश्रा आंशिक रूप से घायल हो गये। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे मे लेते हुए घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल मे भर्ती कराते हुए शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आरओ-एआरओ परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े छात्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आरओ-एआरओ परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र अड़ गए हैं। आंदोलित अभ्यर्थी किसी भी जांच और आश्वासन को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा की शुचिता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, इसलिए अब पेपर निरस्त करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है।

सरकार और आयोग अभ्यर्थियों को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है। आंदोलित अभ्यर्थियों ने सोमवार को महापंचायत बुलाई थी। आज सुबह 10 बजे से होने वाली महापंचायत के लिए बड़ी संख्या में छात्र जुटे थे। प्रशासन ने आयोग आने वाले रास्ते को चौराहे से ही बंद कर दिया और बैरिकेडिंग लगा दी। छात्रों से कहा गया कि आयोग के सामने किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन करना गैरकानूनी है। प्रदर्शन और विरोध के लिए पत्थर गिरजाघर चौराहा तय किया गया है। छात्र वहां जाकर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके बाद छात्र नारेबाजी करते हुए पत्थर गिरजाघर पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

# सरकार की चाहत, विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें देश-विदेश से आने वाले पर्यटक

## मुजफ्फरनगर में स्थित धार्मिक स्थल शुक्रतीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं सुलभ कराने के लिए 33.34 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** राज्य सरकार द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल शुक्रतीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराने के लिए 33.34 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराये जाएंगे, इसके लिए तीन योजनाएं तैयार की गयी हैं। धनराशि में से 19.91 करोड़ रुपये से गंगा घाट का उच्चीकरण तथा सौंदर्यीकरण, 6.99 करोड़ रुपये से पार्किंग का जीर्णोद्धार और 6.44 करोड़ रुपये से मुख्यमार्ग पर कलाकृतियां,



लैंडस्केपिंग सहित अन्य कार्य कराये जाएंगे।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लगभग 19.91 करोड़ रुपये की लागत से घाट का विकास और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यहां सेल्फी पॉइंट और आरती स्थल बनाया जाएगा। गंगा किनारे बैठने केलिए स्थान विकसित किया जाएगा। लोगों कीसुरक्षा के लिए चेन लगाई जाएगी। लैंडस्केपिंग सहित कई अन्य कार्य कराए जाएंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि लगभग 6.99 करोड़ रुपये से पार्किंग का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। वाहन पार्किंग में पैदल आवागमन के लिए रास्ता बनाया जाएगा। क्रैश वैरियर सहित कई और कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा 6.44 करोड़ रुपये से विजय चौक से लेकर गंगा घाट तक तीर्थ स्थल से संबंधित कलाकृतियां, लैंडस्केपिंग, म्यूरल के कार्य कराए जाएंगे। यात्री सुविधाओं के लिए साइनेज भी लगाए जाएंगे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों और पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहां से विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

इसी क्रम में पावन धाम शुक्रतीर्थ का विकास किया जा रहा है। यह वही स्थल है, जहां पहली बार शुक्रदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को वटवृक्ष के नीचे श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। यहां प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जाती है। शुक्रताल के ऐतिहासिक कार्तिक गंगा स्नान मेले में दूर-दूर से लोग आते हैं।

### सरकार दिव्यांगजनों के हितों का रख रही है ध्यान : कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को जनपद वाराणसी में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दिव्य कला समागम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करके किया। दिव्यांगजन मंत्री द्वारा दिव्य कला समागम में प्रदेश स्तर से आये हुये लगभग 40 स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा दिव्यांगजनों द्वारा हस्त निर्मित उत्कृष्ट उत्पाद व बुक स्टाल की प्रदर्शनी का अवलोकन कर दिव्यांगजनों व स्वैच्छिक संस्थाओं का हौशला आफ्जाई किया। दिव्यांगजन मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के दिव्यांगजनों को नई दिशा मिल रही है। दिव्यांगजनों की पेंशन 300 रूपये से बढ़ाकर 1000 रूपये प्रतिमाह करके उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर के लोकार्पण के बाद प्रदेश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। काशी, मथुरा एवं अयोध्या पर्यटन हब के रूप में स्थापित होते जा रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### जयंत चौधरी ने किया किसानों का अपमान : अंगारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मैं तो 1971 से चौधरी चरण सिंह के साथ रहा और करीब से उन्हें जानता हूं। यह बात कहते हुए राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि वे किसानों को नेता के रूप में विख्यात थे और पूंजीवादी व्यवस्था के सख्त खिलाफ थे। मैं तो मोदी और चौधरी चरण सिंह में जमीन और आसमान का अंतर पाता हूं, अक्श तो बहुत दूर की है। वे भाजपा के घोर विरोधी थे, मैं स्तब्ध हूं कि जयंत चौधरी ने यह बात कैसे से कह दी कि नरेंद्र मोदी में उन्हें चौधरी चरण सिंह का अक्श दिखाई देता है,यह बात तो आज तक किसी ने नहीं कही, यहां तक उनके बेटे चौ. अजीत सिंह ने भी कभी नहीं कही।श्री अंगारा ने कहा कि मैं तो सिर्फयह समझता हूं कि जयंत चौधरी ने राजनीतिक लाभ के लिए यह बात कहकर चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह के सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई और किसानों का अपमान किया है।चौधरी चरण सिंह के फ़लोवर बहुत हैं, क्योंकि वे किसानों के दिल में हैं,उन्हें कष्ट पहुंचा है।

### अभ्यर्थियों ने अपना दल एस के कार्यालय का किया घेराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 6800 शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर लखनऊ में अभ्यर्थी 600 से ज्यादा दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। इको गार्डन में धरने पर बैठे अभ्यर्थी आज सहयोगी दल अपना दल एस के कार्यालय पहुंच गए। घेराव करके जमकर नारेबाजी की। अपना दल एस के पूरे कार्यालय में प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने कब्जा जमा लिया है। मौके पर पुलिस पहुंची है, बातचीत कर रही है। अभ्यार्थियों ने कहा कि भर्ती निकले हुए लगभग 6 वर्ष होने वाले हैं। मगर अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के बाद जिन 6800 पदों पर नियुक्ति होनी थी, वो भी 2 साल से रुकी हुई है। अभ्यर्थियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया है कि हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है, मगर उसमें भी ठीक से सरकारी अधिवक्ता की ओर से पैरवी नहीं की जा रही है। अभ्यर्थी दो दिन पहले नाराज अभ्यर्थियों ने मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास और भाजपा कार्यालय का घेराव किया था। इको गार्डन में अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है।

### कंपनी मालिक ने झगड़े के बाद की महिला की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कंपनी मालिक ने कार्यालय में ही एक महिला कर्मी की हत्या कर दी। इसके बाद शव को हरदोई ले जाकर ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीडीआर खंगालने के बाद पुलिस जांच में सामने आया कि महिला और आरोपी कंपनी मालिक में अवैध संबध था। दोनों में पैसे का भी लेनदेन था। जांच की शुरुआत में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस की जांच में सच सामने आ गया। 23 फरवरी को थाना गाजीपुर में एक महिला के लापता होने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि कंपनी मालिक वर्मा ने कंपनी के अन्य कर्मियों के साथ मिलकर थाना बेनीगंज हरदोई से गोमती नदी में शव फेंक दिया था। इस दौरान बोर में बालू और मोरंग भी भर दिया था। दोनों के बीच में झगड़ा हुआ था। इसके बाद अभिनव ने गला घोंटकर महिला की हत्या कर दी।

### मायावती ने की आईएनएलडी नेता राठी की हत्या की निंदा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में आईएनएलडी के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या की भर्त्सना की है और इसे हरियाणा की बदहाल कानून व्यवस्था का परिणाम बताया है। मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया हरियाणा प्रदेश के इ.ने. लोकदल के प्रमुख श्री नफे सिंह राठी की बहादुरगढ़ में दिन-दहाड़े गोली मारकर की गयी हत्या की घटना अति-दुखद, चिन्तनीय व कानून-व्यवस्था के मामले में सरकारी का प्रतीक। सरकार घटना को गंभीरता से ले तथा दोषियों खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे। गौरतलब है कि हरियाणा के बहादुरगढ़ में रविवार को राठी गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी।

### 29 व एक मार्च को होगी सब कमेटी बैठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ.प्र. के निदेशक शिशिर ने सोमवार को बताया कि 29 फरवरी व 01 मार्च 2024 को विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी की बैठक सूचना निदेशालय लखनऊ में प्रस्तावित की गयी है। इस बैठक के समन्वय हेतु उप निदेशक (प्रेस) ललित मोहन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रेस परिषद नई दिल्ली के द्वारा विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में सूचना निदेशक द्वारा सूचना निदेशालय के सभा कक्ष में बैठक प्रस्तावित की गयी है।

### इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ जिला जेल में बंद विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। विचाराधीन कैदी राजधानी के बक्शी का तालाब क्षेत्र का निवासी है। कैदी का नाम विनोद गिरी बताया जा रहा है, जो ठगी के मामले में लखनऊ जेल मे बंद था। जानकारी के मुताबिक कैदी विनोद गिरी का लम्बे समय से मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुद्र कर दिया है।

### कुलपति ने लॉ यूनिवर्सिटी में लगी पुस्तक प्रदर्शनी किया उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मधु लिमय पुस्तकालय में आज से वार्षिक पुस्तक प्रदर्शनी-2024 का आगाज हुआ। सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह इसका उद्घाटन करने पहुंचे। 28 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भी शामिल होते हैं।

# स्वास्थ्य विभाग में इस्तेमाल होगी एआई तकनीक : उप मुख्यमंत्री

### टेली मेडिसिन सेवाओं में सुधार, गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा को लेकर एमओयू साइन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन एमओयू साइन किए गए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कानपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और फिक्की से साथ इन समझौता पत्रों को हस्ताक्षरित किया।

एनेक्सी सभागार में सोमवार को आयोजित समझौता ज्ञापन विनिमय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इन समझौता पत्रों में कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर सहमति बनी है। इनमें टेली मेडिकल सेवाओं में सुधार, एआई तकनीकी का इस्तेमाल, गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा सहित कई अन्य बिंदु शामिल हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में टेली मेडिसिन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, चिकित्सा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सॉल्यूशंस, विभिन्न कार्यक्रमों में सुधार हेतु पॉइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक्स, जन स्वास्थ्य गतिविधियों हेतु डाटा आधारित डिसीजन मेकिंग फ्रेकवर्क एवं कार्यक्रम विशेष के लिए आपसी सहयोग के साथ कार्ययोजना शामिल हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर इम्पैनल्ड निजी अल्ट्रासाउण्ड केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा उपलब्ध कराने हेतु डिजीटल इंटरफेस ई-रूपी वाउचर का प्रभावी प्रयोग शामिल है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फिक्की के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में स्मार्ट आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास, टेली कंसल्टेशन सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, रोग निदान हेतु हब एवं स्पोक मॉडल में सहयोग प्रदान करना, डीवीडीएमएस पोर्टल का प्रभावी उपयोग और समुदाय आधारित प्लेटफॉर्म को सुदृढ़ करना शामिल किया गया है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, सचिव चिकित्सा रंजन कुमार, निदेशक एनएचएम पिंकी जोवेल सहित एसबीआई, फिक्की, आईआईटी कानपुर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### मोहनलालगंज स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास

**लखनऊ।** भारत सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का सोमवार को पीएम नरेन्द्र मोदी ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया। इस मौके पर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत व नोडल अधिकारी ओम प्रकाश तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने प्रधानमंत्री के वर्चुवल संबोधन को सुना। भाजपा विधायक अमरेश रावत ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन का चयन हुआ ये क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है जिसमे 7.24 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यो को कराकर काया कल्प किया जायेगा। जिससे यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा, सौगात को ध्यान में रखते हुए स्टेशन का आधुनिकीकरण, नया स्टेशन भवन, सर्कुलेटिंग एरिया में विस्तार, उच्च यात्री सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्टेशन पर दिव्यांजनों के लिए बेहतर सुविधाएं, उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का पुनर्विकास होना है।

# अखिलेश यादव कृष्णा पटेल को भेज सकते हैं विधानपरिषद

- राज्यसभा चुनाव के बाद विधानपरिषद पर होगा फोकस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कल राज्यसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। इसके बाद राज्य में 13 विधान परिषद की सीटों के लिए चुनाव की तैयारी तेज होगी। इन सीटों पर चार मार्च से नामांकन शुरू होगा। राज्यसभा चुनाव से पहले नाराज सहयोगी दल को समाजवादी पार्टी एमएलसी चुनाव में तोहफा देकर मना सकती है। इस चुनाव में पार्टी अपने पीडीए के फॉर्मूले को ध्यान में रखकर आगे बढ़ेगी।

सपा ने एमएलसी चुनाव में अपने पीडीए के समीकरण को दुरुस्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस चुनाव में मुस्लिम, कुर्मी, गुर्जर और धोबी समाज को मौका देने पर विचार कर रही है। अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल के नाम की चर्चा ज्यादा है। राज्यसभा चुनाव में सपा द्वारा उतारे गए उम्मीदवारों पर पल्लवी पटेल ने नाराजगी जताई थी। पल्लवी पटेल ने सपा उम्मीदवारों को वोट देने से मना कर दिया था। बाद में तेवर नरम पड़े और अब स्पष्ट कर दिया है कि उनका वोट सपा प्रत्याशी को जाएगा। दूसरी ओर अब अखिलेश यादव एमएलसी चुनाव में पल्लवी पटेल की मां और अपना दल कमेरावादी की नेता कृष्णा पटेल को उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए उम्मीदवारों के नाम पर मंथन हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक फिरोजाबाद के मोहम्मद अजीम के नाम पर भी मंथन हो रहा है। सपा कृष्णा पटेल को अपने सिंबल पर विधान परिषद भेज सकती है, अगर कृष्णा पटेल इस बात पर तैयार हो गई। राज्य में विधान परिषद की 13 सीटों की लिए 21 मार्च को मतदान होगा।संख्या बल के लिहाज से सपा 3 सीटें जीत सकती है।




**पूर्व डिप्टी सीएम डॉक्टर दिनेश शर्मा ने खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, चौक में सभागार कक्ष उद्घाटन किया व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए।**

### विक्रय की गई जमीन को दोबारा बेचने वाले जालसाज पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गौतमबुद्ध मार्ग निवासी असित कपूर ने बताया विपक्षी रामविनय सिंह निवासी शेरपुर लवल थाना निगोहां से उसकी आठ बिस्वा कृषि योग्य भूमि 15 लाख में विक्रय की थी ओर बाकी बची आठ बिस्वा जमीन भी खरीदने के लिये ढाई लाख रूपये बयाने के तौर पर नगद दिये थे। कई बार कहने के बाद भी किसान रामविनय सिंह ने विक्रय की गयी भूमि पर कब्जा नही दिया। जिसके बाद पीड़ित ने तहसील पहुंचकर खरीदी गयी जमीन के दाखिल खारिज के लिये प्रार्थना पत्र दिया तो पता चला उसके नाम कोई जमीन ही नही है ओर विपक्षी राम विनय सिंह द्वारा जालसाजी व धोखाधड़ी करते हुये उसे बेची गयी भूमि को दूसरे को बैनामा कर दिया। जिसके बाद उनके पैरो तले से जमीन खिसक गयी। पीड़ित ने बताया जब जालसाज से अपने पैसे वापस मांगे तो जान से मारने व झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने पूरे मामले की लखघ्नऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था उपेन्द्र अग्रवाल से उनके कार्यालय में मिलकर लिखित शिकायत करते हुये जालसाज के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये निगोहां पुलिस को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें। जांच में मामला सही पाये जाने पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के आदेश पर निगोहां पुलिस ने जालसाज रामविनय सिंह के विरूद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# अकबरनगर में चला एलडीए का बुलडोजर

- पूरी कार्रवाई की ड्रोन से की जा रही निगरानी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अकबरनगर बस्ती में सोमवार दोपहर में बुलडोजर चला। ये कार्रवाई एलडीए के आदेश पर हो रही है। एलडीए समेत जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम मौके पर मौजूद है। इस समय 5 बुलडोजर मकानों को ध्वस्त करने में जुटे हुए हैं। कार्रवाई की शुरुआत सबसे पहले झोपड़-पट्टियों से की गई। पक्की झुग्गियों को पोकलेन से गिराया गया। उसके बाद बुलडोजर से मकानों का गिराने का काम शुरू हुआ। मकान तोड़ते देख महिलाएं और बच्चे रोने लगे। लोग अपने घरों से सामान लेकर इधर-उधर भागने लगे। मौके पर भारी फोर्स तैनात की गई है। पूरी कार्रवाई की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। दरअसल, कुकरैल नदी को छोटे रिवर फ्रंट के तौर पर विकसित किया जाना है। इसलिए ये कार्रवाई की जा रही है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया, 78 मलिन बस्तियों को आज हटाया जाएगा। अकबरनगर द्वितीय में बंधे के किनारे बनी झोपड़-पट्टियों में रहने वाले लोगों को वसंत कुंज योजना में बनी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जा रहा है। फिलहाल 5000 रुपए लेकर इनको वहां पर आवास दिया जा रहा है। फिर इनसे एलडीए किस्तों में पैसा जमा करवाएगा। सोमवार सुबह 42 लोगों को मकान अलॉट किया गया। बुलडोजर से शकुंतला का मकान भी गिराया गया है। उन्होंने ने रोते हुए कहा, हमारा परिवार 50 साल से यहां पर रह रहा था। प्रशासन को पहले हमें कही शिफ्ट कर देना चाहिए था उसके बाद मकान तोड़ते तो बात समझ में आती। अब हम कहीं जा भी नहीं सकते। पूरी रात यहीं पड़े रहेंगे।

### पहले भी गिराए जा चुके हैं 1000 मकान

पहले भी 1000 के करीब घर-दुकान गिराए जा चुके हैं। इसके खिलाफलोग कोर्ट गए थे। लेकिन, 277 लोग ऐसे हैं जो कोर्ट नहीं गए। पिछले दिनों हाईकोर्ट की तरफ से यह निर्देश दिया गया था कि जिनके मामले कोर्ट में नहीं हैं, अगर उनके निर्माण अवैध हैं तो प्रशासन अपने नियम के अनुसार कार्रवाई कर सकता है। ऐसे ही 277 घर-दुकान को एलडीए ने चिह्नित किया है, जिन्होंने कोर्ट में कोई आपत्ति नहीं दाखिल की है। 277 लोगों के घर-दुकान गिराए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रैफिक रूट भी बदल दिए हैं। ट्रैफिक पुलिस की मदद से ट्रैफिक डायवर्जन भी संबंधित इलाकों में सुबह ही कर दिया गया है। कुकरैल नदी को छोटे रिवर फ्रंट के तौर पर विकसित किया जाना है।

### क्या कहता है प्रशासन

प्रशासन का कहना है कि कुकरैल नदी के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। इसलिए अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। सौंदर्यीकरण के लिए शासन से अभी कितना बजट मिलना है यह तय नहीं हुआ है। पूरा नक्शा और प्रोजेक्ट डीपीआर बनने के बाद ही तय होगा।

**शुरुआत** — 18 मंडलों के किसान कर सकेंगे आवेदन, छह-छह मंडलों के किसानों को करना होगा ऑनलाइन आवेदन

# अनुदान पर 54 हजार किसानों को सोलर पंप देगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पीएम कुसुम योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश के 54 हजार से अधिक किसानों को डबल इंजन की सरकार की तरफ से सोलर पंप उपलब्ध कराया जाएगा। यूपी के सभी 18 मंडलों के किसानों को इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

27 से 29 फरवरी के मध्य छह-छह मंडलों के किसानों की तरफ से आवेदन प्रारंभ किया जाएगा। 9 प्रकार के सोलर पंपों पर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अनुदान का लाभ पाकर किसान इसे खरीद सकते हैं। योजना का लाभ उठाने वाले किसानों का विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण



अनिवार्य है। सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग के लिए www.agriculture.up.gov.in पर अनुदान पर सोलर पंप हेतु बुकिंग लिंक पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके साथ ही किसानों को पांच हजार रुपये टोकन मनी भी ऑनलाइन जमा करना होगा। वर्ष 2024-25 के लिए पीएम कुसुम योजनान्तर्गत किसान 27 फरवरी से निरंतर आवेदन कर सकते हैं। तीन अलग-अलग दिनों से किसान आवेदन प्रारंभ कर सकते हैं। 27 फऱवरी से चित्रकूट धाम, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, बरेली व कानपुर मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के किसान दोपहर 12 बजे से निरंतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### नौ प्रकार के सोलर पंपों पर किसानों को मिलेगा अनुदान

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उप्र के 54 हजार किसानों को डबल इंजन की सरकार नौ प्रकार के सोलर पंपों पर अनुदान देगी। दो एचपी डीसी व एसी सरफेस पंप का मूल्य 1,71,716 रुपये हैं। राज्य सरकार इस पर 59,291 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,03,030 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 63,686 रुपये देना होगा। दो एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप का मूल्य 1,74,541 रुपये है। राज्य सरकार इस पर 60,986 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,04,725 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 64,816 रुपये देना होगा। दो एचपी एसी सबमर्सिबल पंप का मूल्य 1,74,073 रुपये है। राज्य सरकार इस पर 60,705 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,04,444 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 64,629 रुपये देना होगा।

### तीन से 10 एचपी के सबमर्सिबल पंप पर भी मिलेगा अनुदान

डबल इंजन सरकार की ओर से तीन से 10 एचपी सबमर्सिबल पंप पर भी किसानों को अनुदान दिया जाएगा। तीन एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर योगी सरकार 82,476 व केंद्र सरकार 57,157 रुपये अनुदान देगी। किसानों को कुल 1,39, 633 रुपये का अनुदान मिलेगा। तीन एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर योगी सरकार 81,110 व केंद्र सरकार 57,157 रुपये अनुदान देगी। किसानों को इस पर कुल 1,38,267 रुपए का अनुदान मिलेगा। पांच एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर राज्य सरकार 1,08,449 व केंद्र सरकार 88050 रुपये का अनुदान मिलेगा।

### आवासीय प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अपराधी की जब्त होगी संपत्ति

**लखनऊ।** हजरतगंज थाना पुलिस को गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी की 18 करोड़ 70 लाख रुपये की सम्पत्ति जब्त करने का आदेश मिला है। लखनऊ पुलिस आयुक्त न्यायालय ने सोमवार को हजरतगंज थाना पुलिस को गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी परेश रस्तोगी की सम्पति को कुर्क करने का आदेश पारित किया है। परेश ने पिछले कई वर्षों से आवासीय, कॉमर्शियल बिल्डिंग बनाकर देने के नाम पर लोगों के करोड़ों रुपये ठग लिए। जब लोगों ने उससे अपना पैसा मांगना शुरू किया तो उसने दबंगई के जरिए उनकी आवाज को दबा दी। उसके खिलाफ 2017 में लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि परेश ने गिरोह बनाकर गैंग की मदद से आर्थिक और भौतिक लाभ लिया। करोड़ों की सम्पत्ति अपने दादा, पत्नी, मामा, चचेरे भाई के पिता, भाई की पत्नी के नाम कर रखी है।

# आचार संहिता लगने से पहले हो पेंशन बढ़ोतरी की घोषणा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति और अपट्रान वीआरएस कर्मचारी कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में पेंशनरों की सभा टिकैतराय तालाब राजाजीपुरम में संपन्न हुई।

सभा में पेंशन आंदोलन में अपट्रान कर्मियों की अहम भागीदारी की सराहना करते हुए कहा गया है कि मोदी सरकार को मानवीय आधार पर न्यूनतम पेंशन 7500 रुपए महीना, महंगाई भत्ता और फ्री मेडिकल सुविधा की घोषणा चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व तत्काल कर देनी चाहिए। सभा में राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने पिछले दिनों दिल्ली में अनशन के बाद सांसद हेमा मालिनी की पहल पर श्रम मंत्रालय, ईपीएफओ और एनएसी के वरिष्ठ पदाधिकारी की मीटिंग का पूरा ब्यौरा दिया । जिसमें पेंशन बढ़ोतरी के प्रस्तावों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श हुआ था और पेंशनरों को फ्लिहाल अंतरिम राहत देने के संकेत मिले थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी ने कहा कि दिल्ली में जो कार्रवाई चल रही है उससे उम्मीद है कि जल्दी पेंशन बढ़ोतरी की घोषणा हो जानी चाहिए।सभा में अपट्रान कल्याण समिति की महिलाएं एवं पुरुष पेंशनर बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा को एनएसी के प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, संगठन मंत्री राजेश द्विवेदी, मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे,अचल मेहता, वि पी सिंह, मुकेश भटनागर, गीता वर्मा सुनीता सोनकर, अखिलेश दयालआदि अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

# खोरहंसा चौकी अंतर्गत जमीन पर फल-फूल रहा कसीनो

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

खोरहंसा चौकी क्षेत्र जुआरियों का अड्डा बन गया है। यहां प्रतिदिन जुए में लाखों रूपये का वारा-न्यारा होता है। ऐसा भी नहीं है कि इलाकाई पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है, बल्कि वह सब कुछ जानते हुए भी जुआरियों और दलालों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है। क्षेत्र में जुआ खेलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

कोतवाली देहात की खोरहंसा चौकी क्षेत्र जुआ के लिए बदनाम है। सूत्र बताते हैं कि खोरहंसा कस्बे के पक्कवा के साथ ही चंदिया, फिरोजपुर, गुलाम रसूल स्कूल के बगल, काजी तरहर के डड़वा सहित

- रोज होता है लाखों रुपए का वारा न्यारा

अन्य कई स्थानों पर जुए के फड़ चलते हैं। तत्कालीन चौकी प्रभारी केके सिंघम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करके जुआरियों और जुआ के फड़ों को संचालित कराने वाले दलालों की कमर तोड़ दी थी, लेकिन उनके तबादले के बाद खोरहंसा और आस-पास के इलाके में जुए के फड़ फिर गुलजार हो गये।

क्षेत्र में चल रहे जुए के फड़ों की शिकायत पर गत माह तत्कालीन चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल ने चार जुआरियों को पकड़कर उनके पास से रूपये और ताश के पत्ते बरामद करते हुए कार्रवाई की थी, जिसके बाद इलाके में जुए का धंधा



बंद हो गया था लेकिन पटेल के तबादले के बाद क्षेत्र में फिर जुआरी और दलाल सक्रिय हो गए हैं। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि कुछ दलाल जुआरियों से फड़ चलाने के लिए मोटी रकम भी वसूलते हैं। इतना ही नहीं, जुआरियों को रूपये भी देते हैं जिसके बदले में मोटी रकम लेते हैं जो पहले से ही तय होती है। इलाके में प्रतिदिन सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक जुआ खेलने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके अलावा रात में भी जुआरियों की महफिल सजती है, जहां जुआ खेलाने वाले भी मौजूद रहते हैं और जरूरत पड़ने पर जुआरियों को रूपये देते हैं।

जानकारों के अनुसार, प्रतिदिन जुआ के खेल में यहां लाखों का वारा-न्यारा होता है। इस क्षेत्र के कई लोग जुए के धंधे में बर्बाद भी हो चुके हैं। कई परिवार का घर व जमीन तक बिक चुकी है, तो कभी-कभी जुआ के कारण कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल पाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जुआरी ऐसे हैं, जिनकी शादी हाल ही में हुई है। ऐसे लोग पैसे की व्यवस्था नहीं होने पर बीवी का जेवर बंधक रखकर जुआ खेलने आते हैं। हारने के बाद उनके घर में अशांति का माहौल बना रहता है।

इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस को कई बार सूचना दी गयी, लेकिन पुलिस चुप्पी साधे बैठी रहती है। नयी पीढ़ी के युवाओं पर इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। खोरहंसा क्षेत्र में जुआ खेलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, दैनिक अवधनामा वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# बीरबल साहनी विज्ञान क्लब सोनबरसा के बच्चों ने लैंड माइंस, स्टेथोस्कोप व साउंड सिस्टम बनाया

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज़ाराम में गठित बीरबल साहनी विज्ञान क्लब सोनबरसा के बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ के तहत लैंड माइंस स्टेथोस्कोप व साउंड सिस्टम निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र विशाल वर्मा, दूधनाथ, शिवम् विश्वकर्मा व दीपक ने मिलकर साउंड सिस्टम का निर्माण किया। स्टेथोस्कोप का निर्माण छात्र दीपक प्रजापति, अमन कुमार, सूरज यादव ने पाइप, गुब्बारा, कीप आदि की मदद से किया। खास बात यह रही कि यह सिस्टम वास्तव में कार्य कर रहा था। एक बच्चे को दौड़ाया गया व बाल वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित स्टेथोस्कोप कान में लगाने पर धक्क धक्क की आवाज साफ साफ सुनाई दे रही थी। इसके साथ ही बच्चों ने स्वानिर्मित लैंड माइंस का प्रयोग करके दिखाया। छात्र शिवम् विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, विनोद, अजीत, विशाल, अंकित मौर्य आदि ने डीसीएम, ट्रक आदि का निर्माण उसे बैटरी द्वारा चला कर दिखाया। कल्प समन्वयक बलजीत सिंह कनौजिया ने बताया कि इन बच्चों को प्रतिदिन कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस अवसर पर शिक्षक शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, अमर ज्योति, पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा आदि ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।


# स्कूल के वार्षिकोत्सव आरंगम 2024 में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जानकीनगर स्थित गोंडा सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिक उत्सव आरंगम 2024 का कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि डॉ अनीता मिश्रा ने किया।फिर विद्यालय के संस्थापक पूज्य स्व.पी.पी.जोशी एवं पूज्यनीया स्व.मंजू लता जोशी की मूर्ति की स्थापना और अनावरण का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के सह प्रबंधक माया शंकर जोशी ने किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि परियोजना निदेशक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सैयद राशिद इकबाल, स्कूल के प्रबंधक शाश्वत जोशी, स्कूल के अध्यक्ष और झंझरी ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा, एसपी पाठक, केपी यादव, अशोक मिश्रा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, रामेश्वरम पांडे, भाजपा नेता आशीष त्रिपाठी, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, गोन्डा लोकसभा सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के अलावा स्कूल के छात्र - छात्राएं एवं अभिभावकगण सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# घर बनाने का पांच लाख में लिया ठेका 18 माह बीतने के बाद भी निर्माण अधूरा



**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

माधवपुर चौकी अंतर्गत माधवपुर गांव के पूर्व प्रधान फूलचंद्र ने स्थानीय पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कहा है कि वह अपना घर बनवाने के लिए गौरिया गांव के ठेकेदार तिलक राम यादव को माह नवंबर 2022 में पांच लाख रूपए पर ठेका दिए थे।

ठेकेदार के मुताबिक छह माह के अंदर उसने घर का निर्माण कार्य पूरा करने को कहा था, लेकिन 18 माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। पूर्व प्रधान ने बताया कि बीमारी के चलते वह निर्माण कार्य की निगरानी नहीं कर पाए हैं।

ठेकेदार के द्वारा बनवाई गई दीवार हिल रही है और हल्के ठोकर से कभी भी धाराशाई हो सकती है। शिकायत करने व पैसा वापस मांगने पर ठेकेदार ने पूर्व प्रधान को भद्दी-भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को निपटाया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना के दो अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज / गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हुए सड़क दुर्घटना के दो अलग अलग मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अमरनाथ निवासी बड़ा गांव थाना विशेश्वरगंज ने कर्नलगंज कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि 15 फरवरी को उनका लड़का बबलू ट्रैक्टर ट्राली पर करीब 40 श्रद्धालुओं के साथ कोटवा धाम दर्शन के लिए जा रहा था। जहांगीरवा रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली साइड में खड़ा कर दिया। पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी। जिसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए। दो लोगों के पैर टूट गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी घटना में चीनी मिल से गन्ना बेचकर वापस हो रहे किसान की दुर्घटना में मौत हो जाने के मामले में किसान के पुत्र ने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कराया है।



## अच्छी सोच फाउंडेशन के अध्यक्ष को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने किया सम्मानित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेशानुसार गोण्डा टाउन हॉल में एनजीओ सम्मेलन के कार्यक्रम में अच्छी सोच फाउंडेशन द्वारा कराए जा रहे उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने संस्था के अध्यक्ष नजीर मोहम्मद को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एनजीओ सम्मेलन करने के निर्देश पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के कई स्वयंसेवी संस्थाओं को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बहुत ही कम समय में चर्चा में आई सामाजिक संस्था अच्छी सोच फाउंडेशन के अध्यक्ष नजीर मोहम्मद के साथ ही महबूब अहमद आदि को सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। इस पर खुशी जताते हुए नजीर मोहम्मद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सम्मानित किए जाने से हौंसला अफजाई हुई है। इससे सामाजिक कार्यों को करने में बल मिलेगा।

# बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



- उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुई आशा व आशा संगिनी
- थारू जनजाति के कलाकरों व छात्र-छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा
- सरिता यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया कत्थक नृत्य
- आयुक्त देवीपाटन ने प्रदर्शनी पण्डाल का किया अवलोकन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा रामेश्वर मिश्र ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरवं रंजन श्रीवास्वत, मुख्य राजस्व अधिकारी दीपेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया व अन्य अधिकारियों के साथ गेद घर मैदान पहुंचकर बहराइच महोत्सव में विभिन्न विभागों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।

बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन गेंदघर मैदान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किये गये आशा सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा व आशा संगिनियों, बीसीपीएम को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व पुरस्कार धनराशि का डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विकास खण्ड फखरपुर के बीसीपीएम, 03 आशा संगिनी तथा प्रत्येक ब्लाक से तीन-तीन आशा को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः पांच, दो व एक हज़ार, आशा संगिनी को क्रमशः पांच, तीन व दो हज़ार तथा बीसीपीएम को रू. पांच हज़ार का पुरस्कार प्रदान किया गया। बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटक तथा जनपद पीलीभीत से आये हुए जनजातीय कलाकारों, सरिता यादव द्वारा प्रस्तुत कत्थक नृत्य की प्रस्तुति का दर्शकों ने खूब आनन्द उठाया। जबकि स्थानीय कवियों द्वारा श्रृंगार रस में डूबी हुई रचनाओं तथा मेंहदी प्रतियोगिता ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन की शाम को जसवीर सिंह के बाबरा बैण्ड, सुश्री लया सक्सेना द्वारा फूलों की होली, गोपाल तिवारी द्वारा बॉलीवुड गायन साथ-साथ ब्लाक बस्टर कार्यक्रम काव्य संध्या में बड़ी तादाद में दर्शक पहुंचने की उम्मीद है। कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों पद्मश्री सुनील जोगी, अरूण जैमनी, प्रताप फौजदार, शम्भू शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, सुश्री मर्णिका दूबे, विकास बौखल एवं गजेन्द्र प्रियांशु सहित अन्य कवियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

# शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुआ नमो युवा चौपाल कार्यक्रम

- नमो युवा चौपाल के माध्यम से 20 लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य : बृजेश पाण्डेय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सभी जनपदों में 25 फरवरी से 2 मार्च के बीच नमो युवा चौपाल अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत भाजयुमो बहराइच द्वारा भी इसका शुभारंभ किया गया। सभी 33 मंडल में नमो युवा चौपाल कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर चलाए गए। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में जिले के बक्शीपुरा चांदमारी इंदिरा स्टेडियम व अन्य विभिन्न स्थानों पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर युवा चौपाल के माध्यम से युवाओं से संवाद स्थापित किया। बृजेश पाण्डेय ने बताया कि भाजयुमो द्वारा उत्तर प्रदेश की लगभग 35000 ग्राम सभाओं व 10000 वार्डों में युवा चौपाल आयोजित की जानी है जिसमें लगभग 20 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि युवा चौपाल के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़कर सरकार द्वारा 10 वर्ष में किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी जनता के बीच में ले जानी है। बृजेश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और युवा मोर्चा उसका मुख्य फ्रंटल संगठन है हर बार की तरह 2024 लोकसभा चुनाव की अहम जिम्मेदारी भी युवा मोर्चा के कंधों पर है अतः अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़कर एक बार फिर से 2024 में केंद्र में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार निश्चित रूप से बनानी है।इस अवसर पर जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, नगर अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा, कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवांकर शुक्ला, युवा मोर्चा महामंत्री अरुणेंद्र सिंह अंकित, अखिलेश यादव गोले आदि लोग उपस्थित रहे।

# आधुनिकता की चकाचौंध में अब नहीं दिखते डोली और म्याना



- ग्रामीण क्षेत्रों में भी लक्जरी वाहन से जाते हैं बाराती
- गांवों में सड़ रहे डोली और म्याना

**राहुल सोनी।**

बहराइच समृद्धि न्यूज जिले में सहालग खत्म होने के कगार पर है, कहीं भी अब पुराने जमाने में चल रहे डोली म्याना दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। समय की नजाकत को समझिए कि आज के 30 वर्ष पहले भारत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जब सहालग शुरू में होता था तो डोली म्याना और कहार वालों की चांदी हो जाती थी। सहालग के दौरान अच्छी खासी कमाई भी होती थी। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में डोली म्याना और कहार कहां चले गए कोई पता नहीं।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दशकों पहले डोली और म्याना से बारात जाने पर लोगों को देखने के लिए उत्सुकता होती थी। लेकिन अब यह सभी धीरे धीरे इतिहास बनकर रह गए हैं। कहने की बात यह है कि, जब डोली म्याना में सज कर दूल्हा बारात लेकर अपने ससुराल पहुंचता था तो बड़े भव्य तरीके से स्वागत किया जाता था और बैलगाड़ी में सवार होकर बाराती भी जाते थे। सहालग शुरू होने के पहले ही कहार जो डोली म्याना लेकर चलते थे। वह अपनी डोली म्याना को दुल्हन की तरह सजाने का काम शुरू कर देते थे, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी डोली म्याना से न हो।

### हो रहा अधिक खर्च

आधुनिकता की चकाचौंध में लोग लग्जरी वाहनों का प्रयोग कर समय तो बचा रहे हैं। लेकिन उन्हें खर्च अधिक उठाना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को अपनी परंपरा को जीवंत बनाए रखने की जरूरत है।

### कहारों ने चुन लिया दूसरा व्यवसाय

डोली और म्याना से दुल्हन को लाने और ले जाने का काम पहले कहार करते थे। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में जैसे ही डोली और म्याना सड़ने लगे। वैसे ही कहार समुदाय के लोगों ने दूसरा काम पकड़ लिया। अब सभी मिट्टी के बर्तन बनाने में लगे हुए हैं।

लड़की की विदाई भी पहले के जमाने में डोली म्याना में ही होती थी, और कहार डोली म्याना लेकर लड़की के ससुराल पहुंच जाते थे। जहां पर लड़की के ससुराल वालों के द्वारा डोली म्याना का पूजन किया जाता था, तथा डोली से उतारने के दौरान दुल्हन का नेग भी लिया जाता था। लेकिन आज के आधुनिक समाज ने इन सब चीजों को गायब कर दिया, अब डोली म्याना की जगह नई-नई चमचमाती लग्जरीज गाड़ियों ने स्थान ले लिया। जिसमें अब भारी भरकम का खर्चा भी आता है और अनेकों प्रकार की दुर्घटनाएं भी होनी शुरू हो गई। पता नहीं कितने लोग अचानक काल के गाल में समा गए। ऐसे में डोली और म्याना की बारात और दुल्हन की विदाई अब इतिहास बन गई है।

# भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ शक्ति वंदन एवं एनजीओ सम्मेलन कार्यक्रम

- पीएम के संबोधन से महिला किसान को मिला संबल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को उनकी जिम्मेदारी के बारे में अवगत कराया गया। जैविक खेती करने वाली महिला को सभी ने प्रधानमंत्री द्वारा नाम लेने पर बधाई दी।भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को शक्ति वंदन एवं एनजीओ सम्मेलन कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अक्षयबर लाल गोंड और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शमंजू सिंह, क्षेत्रीय मंत्री व जिला प्रवासी कप्तान विकास सिंह रहे। बहराइच एवं श्रावस्ती की एमएलसी एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने संबोधन किया। अभियान के संयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका रावत एवं सहसंयोजिका रीति मुरारी रही। इस कार्यक्रम में लगभग 200 की संख्या एनजीओ प्रमुख बहने हर विधानसभा से उपस्थित रही। उपस्थित महिलाओं को पीएम मोदी और मुख्यमंत्री के योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में किसान रामप्यारी भी उपस्थित रहीं। जिन्हें देश के प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इनके जैविक खेती कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि मन के बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा नाम लेना गर्व महसूस करने के साथ सौभाग्य की बात है।कार्यक्रम में महिला मोर्चा की महामंत्री उर्मिला शुक्ला, संतोष पाण्डेय, मोहिनी सोनी, पूनम अग्रवाल, अभिलाषा दूबे, मंजुला पाठक सहित नगर की समस्त बहनें एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सांड के हमले में महिला की मौत खेत जाते समय हुआ हादसा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के माधवपुरवा गांव निवासी एक महिला पर सोमवार सुबह सांड ने हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर महिला के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के मजरा माधवपुरवा निवासी राम दुलारी (53) पत्नी शोभाराम सोमवार दोपहर में अपने घर के बगल में खेत को गई थी। तभी अचानक छुट्टा सांड ने हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। पति शोभाराम व गांव के प्रधान कृष्ण कुमार पांडेय ने आनन-फानन में महिला को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली नगर की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अवगत हो कि जिले में भले ही छुट्टा पशुओं से निजात दिलाए जाने की प्रक्रिया चल रही हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में फसल के साथ-साथ अब लोगों की जान भी जाने लगी है। आज दिन अलग-अलग क्षेत्र से घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन इन पर कोई ठोस कम प्रशासन के द्वारा नहीं उठाए जा रहे है। जिससे यह क्रम लगातार जारी है।

# मकान से नकदी और जेवरात चोरी करने का आरोप

- पीड़ित ने कोतवाली में दो लोगों को नामजद करते हुए दी तहरीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के चंदेला कला गांव निवासी एक ग्रामीण परिवार समेत विद्यालय के एक हिस्से में रहता है। रविवार रात को उसके मकान में चोरी हो गई।

पीड़ित ने दो लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत चंदेला कला गांव में कामेश्वरनाथ सर्वोदय ज्ञान मंदिर का संचालन होता है। इस विद्यालय के एक कमरे में संजय शर्मा पुत्र कामेश्वर नाथ शर्मा परिवार समेत रहते हैं। कोतवाली में तहरीर देकर संजय का कहना है कि देर रात को अनिल कुमार और सकटू द्वारा उसके मकान में लगे दरवाजा को तोड़ दिया गया। इसके बाद अलमारी में रखा 25 हजार रुपए नकदी, चांदी का पायल, एक तोला वजन का सोने माला, एक झुमकी चोरी की। संजय ने बताया कि अनिल ने दो दिन पूर्व स्कूल के बच्चे से सामान रखने का स्थान भी पूछा था। तहरीर पर पुलिस ने जांच की। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि नामजद लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

- किसानों के प्रदर्शन के चलते पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



किसान नेता राकेश टिकैत के आह्वान पर सोमवार को मोतीपुर और नानपारा तहसील क्षेत्र के किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर प्रदर्शन किया।

किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। दिल्ली में किसान एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। इसको लेकर किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा प्रदर्शन को गांव से लेकर शहरों तक पहुंचाया जा रहा है। किसान नेता राकेश टिकैत के आह्वान पर सोमवार को जिले के नानपारा और मोतीपुर तहसील के किसानों द्वारा ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। बहराइच नानपारा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से नानपारा टोल प्लाजा पर टैक्टर मार्च निकाला गया। नानपारा तहसील अध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह की अगुवाई में सैकड़ो टैक्टर के साथ निकाला गया। जिसमे शिवपुर ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द वर्मा, बलहा ब्लाक अध्यक्ष राम बनारस, जिला उपाध्यक्ष बजरंगी लाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

मोतीपुर तहसील में जितेंद्र सिंह की अगुवाई में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। मार्च गुलालपुरवा गांव में स्थित मैदान में पुलिस द्वारा रोक दिया गया है। किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस की काफी सुरक्षा व्यवस्था रही। जगह जगह पुलिस तैनात रही।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के किसानों ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया इस दौरान किसानों ने उपजिलाधिकारी को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौपा। दिल्ली बार्डर पर किसानों के प्रदर्शन को रोकने के लिए सरकार के द्वारा हाईवे पर अवरोध उत्पन्न करने के विरोध में मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के किसानों ने नैनिहा गुरुद्वारा से ट्रैक्टर रैली निकालकर तहसील मुख्यालय पर एकत्र होकर उपजिलाधिकारी संजय कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव मलकीत सिंह चीमा ने बताया कि दिल्ली बार्डर पर किसानों के प्रदर्शन को रोकने के लिए सरकार ने जो अवरोध उत्पन्न किया है। उसी के विरोध में तथा विश्व व्यापार संगठन से कृषि उत्पादकों को बाहर करना, न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिलाना,किसानों पर हो रहे अत्याचार दमनकारी नीति पर रोक,संपूर्ण किसानों का कुल कर्ज माफ किया जाए। किसानों का गन्ना भुगतान खासकर बजाज मिलो का भुगतान कराया जाए एवं स्थानीय स्तर पर आवारा पशुओं तथा बिजली की समस्याओं का निदान किया जाए। किसानों के प्रदर्शन के दौरान मोतीपुर थानाध्यक्ष दद्न सिंह सहित मोतीपुर पुलिस टीम शांति व्यवस्था की दृष्टिगत पूरे समय दलबल के साथ तैनात रही । विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश महासचिव मलकीत सिंह चीमा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरुवन्त सिंह, अवतार सिंह,अनूप सिंह, बलदेव सिंह,पालू सिंह,जरस्सा सिंह,दिलबाग सिंह, जितेन्द्र सिंह,बाबा मंजीत सिंह, गुरबचन सिंह,सरदार कैप्टन सिंह सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

## विकास के स्थायी लक्ष्य

ऐसे वक्त में जब आम चुनाव सिर पर हैं और उसके कुछ माह बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव अपेक्षित हैं, हरियाणा का बजट लोकलुभावना होना स्वाभाविक ही था। अपने दूसरे कार्यकाल के इस अंतिम बजट में मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्रालय का भी दायित्व निभाने वाले मनोहर लाल ने हर वर्ग को राहत देने का प्रयास ही किया है। नये कर नहीं लगाए गए और राहत की घोषणाओं का पिटारा खोला गया। जिन वर्गों को प्राथमिकता के रूप में देखा गया, उन्हें खास राहत देने की कोशिश हुई। फसली ऋण पर ब्याज-जुर्माना माफ करने की घोषणा की गई। राज्य के हर नागरिक को स्वास्थ्य कवच के रूप में बीमा देने का वादा किया गया। शहीदों के परिजनों को एक करोड़ की मदद देना उनके बलिदान का सम्मान देने का सार्थक प्रयास है। निस्संदेह, बजट में उन वर्गों को तरजीह दी गई है जो डबल इंजन सरकारों की प्राथमिकता रहे हैं। समाज में जिन चार जातियों को नरेंद्र मोदी अपनी प्राथमिकता बताते हैं यानी किसान, युवा, महिला और वंचित समाज, वे ही राज्य सरकार के बजट में अहम रहे हैं। निस्संदेह, किसी भी लाभकारी योजना या घोषणा के साथ कई तरह के किंतु-परंतु भी होते हैं और उनके क्रियान्वयन से जुड़ी कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें भी होती हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार अपने लक्ष्यों को लेकर प्रतिबद्धता जता रही है। जिसके लिये राज्य सरकार ने विकास योजनाओं का एक खाका भी खींचा है। उसके माइक्रो लेवल पर प्रबंधन की कोशिश भी हुई है।निस्संदेह, आम चुनाव के खुमार की तरफबढ़ते देश में केंद्र व राज्य सरकारों का बजटीय मकसद लक्षित जनसमूहों को प्रभावित करना ही होता है। हालांकि, आम मतदाता के मन में बजट को लेकर यही प्रश्न होता है कि उसकी जेब किस हद तक प्रभावित होगी। यही वजह है कि सरकारें ऐसे मौके पर नये करों से परहेज करके उज्ज्वल अर्थव्यवस्था के लक्ष्यों की तस्वीर उकेरने का प्रयास करती हैं। विभिन्न वर्गों को राहत देने की घोषणा इसी मकसद से बजट में की गई है ताकि चुनावी वैतरणी पार करने में यह मददगार साबित हो। बजट में बेरोजगारी की समस्या को संबोधित करते हुए कौशल विकास को राज्य सरकार ने प्राथमिकता बताया है। जिसके लिये स्टार्टअप फंड सार्थक परिणाम दे सकता है। बेहतर होता कि सरकार राज्य में उद्योग व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये अतिरिक्त प्रयास करती। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता भी बजट में दी गई है, जिसके लिये होलिस्टिक हेल्थ को भी महत्व दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में आयुर्वेद व योग को भी तरजीह दी गई है। जिसमें केंद्र की आयुष्मान भारत के साथ राज्य की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना को भी महत्व दिया गया है। निस्संदेह, ये योजना कमजोर वर्गों के लिये राहतकारी है,क्योंकि वे कम अंशदान से अधिक लाभ गंभीर रोगों के उपचार में उठा सकते हैं। बहरहाल, किसी भी राज्य सरकार को प्रदेश में स्थायी विकास को अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए, जिसके चलते राज्य में स्थायी समृद्धि का मार्ग सुनिश्चित हो।

# वि-उपनिवेशीकरण नहीं हैं मोदी की मंदिर यात्राएं

राम पुनियानी



**इस सिलसिले में पश्चिम एशिया के मुस्लिम ब्रदरहुड का उदाहरण प्रासंगिक है। वह भी प्रजातान्त्रिक मूल्यों और संस्कृति को पश्चिमी बताता है और इस्लाम के नाम पर सामाजिक असमानता और अधिनायकवादी नियम लादना चाहता है। भारत में भी हिन्दू दक्षिणपंथ समानता का विरोधी है और उसे पश्चिम से आयातित संकल्पना बताता है। भारतीय संविधान में निहित मूल्यों के विरोध को औपनिवेशिक संस्कृति के विरोध का जामा पहनाया जाता है और यह कहा जाता है कि इससे भारतीय संस्कृति गौरवान्वित होती है। दरअसल, जिसे औपनिवेशिक संस्कृति का विरोध कहा जाता है वह न्याय और बंधुत्व पर आधारित संस्कृति का विरोध है। जाति और लिंग से ऊपर उठकर सभी के लिए न्याय, उभरते हुए भारतीय प्रजातंत्र का लक्ष्य रहा है. इस प्रजातंत्र में बहुवाद और विविधता के लिए जगह है।**

हाल (22 जनवरी 2024) में अयोध्या के राममंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अत्यंत भव्य समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही देश के अन्य हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत, में धार्मिकता के सामूहिक प्रदर्शन हुए। इस अवसर पर हमने देखा कि राजनैतिक सत्ता और धार्मिक सत्ता दोनों मानों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में केन्द्रित हो गई। अयोध्या के बाद मोदी ने अबू धाबी में एक बड़े मंदिर (श्री स्वामीनारायण) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भी जमकर जश्न मनाया गया और इसका खूब प्रचार-प्रसार हुआ। और अभी कुछ दिन पहले मोदी ने उत्तर प्रदेश में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया। मंदिरों से जुड़े इन उत्सवों की श्रृंखला से प्रभावित कई दक्षिणपंथी चिन्तक दावा कर रहे हैं कि मोदी पहले ऐसे राजनेता हैं जो किसी उत्तर-औपनिवेशिक समाज की संस्कृति का वि-उपनिवेशीकरण कर रहे हैं। उपनिवेशवाद का दक्षिण एशिया पर क्या प्रभाव पड़ा? दक्षिण एशिया का समाज मूलतरू सामंती था जहां जमींदार और राजा शासन करते थे और पुरोहित वर्ग उनके राज को उचित बताता था। ब्रिटेन दक्षिण एशिया के अधिकांश हिस्से, विशेषकर भारतीय उपमहाद्वीप, को अपना उपनिवेश बनाने में सफल रहा। अंग्रेजों का जोर यहां की संपत्ति को लूटने और भारत को इंग्लैंड में उत्पादित माल के लिए विशाल बाजार के रूप में इस्तेमाल करने पर था। इसके लिए उन्हें यहां एक औपनिवेशिक राज्य का ढांचा खड़ा करना पड़ा। उन्हें परिवहन और शिक्षा की सुविधाएं विकसित करनी पड़ीं और आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्था कायम करनी पड़ी। ब्रिटिश शासकों ने सती जैसी कुछ भयावह प्रथाओं के उन्मूलन का समर्थन किया मगर जहां तक बड़े सुधारों और सांस्कृतिक परिवर्तनों का प्रश्न है, उनके लिए जोतीराव फुले, सावित्रीबाई फुले, आंबेडकर और गाँधी जैसे लोगों को संघर्ष करना पड़ा। किसी भी समाज की संस्कृति स्थायी नहीं होती। वह निरंतर परिवर्तनशील होती है। औपनिवेशिक शासनकाल में भी देश में कई तरह के सांस्कृतिक परिवर्तन हुए। पश्चिम का अन्धानुकरण, इन सांस्कृतिक परिवर्तनों का एक छोटा भाग था। जो सबसे बड़ा परिवर्तन था वह था- समानता पर आधारित समाज की ओर यात्रा की शुरुआत। इसके अलावा, भारत ने आधुनिक-औद्योगिक सामाजिक संस्कृति की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ाना शुरू किये। ये परिवर्तन मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा और आरएसएस जैसे दकियानूसी राजनैतिक संगठनों को पसंद नहीं थे। वे इन्हें पश्चिमी बताते थे। असल बात यह थी कि वे पददलित लोगों को समान दर्जा देने की ओर यात्रा के खिलाफथे और ऐसे प्रयासों पर उन्होंने श्पश्चिमीश् का लेबल चस्पा कर दिया। इसी तरह, उन्होंने भारतीय संविधान, जो भारत की राजनैतिक संस्कृति का मूर्त रूप था, को पश्चिमी मूल्यों पर आधारित बताया। हिन्दू दक्षिणपंथी विचारक हर उस विचारधारा के धुर विरोधी थे जो समानता की बात करती थी। वे श्मनुस्मृतिश् जैसी धार्मिक संहिताओं की शान में गीत गाते थे, जो जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच की हामी थीं। यह दिलचस्प है कि जिन सामाजिक शक्तियों ने पश्चिम-विरोधी नैरेटिव का निर्माण किया, उनकी जड़ें सत्ता के सामंती ढांचे में थीं। इसके साथ ही वे औपनिवेशिक शासकों की सहयोगी थीं। दूसरी ओर, राष्ट्रीय आन्दोलन देश की संस्कृति को आकार दे रहा था और साथ ही औपनिवेशिक शासकों का विरोध भी कर रहा था।

इस सिलसिले में पश्चिम एशिया के मुस्लिम ब्रदरहुड का उदाहरण प्रासंगिक है। वह भी प्रजातान्त्रिक मूल्यों और संस्कृति को पश्चिमी बताता है और इस्लाम के नाम पर सामाजिक असमानता और अधिनायकवादी नियम लादना चाहता है। भारत में भी हिन्दू दक्षिणपंथ समानता का विरोधी है और उसे पश्चिम से आयातित संकल्पना बताता है। भारतीय संविधान में निहित मूल्यों के विरोध को औपनिवेशिक संस्कृति के विरोध का जामा पहनाया जाता है और यह कहा जाता है कि इससे भारतीय संस्कृति गौरवान्वित होती है। दरअसल, जिसे औपनिवेशिक संस्कृति का विरोध कहा जाता है वह न्याय और बंधुत्व पर आधारित संस्कृति का विरोध है। जाति और लिंग से ऊपर उठकर सभी के लिए न्याय, उभरते हुए भारतीय प्रजातंत्र का लक्ष्य रहा है. इस प्रजातंत्र में बहुवाद और विविधता के लिए जगह है। अभी कुछ दशक पहले तक हम शान से कह सकते थे कि भारत की उत्तर-औपनिवेशिक यात्रा अन्य सभी पूर्व उपनिवेशों से बेहतर रही है। इसकी संस्कृति में निरंतरता और परिवर्तन दोनों के लिए स्थान था। गांधी, नेहरु, सुभाष और मौलाना आजाद जैसे लोगों ने जिस जीवन पद्धति की हिमायत की वह भी प्रजातान्त्रिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करती थी. वे देश की संस्कृति को प्रजातान्त्रिक मूल्यों के अनुरूप ढालना चाहते थे। वर्तमान में मंदिर से जुड़े उत्सवों की जो श्रृंखला चल रही है उसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वि-उपनिवेशीकरण है! हमें यह भी बताया जा रहा है कि अबू धाबी में जिस मंदिर का उद्घाटन किया गया वह पश्चिम एशिया के श्मुस्लिम देशोंश् में पहला हिन्दू मंदिर है। तथ्य यह कि संयुक्त अरब अमीरात, मस्कट, बहरीन, ओमान आदि में पहली से कई मंदिर हैं। आर्थिक कारणों से भारतीय इन देशों में जाते रहे हैं और इसके साथ ही वहां मंदिर बनते रहे हैं। हमारे आसपास के मुस्लिम-बहुत देशों में भी ढेर सारे मंदिर हैं। बांग्लादेश का ढाकेश्वरी मंदिर काफी प्रसिद्ध है। पाकिस्तान में भी कई मंदिर हैं और लालकृष्ण अडवाणी ने पाकिस्तान जाकर नवीकृत कटासराज मंदिर का उद्घाटन किया था। हिन्दू मंदिरों के निर्माण के लिए मोदी का महिमामंडन करना ठीक नहीं है। यह कहना एकदम गलत है कि भारत और अबू धाबी में मंदिरों का उद्घाटन कर मोदी के भारत के वि-उपनिवेशीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। भारत में औपनिवेशिक शासन के प्रभाव को समाप्त करने का काम आजादी के आन्दोलन ने किया था। राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ प्रगतिशील सामाजिक कदम उठाए गए, प्रगतिशीत लेखन हुआ और प्रगतिशील थिएटर पनपा। स्वतंत्रता के पश्चात यह प्रक्रिया जारी रही। नेहरु ने वैज्ञानिक समझ को बढ़ावा दिया तो आंबेडकर ने आधुनिक मूल्यों पर आधारित संविधान बनाया। वैसे भी भारत कभी औपनिवेशिक संस्कृति में पूरी तरह नहीं डूबा नहीं था। आज भारत में धार्मिकता और दकियानूसीपन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजनीति ने धर्म का लबादा ओढ़ लिया है।

## विचार

# भारत सरकार का कक्षा-1 एडमिशन 2024-25 एज लिमिट पर बड़ा फैसला!

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया




**3 साल से कम उम्र के बच्चे को प्री-स्कूल भेजना भी तर्कसंगत नहीं 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्री-स्कूल भेजना तर्कसंगत नहीं है। गुजरात हाई कोर्ट ने 1 मामले की सुनवाई करते हुए इसे गैरकानूनी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि कोई भी प्री-स्कूल ऐसे बच्चे को दाखिला नहीं दे सकता, जिसने उस वर्ष 1 जून को 3 साल की आयु पूरी नहीं की हो।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश भारत के हर क्षेत्र की नीतियों पर नजर लगाए बैठा है तथा समय पड़ने पर अनेक देश इन नीतियों का अनुसरण अपने देश में भी करते रहते हैं। भारत में जब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनाई गई तो अनेक ऐसे नियम विनियम उनमें दर्शाए गए जिनके दूरगामी प्रभाव सकारात्मक भाव में दिखाई देंगे, जब इस नीति से पोषित होकर बच्चे अपना करियर बनाएंगे तो उनकी योग्यता की ताकत दुनियां देखेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्कूलों में प्रथम वर्ष कक्षा वन में दाखिले की उम्र 6 वर्ष से अधिक होने की बात कही गई है और अनुरुप नियम व कानून अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुरूप भी हैं। इसलिए ही केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी अर्चना शर्मा अवस्थी के नाम से 15 फरवरी 2024 को सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी चिट्ठी में कहा गया है कि इसे व्यक्तिगत तौर पर देखा जाए और सुनिश्चित कराया जाए तथा इस संबंध में नोटिफिकेशन या दिशानिर्देशों को भी जारी किया जा सकता है। चूंकि यह भारत सरकार का कक्षा एक एडमिशन 2024 एज लिमिट पर बड़ा फैसला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संपूर्ण भारत में स्कूलों में 2024-25 से कक्षा वन में दाखिले की उम्र सीमा 6 प्लस का निर्णय सराहनीय क़दम है। साथियों बात अगर हम संपूर्ण भारत मेंकक्षा वन में समान एज लिमिट की जरूरत की करें तो,भारत के अलग-अलग राज्यों के स्कूलों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आयु योग्यता अलग-अलग हैं। असम, गुजरात, पुडुचेरी, तेलंगाना राजस्थान लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, गोवा, झारखंड, कर्नाटक और केरल में 5 साल की आयु वाले बच्चों को भी कक्षा 1 में प्रवेश दिया जाता है।केवल उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु 6 साल है।सरकार ने प्रवेश प्रक्रिया में एकरूपता लाने के लिए ये निर्देश दिए हैं। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित करने का नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पेश किए गए बदलाव का हिस्सा है।बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की 5+3+3+4 स्कूलप्रणाली के अनुसार, 6 से 8 वर्ष के आयु समूह के अनुरूप पहली और दूसरी कक्षा के 2 वर्ष शामिल हैं। ऐसे में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु सीमा 6 साल निर्धारित की गई है। इससे शुद्ध नामांकन अनुपात की माप प्रभावित नहीं होगी। 3 साल से कम उम्र के बच्चे को प्री-स्कूल भेजना भी तर्कसंगत नहीं 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्री-स्कूल भेजना तर्कसंगत नहीं है। गुजरात हाई कोर्ट ने 1 मामले की सुनवाई करते हुए इसे गैरकानूनी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि कोई भी प्री-स्कूल ऐसे बच्चे को दाखिला नहीं दे सकता, जिसने उस वर्ष 1 जून को 3 साल की आयु पूरी नहीं की हो। बता दें, प्री-स्कूल में प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा बच्चे को औपचारिक स्कूल की कक्षा 1 में दाखिला लेने के लिए तैयार करती है। साथियों बात कर हम केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा कक्षा-1 एडमिशन के संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 15 फरवरी 2024 को भेजे गए पत्र की करें तो, कक्षा 1 एडमिशन 2024 एज लिमिट पर फैसला। एजुकेशन मिनिस्ट्री ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करके जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 और बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्स 2009) के तहत यह फैसला लिया जा रहा है।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्टेट और यूटीएस को भेजे गए लेटर में लिखा है कि 2021 और 2023 को राज्यों को भेजे गए पत्र में गुजारिश की गई थी कि वे अपने यहां स्कूल एडमिशन के वक्त कक्षा 1 दाखिले में बच्चों की उम्र 6 साल से ऊपर रखना सुनिश्चित करें। अब नया एकेडेमिक सेशन 2024-25 जल्द ही शुरू होने वाला है, जब नए सत्र के लिए स्कूल एडमिशन शुरू होने वाले हैं। हम ये उम्मीद करते हैं कि आपके राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश में ग्रेड-1 एडमिशन की उम्र 6 प्लस रखी जाएगी।ज्वाइंट सेक्रेटरी अर्चना शर्मा अवस्थी के नाम से जारी इस चिट्ठी में ये भी कहा गया है कि मैं गुजारिश करती हूं कि इस मामले को व्यक्तिगत तौर पर देखा जाए और इसे सुनिश्चित कराया जाए। आप इस संबंध में तैयार नोटिफिकेशन यादिशानिर्देश भी शेयर कर सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 2024-25 के सत्र से पहली कक्षा में प्रवेश के लिए बच?चों की उम्र छह वर्ष से अधिक हो। यह व?यवस?था राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 के प्रावधानों के अनुरूप की गयी है। शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 2024-25 के सत्र से पहली कक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र छह वर्ष से अधिक हो। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम - 2009 के प्रावधानों के अनुरुप की गयी है। शिक्षा मंत्रालय ने तारीख 15 फरवरी 2024 को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग को इस बारे पत्र लिखा है और सत्र 2024-25 से ग्रेड-1 में प्रवेश के लिए यह नियम लागू करने को कहा है।

# बेरोजगारी बन रही राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा

ऐसे वक्त में जब देश भर के किसान अपनी फसलों के लिये सम्मानजनक न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग पर दिल्ली कूच कर रहे हैं और वकील व सिविल सोसायटियां ईवीएम से वोट न कराने के लिये प्रदर्शन कर रही हैं, भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें इस मायने में और भी बढ़ती आ रही हैं कि अब देश में चरम पर पहुंच चुकी बेरोजगारी की आंच युवाओं और छात्रों को झुलसाने लगी है। कथित मोदी मैजिक उतरता दिख रहा है क्योंकि युवा जीवन की तल्ख सच्चाइयों से परिचित हो रहे हैं। अगर युवाओं और छात्रों को इस बात का एहसास हो गया कि उन्हें भावनात्मक मुद्दों के आधार पर बरगलाया गया है तो भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुश्किलें आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ सकती हैं जिसकी किसी भी क्षण घोषणा होने का इंतजार देश कर रहा है। नरेन्द्र मोदी का आविर्भाव और उनके तेजी से भारतीय राजनीति में छा जाने के लिये सबसे अधिक जिम्मेदार युवा व छात्र ही थे। आज वही वर्ग उम्र के इस मुकाम पर खड़ा है जहां वह महसूस कर रहा है कि अगर अगले एक-दो वर्षों में उसे नौकरी न मिली तो उसके सामने आजीवन बेरोजगार रहने का खतरा है। 2013 में श्री मोदी को जब भारतीय जनता पार्टी और उनकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था तो उनका सबसे बड़ा समर्थक वर्ग यही युवाओं व किशोरों का था। उनके मन में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के बारे में घृणा भरी हुई थी। गांधी और नेहरू को गालियां देने वाले ऐसे युवाओं का राजनैतिक ज्ञान इतना ही था कि श्अय्याशश् नेहरू ने कश्मीर पाकिस्तान को दे दिया और अगर उनकी जगह सरदार पटेल प्रधानमंत्री बनते तो अब तक अखंड भारत बन चुका होता। वे यह भी मानते थे, अब भी कई ऐसे हैं जो ऐसा ही सोचते हैं, कि कांग्रेस गद्दारों की पार्टी है और मुस्लिम परस्त है। उस वाट्सएप विश्वविद्यालय से आयातित ज्ञान का पाठ्यक्रम विशालकाय है, जिसकी स्थापना इन्हीं लोगों के लिये की गयी है और जिसके सारे अध्यायों को किसी भी अखबार के सीमित पन्नों में नहीं समेटा जा सकता। बहरहाल, देश के 1947 में आजाद होने नहीं वरन उसे 99 वर्षों के लिये लीज पर देने वाला यह वर्ग मौजूदा सरकार के राज में मस्जिदों के सामने नाच-गाकर मजे से समय काट रहा था। कुछ अब भी यही श्क्वालिटी टाइमश् व्यतीत कर रहे हैं। यही वह वर्ग था जो मानता था कि इस महामानव के पास सारी समस्याओं का हल है और वह (मोदी) डॉ. मनमोहन सिंह जैसा हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने की बजाय हार्ड वर्क करके चीन और पाकिस्तान को कंपकंपा देगा। राहुल गांधी ने रोजगार का मसला उठाकर उस तालाब में कंकड़ नहीं बल्कि बड़ा सा पत्थर फेंक दिया है जिससे युवाओं-छात्राओं की उनींदी आंखों पर पानी का ऐसा जबर छिड़काव हुआ है कि उनकी आंखें खुलती सी दिख रही हैं। वैसे तो राहुल गांधी ने जब 7 सितम्बर, 2022 से 30 जनवरी, 2023 तक (कन्याकुमारी से कश्मीर) की भारत जोड़ो यात्रा की थी, तब भी बड़ी संख्या में उनसे मिलने युवा आ रहे थे। उन्होंने यह पाया कि जिस व्यक्ति की छवि को जैसा पेश किया गया था, वह वैसा बिलकुल नहीं है।

वह न युवराज है न शहजादा। अग्निवीर योजना जब भारत सरकार लेकर आई तभी श्री गांधी ने इसे युवाओं के साथ अन्याय बतलाया था। आज साबित हो चुका है कि देश की सेना तक उससे रजामंद नहीं थी। एक सनकपूर्ण व अदूरदर्शितापूर्वक लिये गये फैसले से छात्रों व युवाओं के करियर को तो नुकसान हुआ ही, सेना को भी अधिकारियों की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। 14 जनवरी से निकली उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी असंख्य युवा राहुल गांधी से मिल रहे हैं। अब यह वर्ग जान गया है कि उनके भीतर नफरत और हिंसा इसलिये भरी गयी थी ताकि भाजपा सरकार उनके रोजगार भी छीन ले तो वे उसका विरोध न कर सकें। अब वह यह भी जान गया है कि हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात सिवाय जुमले के कुछ नहीं था। अब वे इस स्थिति में और जीवन के इस पड़ाव में पहुंच गये हैं जिसमें न वे नौकरी के लायक रह गये हैं।



# राशिफल

**मेषः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**वृषभः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः**- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**मकरः**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# राहुल, तेजस्वी, अखिलेश : नई उम्मीद जगाते लोग

शकील अख्तर

**शायद यह कहना चाह रहे थे कि जब इतना कसा जा रहा है तब जनता इतना खुश कैसे हो सकती है। मगर सच यह है कि उन्हें जब बीपीएससी की परीक्षा में कोई कमी नहीं मिली तो शिक्षकों में ढूंढने लगे और इससे भी आगे का सच यह है कि उस समय के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बेरोजगारों को रोजगार देने के इस काम से पूरी मोदी सरकार हिल गई थी। हम केन्द्र में दस साल से सरकार होने के बाद कई राज्यों में डबल इंजन सरकार होने के बाद नौकरी दे नहीं पा रहे या दे नहीं रहे और इस कल के लड़के तेजस्वी ने लाखों नोकरियां दे दीं। और वह भी बिना पेपर लीक हुए। हमारे मित्र मीडिया को कोई कमी नहीं मिली। नौकरी देने के चक्कर में ही तेजस्वी की नौकरी गई। ऐसे ही लैपटाप बांटकर अखिलेश ने दुश्मन कमाए। जैसे आज केवल बिहार में नहीं देश भर में बिहार में टीचर नियुक्ति की चर्चा हो रही है वैसे ही पहले केवल यूपी में नहीं देश भर में अखिलेश यादव के विद्यार्थियों को लैपटाप बांटने की धूम थी।**

बिहार में का बा! नौकरियों की बहार ही बहार बा। और अपने यूपी में यहीं से करबे जा बा। सब मास्टर, मास्टरनियां बन गए। सरकारी नौकरी। पक्की नौकरी। तनखा पचास हजार से ऊपर। यहां तो पेपर लीक हो रहे हैं। पहले आर ओ (रिव्यू आफिसर) के हुए और अब पुलिस के। यह वह संवाद हैं जो आज उत्तर प्रदेश में घर-घर हो रहे हैं। कितने लोगों ने फार्म खरीदे इसका कोई आकंड़ा अभी उपलब्ध नहीं है। मगर आम तौर पर जितने लोग फार्म खरीदते हैं उसके आधे ही भरते हैं, एलेजिबल (पात्र) होते हैं। 48 लाख एडमिट कार्ड इशु होने की खबर है। मतलब एक करोड़ युवाओं ने करीब फार्म खरीदे थे। एक फार्म की कीमत 400 रुपए। जोड़ते रहिए हिसाब की सरकार ने कितने पैसे कमा लिए। और वह भी बेरोजगारों से। और यह तो सरकार की आमदनी है। अभ्यार्थियों (केंडिडेंट) का कितना खर्च हुआ। यह उनके बयान सुनिए। जो आज सोशल मीडिया में पचासों वीडियो के रूप में घूम रहे हैं। संक्षेप में हम बता दें फिर अगले मुद्दे पर चलेंगे कि अपने गांव से आकर शहर में कोचिंग की फीस। कमरे का किराया। खाना, किताबों का खर्चा। और फिर परीक्षा देने के लिए आना जाना।

यह भी खुद ही जोड़ते रहिए, अगर बेरोजगार के दुरूख को समझना है तो। और इसमें यह तथ्य भी याद रखिए कि लड़के-लड़की के मां-बाप भी गरीब हैं। पुलिस कांस्टेबल (सिपाही) के लिए गरीब निम्न मध्यम वर्ग के बच्चे ही जाते हैं और वह परिवार किस तरह अपना पेट काटकर बच्चों को पैसे पहुंचाता है इसे आएगा तो मोदी ही चिल्लाने वाले भक्त शायद ही समझ सकते हैं। मगर जैसा कि एक लड़के का वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह कह रहा है कि मैंने दाल फ्राई नहीं खाई। उबली दाल खाकर काम चलाता रहा कि वर्दी पहन कर गांव जाऊंगा। मगर अब क्या करूं? यह सारी सच्चाइयां और इससे भी ज्यादा कई वीडियो में सोशल मीडिया में चल रही हैं। मगर मुख्यधारा के मीडिया में यह नहीं है। वहां बिहार की कहानियां हैं। तेजस्वी यादव ने दो लाख से ऊपर शिक्षकों को वहां नियुक्त कर दिया। जाहिर है इससे गोदी मीडिया के जंगल राज की सारी धारणा धराशायी हो गई। लालू का लड़का, शिक्षा विभाग उसके दल के पास और बिना एक भी कमी के लाखों टीचरों को नियुक्ति पत्र दे दिया। तहलका मच गया। वीडियो बनाए जाने लगे। बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) के शिक्षकों की जनरल नालेज की परीक्षा चौनल लेने लगे। जो मुंह में आए सवाल कर रहे थे और जवाब न दे पाने पर उन्हें अयोग्य साबित कर रहे थे। उनके खुश होने नाचने-गाने के वीडियों डाल रहे थे कि देखिए क्या कर रहे हैं। खुश होना अपराध बता रहे थे। शायद यह कहना चाह रहे थे कि जब इतना कसा जा रहा है तब जनता इतना खुश कैसे हो सकती है। मगर सच यह है कि उन्हें जब बीपीएससी की परीक्षा में कोई कमी नहीं मिली तो शिक्षकों में ढूंढने लगे और इससे भी आगे का सच यह है कि उस समय के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बेरोजगारों को रोजगार देने के इस काम से पूरी मोदी सरकार हिल गई थी। हम केन्द्र में दस साल से सरकार होने के बाद कई राज्यों में डबल इंजन सरकार होने के बाद नौकरी दे नहीं पा रहे या दे नहीं रहे और इस कल के लड़के तेजस्वी ने लाखों नोकरियां दे दीं। और वह भी बिना पेपर लीक हुए। हमारे मित्र मीडिया को कोई कमी नहीं मिली। नौकरी देने के चक्कर में ही तेजस्वी की नौकरी गई। ऐसे ही लैपटाप बांटकर अखिलेश ने दुश्मन कमाए। जैसे आज केवल बिहार में नहीं देश भर में बिहार में टीचर नियुक्ति की चर्चा हो रही है वैसे ही पहले केवल यूपी में नहीं देश भर में अखिलेश यादव के विद्यार्थियों को लैपटाप बांटने की धूम थी। एक ने छात्रों को पढ़ने के लिए लैपटाप दिए दूसरे ने पढ़ाने के लिए शिक्षक दिए। मगर मीडिया के लिए यह कभी देश को आगे ले जाने वाली खबरें नहीं थी। वह तो इस भाषण को छापता है टीवी पर डिबेट करता है कि कांग्रेस ने देश के भविष्य के लिए कुछ नहीं किया। नेहरू ने आईआईटी, एम्स दूसरे उच्च शिक्षण संस्थान बनाए राजीव गांधी ने नवोदय स्कूल जो गांव में होता है और पूरी तरह रेजिडेंशल ( छात्रों को वहीं होस्टल में रखकर, खाने-पीने की व्यवस्था सहित) की बिल्कुल नयी अवधारणा। और फिर यह जो अखिलेश के लैपटाप देने का एकदम आगे का कदम और तेजस्वी के सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए पारदर्शिता के साथ योग्य शिक्षकों की नियुक्ति न प्रधानमंत्री मोदी को देश का भविष्य बनाने वाले लगते हैं और न मीडिया को। उन्हें तो पकौड़े तलने से रोजगार आता है यह देश को विश्व गुरु बनाने की बात लगती है। उन्हें लगता है कि बड़ी-बड़ी बातें बनाने से दुनिया में देश का सम्मान बढ़ गया। नेहरू, इन्दिरा के बड़े-बड़े कामों से देश का नाम नीचे गिरा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# अपना दल नेता की सक्रियता ने चर्चाओं को दिया जन्म

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं है। राजनैतिक दलों में टिकट के लिए जंग शुरू हो गई है इसके लिए सबसे ज्यादा मारामारी भाजपा में है और इस दौरान घाटमपुर क्षेत्र से अपना दल के नेता सत्यप्रकाश कुरील की बढ़ती गतिविधियों ने चर्चाओं को जन्म दे दिया है। लोकसभा का कार्यकाल लगभग पूरा होने वाला है और प्रशासनिक स्तर पर चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

तो राजनैतिक दलों में भी टिकट को लेकर उठापटक शुरू हो गई है हालांकि सपा बसपा और कांग्रेस में अभी दावेदारों की संख्या न के बराबर है पर सत्तारूढ़ दल भाजपा में टिकट की रेस चल रही है विदित हो



कि जालौन-गरौठा-भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र से भानुप्रताप वर्मा लगातार कई बार से सासद है तो इस बार वह केन्द्र में मंत्री भी है हालांकि जनता उन पर क्षेत्र के विकास में अनदेखी का आरोप लगा रही है और शायद उनकी इसी कमी के चलते भाजपा में टिकट की रेस भी शुरू हो चुकी है

**सांसद सहित कई नेता भी टिकट की जोर आजमाइश में लगे**

जिसमें सबसे ज्यादा पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी का नाम चर्चा में है और उनकी क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता भी उनकी टिकट की दावेदारी की पुष्टि भी कर रही है इसके अलावा पार्टी के अन्य कई दलित चेहरे भी होर्डिंग्स के माध्यम से अपनी प्रत्याशिता प्रदर्शित कर रहे हैं लेकिन टिकट के लिए भाजपा में चल रही इस जंग के बीच क्षेत्र में अपना दल की घाटमपुर क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील के पति सत्यप्रकाश की आमद रफ्त ने नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। सूत्रों की माने तो वह क्षेत्र में आयोजित शादी समारोह आदि कार्यक्रमों में दस्तक ही नहीं दे रहे बल्कि लोगों से इशारों में चुनाव के दौरान समर्थन करने का भी आग्रह कर रहे हैं। क्षेत्र में अचानक अपना दल अनुप्रिया पटेल के नेता की दस्तक से लोग अचंभित ही नहीं है बल्कि कालपी विधानसभा में भाजपा नेताओं के बीच टिकट की जंग के बीच निषाद पार्टी की आमद होने की घटना को भी याद करने लगे हैं फ़िलहाल यह तो महज कयास है पर इतना जरूर है कि अपना दल की चुनाव के दौरान आमद ने चर्चाओं को तो जन्म दे ही दिया है।

## भाविप के बब्बू राजा पटेल बने अध्यक्ष, दीपा को मिली महिला इकाई की जिम्मेदारी

**कोंच (जालौन)।** भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी के चयन हेतु संगठन की एक बैठक दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में निवर्तमान अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्त की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए अनिल कुचिया ने निर्वाचन संपन्न कराया।

घोषित कार्यकारिणी में बब्बूराजा पटेल नरी को अध्यक्ष, दिनेश सोनी को मंत्री और त्रिभुवन पटेल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। महिला इकाई की अध्यक्ष दीपा पटेल को नियुक्त किया गया। बैठक में शामिल संगठन के सदस्यों ने पट्टिका ओढ़ाकर नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# मुरली मनोहर तालाब में सेवादारों ने चलाया सफाई अभियान

**जालौन समृद्धि न्यूज।**

संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने नगर में स्वच्छ जल, स्वच्छ कल अभियान के अंतर्गत मुरलीमनोहर तालाब पर जल की सफाई का अभियान चलाया।

इस दौरान लोगों को जागरूक भी किया गया। संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छ जल, स्वच्छ कल अभियान के अंतर्गत नगर के ऐतिहासिक मुरलीमनोहर तालाब की साफ सफाई की गई। इस दौरान निरंकारी मिशन मुखी कृष्ण गोपाल चौरसिया ने कहा कि मिशन की संस्थापक सद्गुरु माता सुदीक्षा के आवाहन पर अमृत प्रोजेक्ट के माध्यम से स्वच्छ जल, स्वच्छ कल अभियांन चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नदियों,




मुरलीमनोहर तालाब पर सफाई के लिए पहुंचे सेवादार।

तालाबों, नहरों में सफाई अभियांन चलाकर लोगों को स्वच्छ जल पीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दिल्ली में यमुना नदी की सफाई से अभियान की शुरुआत की गई थी। उसी पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। मिशन के सेवादार नगर के मुरली मनोहर तालाब पर पहुंचे जहां तालाब के आस पास पड़ी गंदगी को साफ किया गया और पानी की भी सफाई की गई। मौजूद लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छ जल के उपयोग के फायदों के बारे में समझाया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, लखन, साधना, सीता यादव, वीरेंद्र, रामू चौरसिया, विकास सोनी, पूनम, सुधा, रेखा, अरुण, लल्लन आदि मौजूद रहे।

## भाकियू ने कुंवरपुरा से लेकर लौना तक ट्रैक्टर मार्च निकाला

**कोंच,जालौन।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को देशव्यापी ट्रैक्टर मार्च निकालने की घोषणा के तहत भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर ग्राम कुंवरपुरा से लेकर लौना तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। डेढ़ दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों पर सवार किसानों ने इस दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार पर वायदाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सरकार को किसान विरोधी करार दिया। भाकियू के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ पीडी निरंजन पचीपुरा ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता दिखा रही है और किसानों की जायज मांगों को नहीं मान रही है। गत वर्ष किसानों के आन्दोलन से झुक कर केंद्र सरकार ने एमएसपी लागू करने की घोषणा की थी।

# मंगरौल में डामर रोड पर सीसी निर्माण पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

विधायक निधि से ग्राम पंचायत मंगरौल में डामर रोड पर डलवाई गयी सीसी सड़क पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उक्त रोड की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर जांच की मांग की है। विदित हो कि क्षेत्रीय विधायक ने क्षेत्र के अधिकतर ग्राम पंचायतों में सीसी रोड का प्रस्ताव दिया है। इसी योजना के तहत महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में भी 100 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया है जिसके पीडब्लूडी विभाग द्वारा कराये गए इस कार्य में ठेकेदार ने डामर रोड पर ही सीसी डाल दी है। शिकायतकर्ता की माने तो सड़क निर्माण में गुणवत्ता का तो मखौल उड़ाया ही गया है साथ ही धन की भी बर्बादी कर नालियों में भी



डामर रोड पर डाली गयी सीसी सड़क।

धन बर्बाद किया है। जिसमें विद्युत पोल को बीच नाली में ही ले आए है जिससे पानी निकलने का रास्ता बंद हो गया है।

शिकायतकर्ता ने ठेकेदार के इस कारनामे को सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हुए जिलाधिकारी से जांच कराये जाने की मांग की है।

## भाजपा ने लाभार्थियों से संपर्क सांधने के अभियान का किया आगाज

**कोंच (जालौन)।** भाजपाइयों ने लाभार्थियों से संपर्क साधने का अभियान तेज कर दिया है। वे उनके घरों पर जाकर सरकारी योजनाओं के बारे में बता रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा एवं विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भाजपाइयों की अलग-अलग टीमों में लाभार्थियों से संपर्क कर डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताई। जवाहर नगर में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पटेल नगर में विधायक मूलचंद निरंजन ने लाभार्थियों से संपर्क कर डबल इंजन की भाजपा सरकार की उपलब्धियां के बारे में पत्रक वितरित कर उनके भवनों पर स्टीकर चिपकाए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, युवा, किसान और महिला इन चार वर्गों के उत्थान का संकल्प लिया है।

# शो-पीस बना मंगरौल गांव का पोस्ट ऑफिस, चार वर्षों से पोस्टमास्टर नहीं

**दो माह पूर्व डाकिया भी हो चुका सेवानिवृत्त**

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगरौल गांव स्थित पोस्ट आफिस जनता से किसी मजाक से कम नहीं है। यहा 4 वर्ष से पोस्टमास्टर नही है तो दो माह पूर्व डाकिया भी सेवानिवृत्ति हो चुका है जबकि इस पोस्ट ऑफिस में लगभग एक हजार खाताधारक भी जुड़े बताये जा रहे है।

भारत सरकार ने आजादी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह पोस्ट ऑफिस खोले थे जहां पर लोगों के पत्रों का आवागमन होता था तो बैंकिंग की भी सुबिधा थी लोगों को शासकीय और रिश्देदारों के द्वारा भेजे गए पत्रों का वितरण भी पोस्ट आफिस से होता था हालाकि दूर संचार के क्षेत्र में आई क्रान्ति से पोस्ट आफिस में अधिक काम नहीं रहा है फिर भी सरकारी पत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग की सुबिधा तो मिल रही थी लेकिन अब शायद सरकारो का ध्यान अपनी इस सेवा की तरफ नही है। ग्रामीणो की माने तो वर्ष 2019 मे पोस्ट मास्टर के रूप में कार्यरत उर्मिला सेवानिवृत्त हो गई थी जिससे इस डाकघर की व्यवस्था संचालन का भार डाकिया के रूप में कार्यरत दिनेशचन्द्र दुबे उर्फ धनीराम के पास जो मगरौल गांव उसके 4 मजरों के अलावा पड़री, शेखपुर गुढ़ा, गुढ़ा खास के वाशिन्दों के अलावा पुलिस ट्रेनिंग विद्यालय तक डाक विभाग की सेवा का लाभ पहुचाते थे लेकिन गत 31 दिसम्बर को एकलौते डाकिया भी सेवानिवृत्ति हो गए हैं। डाक विभाग के सूत्रों की माने तो मंगरौल गांव स्थित पोस्ट ऑफिस का कार्यभार मैनूपुर गांव स्थित पोस्ट ऑफिस से सम्बद्ध कर दिया गया है जिसकी बजह से देवकली, कीरतपुर, मैनूपुर, हीरापुर धर्मपुर क्षेत्र के साथ मंगरौल गांव स्थित पोस्ट ऑफिस का अतिरिक्त काम भी एक डाकिया के भरोसे है जिससे पत्राचार के साथ विभाग की बैंकिंग सुबिधा भी ठप पड़ गई है जबकि मगरौल गांव स्थित पोस्ट आफिस में लगभग 1 हजार खाताधारक है। क्षेत्र की जनता ने विभाग के आला अफसरो से आग्रह किया कि खाली पड़े पोस्ट आफिस में पोस्ट मास्टर के साथ डाकिया भी तैनात किया जाये।

## ओटीएस में पंजीयन कराने वाले उपभोक्ता जल्द बकाया जमा करें

**कोंच (जालौन)।** ऐसे ओटीएस पंजीकृत बिजली उपभोक्ताओं जिन्होंने पंजीकरण कराने के बाद एक भी किश्त जमा नहीं की है, को विभाग ने चेतावनी दी है कि यह आखिरी माह है किश्त जमा करने के लिए। इस किश्त से चूके तो ओटीएस का लाभ पाने से उन्हें वंचित होना पड़ेगा, यानी ब्याज में छूट का फायदा उन्हें नहीं मिलेगा। एसडीओ विद्युत अनुरुद्ध मौर्य ने बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को भी आगाह किया है कि महीने में जो तीन दिन शेष बचे हैं उनमें बिल जमा करा दें अन्यथा संयोजन विच्छेदित कर दिए जाएंगे।

यूपी सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को ब्याज में छूट देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना चलाई थी जिसमें तमाम उपभोक्ताओं ने पंजीकरण तो करा लिए थे लेकिन जब किश्त जमा करना भूल गए। उन्हें शायद यह जानकारी नहीं है कि अगर किश्त जमा करने से चूक गए तो ओटीएस का लाभ वे नहीं ले पाएंगे और मय ब्याज के उनसे वसूली हो जाएगी। एसडीओ विद्युत अनुरुद्ध मौर्य के निर्देशन में अवर अभियंता द्वय अंकित साहनी व अमन पांडे, टीजी टू प्रभुदयाल विभागीय कर्मियों की टीम के साथ लगातार फील्ड में हैं और सख्ती से वसूली व संयोजन विच्छेदन अभियान चलाया जा रहा है।

# आश्रय गृह निरीक्षण समिति ने किया निरीक्षण

**साफ-सफाई की स्थिति पर समिति नाराज, सुधार के निर्देश**

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सोमवार को राजकीय संप्रेषण गृह किशोर तथा राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण किया गया।यह निरीक्षण आश्रय गृह निरीक्षण समिति की सदस्या श्रीमती नूरी अंसार तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया



गया।निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा संस्था की साफ सफाई पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया की बारिश के मौसम में सीलन की समस्या न हो,संस्था साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें और पूर्ण स्वच्छता बढ़ती जाए।

निरीक्षण समिति द्वारा सभी किशोरों को समझाया गया कि वे सभी आपस में मिलजुल कर रहे हैं।प्राधिकरण सचिव श्री यादव द्वारा किशोरों को विधिक जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि यदि किसी अपचारी किशोर के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुकदमे की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता/लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की सुविधा प्रदान की जाती है।जिस किसी अपचारी किशोर को कोई समस्या हो वह लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

## आम रास्ते में पक्का निर्माण करने से रोका मिली धमकियां

**जालौन (उरई)।** आम रास्ते पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण करने एवं मना करने पर विपक्षियों द्वारा झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित बेवा महिला ने महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी शांतिदेवी बेवा नारायणदास ने महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके पड़ोसी आम रास्ते पर जबरन अतिक्रमण कर रहे हैं। वर्ष 2011 में उन्होंने आम रास्ते पर लकड़ी के टट्टर लगाकर अतिक्रमण की शुरूआत कर दी थी। जिसकी शिकायत उसने तभी नगर पालिका में की थी। लेकिन तब कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब उन्होंने उक्त स्थान पर पक्का निर्माण शुरू कर दिया है। जब उसने पक्का निर्माण करने से रोका तो वह झगड़ा करने लगे।



## जल्द हो पेपर लीक मामले में दोषी की गिरफ्तारी : अनिल

**अयोध्या।** समीक्षा अधिकारी (आर.ओ/ए.आर.ओ) परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले पर आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में जिला इकाई ने सोमवार को प्रदेश के राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रजापति ने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग करते हुए कहा कि यू.पी. पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी (आर.ओ/ए.आर.ओ) परीक्षा पेपर लीक की हाई कोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए, पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए,यू.पी. पुलिस भर्ती की परीक्षा को अगले एक माह के भीतर कराया जाए और प्रदेश सरकार सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई पेपर लीक न हों। इस मौके पर सुनील कुमार मौर्य जिला महासचिव,यू.के. द्विवेदी,गायत्री मिश्रा, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष तेज नारायण मौर्य,बीकापुर विधानसभा उपाध्यक्ष अभिषेक निषाद,कुंदन निषाद व राम जी वर्मा उपस्थित रहे।

## अवैध कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। खेड़ा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल रविवार की देर शाम चौकी क्षेत्र में गश्त पर थे तभी एक युवक उन्हें संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। उसकी जामा तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास ने 9 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति का नाम असगर पुत्र अनवर निवासी आराजी लेन बताया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## बैठक सूचना

सर्वसाधारण एवं समस्त ग्राम पंचायत कुतुबुद्दीनपुर ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 4 मार्च 2024 को प्रातः 10 बजे स्थान पंचायत घर कुतुबुद्दीनपुर में भूमि प्रबंधन समिति की खुली बैठक प्रधान सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में ग्राम सभा कुतुबुद्दीनपुर में गाटा सं0-161, 26, 282,117,116 की जमीन आवंटन संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

ग्राम प्रधान-सुनीता देवी अध्यक्ष — लेखपाल (अनुराग मिश्रा) सचिव
ग्र0पं0 कुतुबुद्दीनपुर, नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर तराई वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः03/ ग्रा0पं0/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 26/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर तराई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/02/2024 से 04/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन रोड से गयाप्रसाद की झोपड़ी तक मिट्टी व इंटरलाकिंग कार्य | 3.43 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | वालिस्टर के घर से मैन खड़ंजा तक मिट्टी खड़ंजा व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 1.92 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान (कन्हैया लाल) — ग्रा0पं0 हुसैनपुर तराई, शमशाबाद — सचिव (दिलीप कुमार)

## कार्यालय ग्रा0पं0 खुड़िना धमगवां वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 26/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुड़िना धमगवां द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/02/2024 से 02/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | वीरेंद्र के घर से सचिवालय तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 399080 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान (सुधीर कुमार गंगवार) — ग्रा0पं0 खुड़िना धमगवां, शमशाबाद — सचिव (विवेक कुमार)




## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**उतरौला, बलरामपुर।** भाकियू के दिल्ली जाने के रास्ते को बंद करके सरकार किसानों पर जुल्म कर रही है। अगर दिल्ली का रास्ता न खोला गया तब भाकियू गांव-गांव सरकारी अधिकारियों का रास्ता जाम कर दी। उक्त घोषणा भाकियू के जिला अध्यक्ष खलील शाह ने एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को राज्यपाल के सम्बोधित चार सूत्रीय ज्ञापन देते हुए कही। अपने सैकड़ों किसानों के साथ तहसील उतरौला कार्यालय पर धरना देते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली को किसानों को जाने के लिए रास्ता रोक रही है और रास्ते में लोहे के कील काटें लगाकर रास्ता जाम कर रखा है। इससे देश के किसानों में सरकार के खिलाफ काफी गुस्सा है। उन्होंने अपने चार सूत्रीय ज्ञापन में राज्यपाल से हस्तक्षेप करते हुए तत्काल दिल्ली का रास्ता किसानों के लिए खुलवाने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की। एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने भाकियू को बताया कि उनका ज्ञापन राज्यपाल को उचित माध्यम से भेज दिया जाएगा।

# 26 फरवरी को भारतीय रेल ने बनाया नया इतिहास

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज**

26 फरवरी का दिन रेलवे के इतिहास में विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हो गया, जब प्रधानमंत्री मोदी अमृत भारत स्टेशनों की श्रृंखला में 554 स्टेशनों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। यह आयोजन किसी भी क्षेत्र में हुए आयोजनों में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल रूप से जुड़ें।

जी हां 26 फरवरी का दिन भारतीय रेल के इतिहास के पन्नो में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हुआ है, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़कर अमृत भारत रेलवे स्टेशनों की श्रृंखला में 554 स्टेशनों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। यह गौरवशाली क्षण




सरकार के 2047 के भारत की परिकल्पना की कड़ी में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इसके पूर्व 504 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हो चुका है। इस कड़ी में गोरखपुर रेलवे स्टेशन का भी नाम शामिल था। शिलान्यास और लोकार्पण की इस कड़ी में 554 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों में केवल गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन होगा, शेष 553 का शिलान्यास, इस कड़ी में पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत 111 रोड, ओवर ब्रिज ,अंडर पास का शिलान्यास, उद्घाटन भी राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। इन 111 ओवर ब्रिज, अंडर पास में उत्तर प्रदेश के 94 एवं बिहार के 14 एवं उत्तराखंड के तीन रोड, ओवर ब्रिज, अंडर पास सम्मिलित है। अमृत भारत स्टेशनो की खास बात यह है कि इन्हें आगामी 50 वर्षों में होने वाले परिवर्तन और सुविधाओं के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

## काउंसलिंग ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष ने योजनाओं को जन-जन पहुंचाने पर दिया जोर

**उतरौला,बलरामपुर।** प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया जिलाध्यक्ष ताज जहीर ने केन्द्र सरकार की



योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन मजबूत बनाने के उपाध्यक्ष अमित वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, राम प्रकाश वर्मा, संतोष कुमार त्रिपाठी, जावेद खान, विनोद कुमार त्रिपाठी,को वाइस चेयरमैन बलरामपुर जनपद का नामित करते हुए यह आशा व्यक्त किया है कि आप सभी केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों और लाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में गतिशीलता प्रदान करेंगे।


## कार्यालय ग्रा0पं0 कटरी गंगपुर विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/टेण्डर प्रकाशन/2023-24 — दिनांक 26/02/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/02/2024 से 05/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण (लाख में) | अनु0 लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | कार्य पूर्ण होने का अनुमानित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेग/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त | उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी | 6.49 | 100 | 2 प्रतिशत | 1 माह |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(क्रॉति वर्मा) ग्राम प्रधान-कटरी गंगपुर, बढ़पुर फर्रु0 — (वेदप्रकाश) सचिव-कटरी गंगपुर, बढ़पुर फर्रु0


**आयोजन** — नई शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन पर व्यापक परिचर्चा की

# ब्लॉक संशाधन केंद्र पर हमारे आंगन में बच्चों का हुआ कार्यक्रम

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक संसाधन केंद्र उतरौला परिसर में सोमवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे एक दिवसीय कार्यशाला (उत्सव) का आयोजन किया गया। जिसमें प्री-प्राइमरी की जानकारी दी गई। इसमें एआरपी , नोडल शिक्षक संकुल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषाहार से पौष्टिक व्यंजन एवं परिषदीय शिक्षकों द्वारा स्वनिर्मित टीएलएम का स्टॉल लगाया गया। जिसका अवलोकन एसडीम अवधेश कुमार ने किया साथ ही इनके प्रयोग



के बारे में शिक्षकों ने प्रस्तुतीकरण दिया। परिषदीय के प्रत्येक न्याय पंचायत से तीन निपुण एवं आंगनबाड़ी केंद्र के दो निपुण सहित कुल 40 बच्चों को एसडीएम अवधेश कुमार, बीईओ सतीष कुमार, डायट प्रवक्ता रेखा देवी द्वारा प्रमाण पत्र व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसडीएम अवधेश कुमार ने कहा कि प्री-प्राइमरी की पढ़ाई बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें छह वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा दी जानी है। हर आंगनबाड़ी केंद्र पर प्री-प्राइमरी का संचालन होना है। नई शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन पर व्यापक परिचर्चा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने हमारा आंगन हमारे बच्चे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं अंकीय दक्षता प्राप्त करने के लिए इसकी जरुरत है। डायट प्रवक्ता रेखा देवी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे वह कक्षा एक में पहुंचे तब उनके पास ज्ञान की कमी न हो। सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही बच्चों को अधिक से अधिक जानकारी देने का प्रयास कर रही है।

संचालन एआरपी मलिक मुनव्वर ने किया। एआरपी विजय यादव, विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार, शिक्षक श्रवण कुमार, शहनाज़ बेगम, कहकशां, सुनीता सोनी, राजेश शर्मा, अनवार अहमद, मुन्ना बाबू विश्वकर्मा, रामकृपाल, फैजान, हरि प्रकाश यादव, जितेंद्र, गोपाल शर्मा, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार मिश्रा, हारून, अतुल, अनिल निर्मल समेत अन्य शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## माधौगढ़ में लाभार्थियों की गोष्ठी आज

**उरई (जालौन)।** प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा केके सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 27 फरवरी 2024 को जनपद जालौन के नगर पंचायत माधौगढ़ में लाभार्थियों के सामाजिक मूल्यांकन हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं सभासद समेत लाभार्थी भी प्रतिभाग करेंगे गोष्ठी का आयोजन सरकार की संस्था क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ एवं राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) लखनऊ द्वारा किया जायेगा।


## कार्यालय ग्रा0पं0 कुबेरपुर घाट विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/टेण्डर प्रकाशन/2023-24 — दिनांक 26/02/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत कुबेरपुर घाट द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/02/2024 से 05/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण (लाख में) | अनु0 लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | कार्य पूर्ण होने का अनुमानित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेग/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त | उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी | 6.49 | 100 | 2 प्रतिशत | 1 माह |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(संतोष कुमार) ग्राम प्रधान-कुबेरपुर घाट, बढ़पुर फर्रु0 — (वेदप्रकाश) सचिव-कुबेरपुर घाट, बढ़पुर फर्रु0

# लाठी और गोली से नहीं डरता देश का किसान: शमीम सिद्दीकी

**हाईवे पर ट्रैक्टर यात्रा निकाल एवं धरना प्रदर्शन कर किसान नेताओं ने प्रशासन को दी चेतावनी**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**संयुक्त किसान** मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष मो.शमीम सिद्दीकी की अगुवाई में दिल्ली की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर श्रृंखला बनाकर एम.एस.पी गारंटी कानून बनाए जाने की मांग को लेकर तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया।

सोमवार को प्रदर्शन दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान लाठी और गोली से डरने वाला नहीं है सरकार समाधान का रास्ता निकाले। महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में किसानों पर किए जा रहे अत्याचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के प्रति किसानों में नाराजगी को देखते हुए निरीक्षक महेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज आनंद मिश्रा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसी क्रम में जनपद कन्नौज की तहसील तिर्वा में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तहसील अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत एवं ब्लॉक अध्यक्ष आलोक राजपूत के नेतृत्व में एवं ब्लॉक गुगरापुर के संयोगिता मार्ग पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष राहुल कुमार द्वारा ट्रैक्टर श्रृंखला बनाकर रोष प्रकट किया गया। इस मौके पर इरशाद अली, मारूफ खान, शबनूर खान, बबलू ठाकुर, राजा अनमोल सिंह चौहान, डॉ साजिद हुसैन, प्रमोद तिवारी, अरूण कुमार सिंह, मो.शहराज, मुदस्सिर अली, सत्यम प्रजापति, मुईन अहमद, अकील फारूखी, अनवार खान, बड़े ठाकुर, शाहिद खान, अनिल ठाकुर, राजेश यादव, ओमाशीष दुबे, रजाउल अली, अमन, जीशान सिद्दीकी, शैलेंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।



ट्रैक्टर यात्रा को रोकने का प्रयास करती पुलिस हाईवे पर धरना देते किसान नेता

# शिक्षा में कमजोर बच्चों पर अध्यापक फोकस करें: जिलाधिकारी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में ऐसे चिन्हित विद्यालयों की सूची बनाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए जहां विद्यालयों के 200 मीटर परिधि के अन्दर गंदगी, खुला नाला, गड्ढा आदि पाया जाता है तो उसे सफाई एवं नाला को बंद कराया जाये। कहा कि विद्यालय का प्रवेश एवं 200 मीटर दायरा साफसुथरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरबीएसके टीम जिस दिन विद्यालय में जाये, उस दिन बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत होनी चाहिए। श्री शुक्ल ने कहा कि 1145 बच्चों का आधार वैरिफिकेशन का कार्य किया जाना शेष हैं, बैठक में बताया गया कि उमर्दा में 341 बच्चें तथा हसेरन में 210, तालग्राम में 126 बच्चों का आधार वैरिफिकेशन नहीं हुआ है जिसकी संख्या काफी अधिक हैं। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी उमर्दा एवं हसेरन को अपनी कार्य शैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि 1145 बच्चों का आधार वैरिफिकेशन कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होंने मिड-डे-मिल की समीक्षा करते हुए कहा कि भोजन के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। चावल, नमक, मसाला आदि साफ सुथरे डिब्बो में रखा जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे सभी विद्यालय निपुण होने चाहिए। कहा कि निपुण का जो मानक है अध्यापक उसकी पूर्ति करें। ऐसे विद्यालय जहां पर शिक्षा में कमजोर बच्चे हैं, उन बच्चों पर अध्यापक फोकस करें तथा उन्हें निपुण बनायें। कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि एआरपी व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करें, आपकी कार्यशैली संतोषजनक नही है। कहा कि समस्त एआरपी विद्यालयों के विजिट की कार्यवाही पूर्ण कर लें। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालयों में खाना बनाने वाली अवशेष रसोईयों के खाता संख्या उपलब्ध करवा दिये जाये, जिससे उनका ससमय भुगतान की प्रकिया की जा सके। बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय सरगौली, हुसेपुर, में विद्यालयों के उपर से विद्युत लाइन निकली है, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्युत लाइन को हटाया जाये।

# सोई हुई कौमें जाग उठी वेदार मुस्लमा सो रहा है: मौलाना





**आशिकाने रसूल कमेटी कादर खान नगर समधन, जलसा इशलाहे मुआशरा व इस्तकबाले रमज़ान का हुआ आयोजन, मुल्क में अमन और चैन की मांगी गई दुआएं**

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**आशिकाने** रसूल कमेटी कादर खान नगर समधन में बीता शुक्रवार रात एक रोज अजीमुश्शान जलसा इशलाहे मुआशरा व इस्तकबाले रमज़ान का आयोजन हुआ कुरान पाक की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ कस्बा समधन के हाफिज सादाब शेख ने नाते पाक पढ़ते हुए कहा कि जिनका चर्चा हैं नवी पर वह मेरे खुदा हैं। वह सबसे बड़ा है मेरा खुदा नाते पाक के बाद समधन के मौलाना अय्याज व मुफ्ती अब्दुल कदीर ने भी अपने बयान में मजलिस में बैठे लोगों को दीनी बातें बताई गई। इसी दौरान कानपुर से तशरीफ़ लाए हज़रत मौलाना नेमतुल्ला ने अपने बयान में बताया कि कब्र का सुलूक यह है कि इतनी तंग होती है कि एक तरफ की पशुलियां दूसरी जानिब की तरफ़ घुस जाती है। हब सब आखिरत की तैयारी करें। आगे उन्होंने फरमाया कि सोई हुई कौमें जाग उठीं वेदार मुस्लमा सो रहा है। ऐसे बानो की पहले अपने भाई को पानी पिलाओ फिर खुद पानी पीने की कोशिश करों शबे कद्र की रात में खूब इबादत करें अपनें अगले पिछले गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से खुब दुआएं मागे यह रात अल्लाह से इनाम लेने की रात है। चंद दिनों बाद रमजान मुबारक का महीना शुरू होने वाला है हम सब मुसलमान इस महीने की अच्छे से कदर करें। इस्लाम झगड़े का मजहब नहीं है इस्लाम प्यार व मोहब्बत का पैगाम देता है। गोरीनवादा के कारी अब्दुल हसीब ने नाते पाक गुनगुनाते हुए कहा कि लव पे नाते नवी का नगमा कल भी था और आज़ भी है। सब कुछ गुम्बदे खजरा कल भी था और आज भी है। मुल्क में अमन और चैन की मांगी गई दुआएं। जलसे की निजामत मौलाना मो0 फैय्याज कासमी नाजिम मदरसा फैजाने इलाही ने की इस अवसर पर मौलाना मसूद अहमद, हाफिज इसराइल, मौलाना आसिफ अली, हाफिज अतीक व नौजवाने कमेटी के लोकसभा प्रत्याशी डाक्टर मो0 दानिश,मो0 फहीम शेख़, मो0 तालिब, अजहरुद्दीन खान,मो0 फैसल,मो0 आज़म, अदनान,मो0 कैंफ ,मो0आहद, डाक्टर नजीब, जीसान, मिर्जा खान,मो0 सर्वर,मो0 कामिल,मो0 कैंफ बंटीं आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

# भाजपा ने शिक्षा को पारदर्शी बनानें का कार्य किया है: सुब्रत पाठक

**सांसद नें वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**भाजपा सरकार** नें विद्यार्थियों के हितों एवं शिक्षाक्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये हैं। शिक्षा को पारदर्शी बनानें के लिये नकल अध्यादेश लागू किया गया। जिससे पूरे देश में नकल विहीन परीक्षायें सम्पन्न हो रही हैं। युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारनें एवं शिक्षा के लिये प्रेरित करनें के लिये स्कॉलरशिप, स्मार्ट फोन देकर आधुनिक शिक्षा से जोडनें का कार्य किया है।

यह बात रविवार की शाम नगर के तिर्वारोड सीएचसी रोड स्थित केसी एजूकेशन में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान सांसद सुब्रत पाठक ने कही। इससे पूर्व वार्षिक उत्सव समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि रामकुमार पाठक, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, ठा. हरिबख्स सिंह, राजीव सिंह नें दीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद विद्यालय की छात्र/छात्राओं ने स्वागत गीत, लोक नाटक, भारतीय संस्कृति, देशभक्ति से ओत प्रोत गीत व कवितायें प्रस्तुत कर अतिथियों को मन मोह लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि छात्र-छात्रायें अपनी शिक्षा के बल पर सफलता का नया आयाम स्थापित कर विद्यालय सहित परिजनों का नाम रोशन करें। इससे पूर्व विद्यालय के डायरेक्टर संजीव चौहान एवं प्रेसीडन्ट राज गुप्ता नें अतिथियों को फूल मालाये पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राजीव चौहान सहित तमाम अभिभावक व नागरिक मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलित करते अतिथि व सांसद के स्मृति चिन्ह देते आयोजक व मौजूद लोग

# भट्टा में गिरा मजदूर झुलसा मालिक ने इलाज से मोडा मुंह

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों पूर्व एक ईट भटटे पर मजदूरी कर रहा युवक भटटे में गिरकर गंभीर रुप से झुलसकर घायल हो गया। जिससे आनन फानन में भटटा मालिक द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दो दिन इलाज करानें के बाद भटटा मालिक मजदूर को उसके हाल पर छोड दिया।

विगत 18 फरवरी को ग्राम खाडेदेवर निवासी पप्पू पुत्र नाथूराम कई वर्षो से एमआई ईट भट्टा ग्राम खांडेदेवर में मजदूरी का कार्य कर रहा था। भटटा मालिक द्वारा मजदूर को सुरक्षा उपकरण की सुविधा नहीं दी गई जिसके कारण भट्ठे के अंदर झुकाई करते समय जल रही आग में अचानक गिर गया। जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। भट्टा मालिक द्वारा घायल मजदूर का एक निजी अस्पताल में दो दिन इलाज करानें के बाद उसके हाल पर छोड दिया गया। अर्थिक स्थिति दयनीय होनें के कारण मजदूर पप्पू अपने घर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।



# महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने सात दिवसीय शिविर का किया शुभारंभ

**राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रथम दिवस का कार्यक्रम संपन्न**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**गुगरापुर क्षेत्र** के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। प्रथम सत्र के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी (कार्यवाहक) प्रो. मोहिनी शर्मा ने सात दिवसीय शिविर की रूप रेखा से अवगत कराया व एनएसएस का लक्ष्य मुझसे पहले आप के महत्व को समझाया। शिविर के द्वितीय सत्र में महिला मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष गीता पाठक ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में प्रत्येक छात्र छात्राओं को बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिये। यह योजना विद्यर्थियों के व्यक्तित्व के निर्माण व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति ने एनएसएस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की योजना है। जिसे औपचारिक रूप से 24 सिंतबर 1969 को शुरू किया गया । एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेने बाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते हुए अपने व्यक्तित्व का भी निर्माण करते है। इस दौरान डॉ सुरेन्द्र कुमार, अनुशासक दिलदार सिंह यादव, अकाउंटेंट मोरपाल सिंह, सचिन कुमार यादव व छै के सक्रिय स्वयंसेवक संजना, सिद्धि पाठक,रिशु, रागनी यादव, सोनिका, दीपिका, शिवानी, प्रज्ञा मिश्र आदि रहे।




# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नगर के** विशुनगढ़ रोड स्थित एस0 पी0 एल0 आदर्श विद्यालय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 328 बच्चों ने प्रतिभा किया। बच्चों ने देश - दुनिया, पर्यावरण, भूगोल, इतिहास, विज्ञान, संविधान, मानव शरीर आदि विषयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में जमकर माथा पच्ची की। अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। इससे देश दुनिया की जानकारी भी हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने बच्चों को उत्साह के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से मानसिक विकास के साथ-साथ बहुमुखी प्रतिभा का विकास करने की पहल है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालक की अंतर्निहित आत्मा के ज्ञान का विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को प्रत्येक क्षेत्र की जानकारी होनी चाहिए चाहे वैज्ञानिक क्षेत्र की हो कृषि क्षेत्र की हो या देश-विदेश से संबंधित हो, राज्यों से संबंधित हो आदि सभी जानकारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा ही प्रदान करना संभव है। इस अवसर पर शिक्षक अमित कुमार, यतेंद्र कुमार, मनीष पाल, ऋषभ श्रीवास्तव, आर्जन शर्मा, मो0 सहीम, धीरेंद्र सिंह, अनीता देवी, शिवानी राजपूत, दिव्या शर्मा, नम्रता यादव, शिखा पाल, सोनाली दुबे, प्रिया दुबे, सलोनी राठौर, प्रियांशी दुबे सहित समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।





# लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ

**प्रदेश का पहला स्कूल बना सीसीए**

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अपर जिला** जज एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने सिटी चिल्ड्रंस अकैडमी में समाज के पीड़ित बच्चों महिलाओं व दिव्यांगों को कानूनी सहायता सुलभ कराने के उद्देश्य से स्थापित किए गए %लीगल एड क्लीनिक% का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह %क्लीनिक% शुरू करने वाला सीसीए प्रदेश का पहला स्कूल बन गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में, घर पर या समाज में बच्चों के उत्पीड़न की घटनाएं आम है। लेकिन कानूनी जानकारी की कमी या शर्मिंदगी की वजह से उनकी रिपोर्ट नहीं कराई जाती है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। ठीक इसी तरह कार्य स्थल व अन्य जगहों पर महिलाओं के शोषण की समस्या भी है। उन्होंने बताया कि यह केंद्र न केवल बच्चों, महिलाओं व दिव्यांगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देगा बल्कि उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर सिमरन प्रकाश शर्मा, सीमा बानो, उषा उपाध्याय, अभिषेक दुबे एडवोकेट, विवेक मिश्रा, राम यादव व प्रेमानंद नायक आदि उपस्थित रहे।






**वार्षिक समारोह** | **जमीन पर उतरे नन्हे मुन्ने सितारे**

# मानो सितारे जमीन पर उतर आए हों

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

सुनहरे पंखों से सजे रुपहले मंच पर उनकी शरारती अठखेलियां, मासूम खिलखिलाहट और आत्मविश्वास व उत्साह से लबरेज , मुग्ध कर देने वाली उनकी चुलबुली नाट्य - नृत्य प्रस्तुतियां। सब कुछ इतना आल्हादक और सम्मोहक था कि अपर जिला जज लवली जायसवाल कह उठीं कि मानो तारे जमीन पर उतर आए हैं। वह सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी के प्री प्राइमरी किड्स के वार्षिक समारोह 'पंख 2024' में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।प्रज्वलन के पश्चात शास्त्रीय भाव भंगिमा के साथ केजी क्लास के बच्चों ने सरस्वती नृत्य प्रस्तुत किया। पारम्परिक ओपनिंग सेरिमनी %पीस इस रिलिजन% के द्वारा सामाजिक एकता, सर्वधर्म समभाव व विश्व बंधुत्व का प्रभावी संदेश प्रसारित किया गया।बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी व विधि के सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम को देखकर हमें अपना बचपन याद आ गया। ऐसा लगा कि मानो तारे जमीन पर उतर आए हैं। अपने संदेश में उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन, गैजेट्स व टेलीविजन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए अभिभावकों को स्वयं किताबें पढ़ने तथा बच्चों को मनोरंजन व व्यक्तित्व निर्माण के लिए बुक रीडिंग की आदत को विकसित करने की सलाह दी।बच्चों को शारीरिक व मानसिक शोषण से बचने के लिए उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों को पोक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि वह बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में सजग और जागरूक करें। उन्होंने ड्राइंग कंपटीशन के विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व उपहार भी वितरित किए। इस अवसर पर प्ले ग्रुप के बच्चों ने नर्सरी राइम्स %कुक्कूज% व %मिकी माउस% (रॉक एंड रोल) पर मोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं ।जेकेजी के बच्चों द्वारा अभिभावकों को समर्पित कार्यक्रम %द बेस्ट गिफ्ट ऑफ गॉड% बेहद सराहा गया।अकादमी के सीईओ विश्वास प्रधान ने प्री प्राइमरी के बच्चों के साथ मदर टीचर्स की रिलेशनशिप पर प्रकाश डाला। टी रोड की अकादमिक हेड रितालिमा नायक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कन्वीनर मधु प्रधान, कोऑर्डिनेटर अक्षया नायर व प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन नन्हे मुन्ने बच्चों के अलावा मिशेल शेफर्ड व आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया। चेयरमैन प्रदीप प्रधान व प्रशासिका सुधा प्रधान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शानदार रंगारंग ग्रैंड फिनाले के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।







# किसान महापंचायत का हवन पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

▸ समस्याओं से संबंधित जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान यूनियन** भानु गुट द्वारा ग्राम हरिहरपुर के सामने धरमपुर मढ़ी के पास अनिश्चितकालीन विशाल किसान महापंचायत का शुभारंभ हवन पूजन करने के बाद किया गया। इस मौके पर दर्जनों वाहनों, मोट साइकिल व अन्य वाहनों से किसान एवं पदाधिकारी महापंचायत में शामिल हुए। प्रथम दिवस होने की वजह से आंदोलन थोड़ा विलंब से शुरू हुआ। इस मौके पर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें कहा गया कि पांचाल घाट गंगापार पुल के उत्तरी तरफ शमशान घाट पर टीन शेड डलवाया जाये, ताकि शव के अंतिम संस्कार करने वाले परिजनों व अन्य



किसान महापंचायत को संबोधित करते डॉ0 अरविंद गुप्ता — समृद्धि न्यूज

लोगों को वर्षा, धूप के बचाव हेतु स्थान मिल सके, शमशान घाट पर प्याऊ लगवाया जाये, जिले की हर तहसील व ब्लाक स्तर पर किसानों के खेत की मिट्टी मृदा परीक्षण कराया जाये, सातनपुर मंडी में लाखों की संख्या में आलू किसान तथा अन्य किसान व व्यापारियों का आवागमन होता है। रोड अधूरा पड़े होने के कारण जाम की स्थिति व दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। अतः मंडी रोड का निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाये, ट्रक इत्यादि को मंडी रोड के किनारे खड़ा कराया जाये, ताकि आवागमन बाधित न हो सहित कई मांगें शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सोमवंशी, प्रदेश महासचिव संजय सोमवंशी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश उर्फ बबलू दीक्षित, जिला महासचिव डॉक्टर शिशुपाल सिंह, जिला सचिव वरजोर सिंह, जिला उपाध्यक्ष रक्षपाल सिंह सोमवंशी, जिला सचिव बबलू यादव, मनोज राठौर, मुन्ना राठौर, जिला उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रचार मंत्री, डॉक्टर अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आदित्य राजपूत, जिला उपाध्यक्ष शिवपाल सिंह फौजी सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता, किसान बंधु भारी संख्या में इस महापंचायत में सम्मिलित हुए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मृतक का फाइल फोटो



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**संदिग्ध परिस्थितियों** में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम रमन्ना गुलजारबाग निवासी अनुज शाक्य पुत्र राधा किशन शाक्य उम्र 20 वर्ष दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। 16 फरवरी को वह अपनी भतीजी के मुगौर कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कल शाम 9 बजे वह बरामदे में सो गया था। रात किसी समय छत के कुंडे में उसने मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह 6.30 पड़ोस के रहने वाले तेज सिंह ने उसे फांसी पर लटके देखा, तो घटना की सूचना परिजनों को दी। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक का एक भाई आकाश, दो बहनें आरती, पूजा तथा मां का नाम सियारानी है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया युवक प्रेम विवाह करना चाहता था, जबकि परिजन उसकी शादी दूसरी जगह करना चाहते थे। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पाक्सो एक्ट के मामले में युवक पर दोष सिद्ध

▸ सजा पर सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि नियत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने कमलेश पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम नगला उमराव खेमरेगाई को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

विगत 9 वर्षों पूर्व थाना नबाबगंज क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस दी गयी तहरीर में बताया कि 12 फरवरी 2015 को तेजराम का साला इंद्रजीत पुत्र रामनाथ सिंह निवासी नगला उमराव कमालगंज मेरी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। मेरी पुत्री अपने साथ जेवर व बीस हजाार रुपये नगद ले गयी थी। मेरी पुत्री को जाते समय गांव के कुछ लोगों ने देखा था। हम लोगों ने लड़की का पता लगाने की बहुत कोशिश की, परन्तु पता नहीं लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने इंद्रजीत, कमलेश पुत्रगण रामनाथ निवासी उमराव खेमरेगाई, रामवीर पुत्र दीनदयाल निवासी शुकरुल्लापुर के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। रामवीर की पत्रावली पृथक हो गई। साक्ष्य के अभाव में इंद्रजीत को दोष मुक्त कर दिया गया। न्यायधीश सुमित प्रेमी ने कमलेश को दोष सिद्ध कर सजा पर सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि नियत की है।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज विकास** खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के लिए बनाई गई लाइब्रेरी का उद्घाटन कर विद्यालय में वृक्षारोपण किया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपालपुर में बने प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने पहुंचकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने बैंड बाजे के साथ खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। विद्यालय परिसर में शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की विद्यालय की साज सज्जा तथा छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के अलावा एक गौरव की बात है कि एक सरकारी विद्यालय में इस तरह से बच्चों का कार्यक्रम देखने को मिला है। वहीं शिक्षकों की भी उन्होंने सराहना की।




लाइब्रेरी का उद्घाटन करते खंड शिक्षाधिकारी — समृद्धि न्यूज

उन्होंने पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डाला। अभय सिंह गंगवार ने कहा पुस्तकालय पुस्तकों का गर्भगृह होता है। उन्होंने रचनात्मक पंक्तियां पढ़ीं, नित नई-नई पुस्तकों के ज्ञान से भर लो अपना-अपना मस्तक। उन्होंने पुस्तकालय की उपयोगिता बताई। उन्होंने विद्यालय के भौतिक परिवेश एवं शिक्षण एवं अन्य क्रियाकलापों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, प्रधानाध्यापिका शिवानी सिंह, सहायक अध्यापक अभय सिंह गंगवार, सुधीर कुमार तथा मूवीस अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## हत्या के मामले में तीन युवकों को आजीवन कारावास

▸ 4 लाख 65 हजार रुपए के जुर्माने से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेस्टोरेंट में जन्मदिन का सेलिब्रेशन पर कर रहे युवाओं पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें एक युवक की हत्या हो गयी थी। अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने रोहित पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी बाबरपुर मऊदरवाजा, मनोज राजपूत पुत्र हरिकिशन राजपूत निवासी श्यामनगर, टिंकू शुक्ला पुत्र स्व0 रामनाथ निवासी बजरिया निहालचंद को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत मे लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया है। बीते 6 वर्ष पूर्व शहर कोतवाली पुलिस को अवधेश सिंह चौहान पुत्र स्व0 शिव सिंह चौहान निवासी मोहल्ला मेमरान ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया था कि मेरा पुत्र अर्पित चौहान उर्फ अंशु 24 वर्षीय 20 अक्टूबर 2018 को शाम लगभग 10 बजे अपने मित्रों के साथ अपना जन्मदिन मनाने हेतु रेलवे रोड स्थित वैशाली रेस्टोरेंट पर गया था। वहां पर पहले से रोहित, मनोज राजपूत, टिंकू शुक्ला व दो अज्ञात लोग रेस्टोरेंट मालिक व अन्य कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। इन लोगों के मना करने पर उक्त लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से मेरे पुत्र के ऊपर फायरिग कर दी थी। जिससे मेरे पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने रोहित, मनोज, टिंकू शुक्ला को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक आरोपी को एक लाख 55 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया।

## पत्नी की ईंट मारकर हत्या करने वाले पति को 10 वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब के नशे में पत्नी से रुपये मांगने पर न देने पर पति ने ईंट मार दी थी। जिससे महिला की मृत्यु हो गयी थी। जिसमें अपर जिला जज कक्ष संख्या-7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने श्री कृष्ण कुमार पुत्र टिल्लू निवासी लोहिया नगर कमालगंज हाल पता खोड़ा गॉव फरीदाबाद को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 6 वर्षो पूर्व थाना कमालगंज पुलिस को राजेन्द्र कुमार ने दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी मौसी बिटोली, मौसा श्री कृष्ण निवासी लोहियानगर कमालगंज दूसरे मौसा भगवानदास के लड़के की शादी में आये थे। शादी के बाद दिल्ली वापस जाने वाले थे कि मौसा ने नशे में मौसी विटोली से रुपये मांगे। मना करने पर गुस्से में मौसा ने मौसी के सिर में ईंट मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घयाल हो गयी थीं। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहाँ पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र की पैरवी के आधार न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने श्री कृष्ण को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास व 10 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## करंट से किशोरी झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम नेकपुर निवासी राशि उम्र 13 वर्षीय पुत्री सरजन कुमार अपनी रिश्तेदारी कायमगंज आई थी, तभी अचानक वह विद्युत करन्ट की चपेट में आ गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया।

# सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**कन्नौज जिला** के थाना गुरसहायगंज के गांव लाडपुर तेरा जाकेट निवासी अमन पुत्र स्वर्गीय अजय पाल ने लिखाए गए मुकदमे में बताया 12 फरवरी को शाम 4.00 के लगभग में मेरी बहन एकता मेरे भाई अनमोल के साथ नीलेश निवासी मोहद्दीनपुर के घर मिलने जा रही थी, तभी गदनपुर देवराजपुर के पास पीछे से आ रहे टेंपो के चालक अखिलेश पुत्र टेसू ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसे मेरी बहन एकता गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में टेंपो चालक अपना टेंपो लेकर फरार हो गया। मौके पर खड़े ग्रामीणों की मदद से बहन को सिटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर सड़क दुर्घटना का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया।

# युवक को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली कायमगंज** पुलिस ने सोनू कोहली को गोली मारने के मामले में युवक आशू उर्फ शेखर कोरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मोहल्ला श्यामा गेट गंगा दरवाजा कूंचा निवासी आशू उर्फ शेखर पुत्र अवध बिहारी की निशादेही पर घूरे में दबाए गए 315 बोर के तमंचे को बरामद कर लिया है। मालूम हो की आशू ने 23 फरवरी की रात प्रेम नगर निवासी ऋषिपाल कोली के पुत्र सोनू कोहनी को गोली मार दी थी। पेट में गोली लगने से सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऑपरेशन करके सोनू के पेट से बुलेट निकाल दिया गया है। सोनू मोहल्ले के दोस्त संजय ठाकुर के जन्म दिवस पर गया था। सोनू के घर से निकलते ही उसे गोली



पुलिस हिरासत में आंशू उर्फ शेखर कोरी — समृद्धि न्यूज

लग गयी थी। बताया जाता है की आशू ने जन्मदिन की खुशी में तमंचे से फायरिंग की थी। जब वह तमंचा लोडकर फायर करने जा रहा था, उसी दौरान चली गोली सोनू कोहली को लग गई थी। आशू ने घटनास्थल के निकट घूरे के ढेर में तमंचे को छुपा दिया था। पुलिस को तमंचे में चलाए गए कारतूस के खोखे के अलावा दो अन्य कारतूस भी मिले हैं।

# दहेज हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दहेज हत्या** के मामले में अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह ने माईका देवी पत्नी भगवानदास राजपूत, राजू पुत्र भगवानदास, विद्या देवी पत्नी राजू निवासीगण मोहल्ला दीनदयाल बाग को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

जानकारी के अनुसार बीते सात वर्षों पूर्व शहर कोतवाली पुलिस को हरगोविंद पुत्र कालीचरण ने दी गयी तहरीर में बताया की मैंने अपनी बहन शीला राजपूत की शादी शैलेन्द्र राजपूत के साथ की थी। मेरा बहनोई जुआरी, शराबी किस्म का व्यक्ति है। इस बात को लेकर अक्सर बहन बहनोई में झगड़ा होता रहता था। हम लोगो ने काफी समझाया, परन्तु वह नहीं माना और अक्सर बहन के साथ मारपीट करता था। दिनांक 6 सितम्बर 2017 को सूचना मिली कि शैलेन्द्र, भगवानदा, माईका देवी, राजू, विद्या देवी ने मेरी बहन को जान से मारने की नियत से उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिससे मेरी बहन गंभीर रूप से जल गयी। जब हम अपने परिवार के साथ बहन की ससुराल गए, तो वहां जानकारी हुई कि बहन शीला लोहिया अस्पताल में भर्ती है। इलाज के समय शीला की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में भगवानदास, माईका, राजू, विद्या देवी के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन की ओर से अशोक कटियार, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने माईका, राजू, विद्या देवी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मुकदमा विचारण के समय भगवानदास की मृत्यु हो गई थी।

# मानव जीवन के लिए धीमा जहर साबित हो रही कच्ची शराब

▸ तमाम प्रयास के बाद भी नहीं लग रही इसकी बिक्री पर रोक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस के** तमाम प्रयास के बावजूद कच्ची शराब का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। न जाने कितने लोग अब तक इस शराब का सेवन करने से दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। इसके बावजूद शराब कारोबारी चंद पैसों के लालच में मानव के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार गिहार बस्ती लकूला में कच्ची शराब का कारोबार कई वर्षों से होता चला आ रहा है। यहां पर पुलिस गाहे बगाहे छापेमारी करती रहती है और छापामारी में बरामद लहन को नष्ट कर देती है। कारोबारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाते हैं। सिर्फ औरतें ही घरों पर मिलती हैं। पुलिस के काफी हिदायत देने के भी इस कारोबार पर



छिपाकर रखी गयी लहन

अंकुश नहीं लग पा रहा है। जब इस संबंध में कारोबारियों से पूछा गया कि वह यह कारोबार क्यों करते हैं, तो उनका साफ करना है कि वह करें तो क्या करें। प्रशासन उन्हें रोजगार मुहैया नहीं करता है। शराब बनाकर बेचना उनकी मजबूरी है। सूत्रों के मुताबिक यह शराब यूरिया व अन्य कैमिकलों से मिलाकर बनायी जाती है। यदि इसका लगातर सेवन किया जाये, तो चार-पांच सालों में व्यक्ति की मौत हो जाती है। शाम के समय यहां पर बड़ी संख्या में शराबियों का जमावड़ा लगता है। शराब पीने के बाद शराब इधर उधर पड़े दिखायी देते हैं। बताते हैं कि शराब की बिक्री महिलायें करती हैं। जो हर साजोसामान मुहैया कराती हैं।

# प्रशासन को शायद फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार

▸ सवारियों को भूसे की तरह भरकर फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर ट्राली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आये दिन** ट्रैक्टर ट्रालियों से हो रहीं दुर्घटनाओं के बाद भी प्रशासन नहीं चेत रहा है। सवारियां से भरी ट्रैक्टर ट्राली मुख्य मार्गों पर फर्राटा भरती नजर आ जायेंगी।

ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कासगंज में हुई दुर्घटना ने पूर्व में हो चुकी दुर्घटनाओं की याद ताजा कर दी। एक के बाद एक दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। फिर भी लोग इनसे सबक नहीं ले रहे। हादसे के बाद भी ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर आते जाते रहे, लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस ने रोकटोक करता नहीं दिखा।

बीते वर्ष 4 अप्रैल 2023 को कायमगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 35 लोग घायल हो गए थे। वहीं 12 अप्रैल 2024




सवारियां भरकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली — समृद्धि न्यूज

को शमशाबाद क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 31 लोग घायल हो गए थे। वहीं 21 जनवरी 2024 को नवाबगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई थी। कानपुर की दुर्घटना के बाद यह चर्चा बड़ी तेज चली कि ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियों को नहीं बैठने दिया जाएगा। सवारी के साथ पकड़े जाने पर दस हजार का जुर्माना भी भरना पड़ेगा। यह भी कहा गया है कि सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। अब ट्रालियों का पंजीकरण मात्र कृषि कार्य के लिए होगा। वाणिज्यिक पंजीकरण पर रोक लगा दी जाएगी। चार पहिया ट्रालियों का ही पंजीकरण होगा।

दो पहिया ट्रालियों का न तो पंजीकरण होगा और ना ही निर्माण, लेकिन इन बातों को कार्य व्यवहार में कितना लाया गया। इसका अनुमान लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लगाया जा सकता है।

# महिलायें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनकर अहम भूमिका निभा रही है: मिथलेश अग्रवाल

**भाजपा ने महिलाओं व बेटियों का बढ़ाया सम्मान: बबिता पाठक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम को सम्बोधित करती मिथलेश अग्रवाल — समृद्धि न्यूज

**सोमवार को** कायमगंज के सीपी गेस्ट हाउस में कायमगंज विधानसभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन हुआ। स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से संबंधित महिलायें मौजूद रही। अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि नारी के सम्मान से ही समाज का सम्मान सुरक्षित है। पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य डा0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आज महिलाओं को किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं होती है, वह आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनकर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा वर्तमान युग में नारी को कमजोर समझने वालों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। आज की नारी समाज में अग्रणी भूमिका दिखाकर हर रिश्ते को बखूबी निभाने का कार्य कर रही है। नारी को देवी का स्वरूप कहा गया है। केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से गांव-गांव की महिलाएं जागरूक हो रही है। बबीता पाठक ने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने बेटियों और महिलाओं के सम्मान के लिए हर स्तर पर कार्य किया है। भाजपा ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनने का कार्य किया। संचालन रश्मि दुबे ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, ममता सक्सेना, शिवांग रस्तोगी, मोनिका अग्रवाल, प्रिया गुप्ता, यूपी सिंह, अरुण दुबे, आकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# आईटीआई चौकी में दरोगा व लेखपाल के खिलाफ किसानों ने किया अनशन शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने हुए विवाद को लेकर आईटीआई चौकी के दरोगा व लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर धरना देकर अनशन पर बैठ गये है।

नगला खैरबंद में दो पक्षों के विवाद का मामला सिविल न्यायालय में चल रहा है। बीते दिन काम रोका गया था। इस विवादित स्थान पर काम होने लगा है। आईटीआई चौकी इंचार्ज व लेखपाल पर आपसी सांठगांठ का आरोप लगाते हुए भाकियू नेता धरने पर बैठ गये। किसान नेताओं ने दोनों पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए धरना देकर अनशन शुरु कर दिया है। अनशनकारी कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, विधिक सलाहकार अजय कटियार, नगर अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, रामबरन राजपूत, अभय यादव, अनीस सिंह सहित आधा दर्जन कार्यकर्ता अनशन पर बैठे है। सूचना मिलते ही धरने पर बैठे अनशनकारियों के पक्ष में भीड़ बढ़ती जा रही है।



आईटीआई चौकी में धरना देते किसान नेता

## खबरें एक नजर में

### गली में जलभराव से लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कत



गली में जलभराव का एक दृश्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गली में जलभराव से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। आसपास के लोगों ने चेयरमैन से सड़क को दुरुस्त कराये जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब इधर से निकलते हैं, तो उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज मदर इंडिया तथा जेएस इंटर कॉलेज वाली गली में कई विद्यालयों का रास्ता होकर निकलता है। जहां बच्चों के केंद्र भी कई विद्यालयों में है, लेकिन यहां से गुजरने पर छात्र-छात्राओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गली में इतना जलभराव है जहां से निकलना भी मुमकिन नहीं है। बहुत से तो लोग इधर-उधर से घूमकर निकल जाते हैं, लेकिन जो कॉलेज के लिए जाते हैं उनके लिए कोई और उपाय नहीं है। वह पानी के भरे रास्ते से होकर गुजरते हैं। ऐसे में जिम्मेदारों को सोचना चाहिए की रास्ते को दुरुस्त कराकर और जलभराव की व्यवस्था सही कराकर छात्र-छात्राओं तथा वहां पर रहने वाले लोगों को परेशानियों से बचाया जा।

### मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गाँव अखमेलपुर निवासी रामजी पुत्र अखिलेश बाइक से घर जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे दौलतपुर निवासी राहुल पुत्र दिनेश ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी। जिसके कारण तीनों लोग घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ डॉक्टर विकास पटेल ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।

### बेवजह दरवाजे पर गाली-गलौज करने पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र बालकराम ने लिखाए गए मुकदमे में बताया मैं अपने परिवार में माता गुड्डी देवी पत्नी रामनंदिनी तथा बहन रामकत्री सहित दरवाजे पर बैठा था। शाम लगभग 6.00 बजे गांव के ही आदेश ने आकर गाली-गलौज किया। जिसका मैंने विरोध किया। विरोध करने पर आदेश तथा अंकेश, मोहन, आरती तथा कांति देवी ने मारपीट की। जिससे मेरी माता गुड्डी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### बच्ची की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम कैल्था निवासी काव्या उम्र 2 वर्ष पुत्री राजू की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सीएचसी में लेकर आये। जहाॅ डाक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बहु बेटे पर परिजनों को जलाकर मारनें के प्रयास किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की संपत्ति हथियानें के लालच में बेटे बहु ने अपने साथियों की मदद से पूरे परिवार को जान से मारने की नीयत से सिलेंडरों को खोलकर एवं पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी प्रकाश नारायण चतुर्वेदी स्वर्गीय ओमप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की देर रात वह अपने घर में था तभी उसका बेटा कुलदीप नारायण एवं बहु सोनी ने उसकी संपत्ति हथियाने के लालच में पूरे परिवार को जान से मारने के नियत से अपने रिश्तेदार दिनेश तिवारी व आकांक्षा के सहयोग से सुनियोजित ढंग से घर में पांच भरे हुए सिलेंडर खोलकर व पूरे घर में एवं वाहनों पर पेट्रोल छिड़क कर और लाल मिर्च फैलाकर आग लगा दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 169 जोड़े हुए एकदूजे के

**विवाह समारोह में कोई विधायक नहीं पहुंचा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




वर-वधू पर पुष्पवर्षा करते सांसद व अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री सामूहिक** विवाह समारोह योजना के अन्तर्गत 169 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में 169 जोड़े एकदूजे के हुए। बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान में विवाह समारोह में 162 शादियां हुई। 7 जोड़ों का निकाह कराया गया। विवाह समारोह में सांसद के अलावा कोई विधायक नहीं पहुंचा। जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पहुंची। जब सभी जोड़े विदा होकर जा चुके थे। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार, समाज कल्याण अधिकारी, श्रम उपायुक्त, नगर पालिका कर्मचारी व ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत हुए विवाह समारोह में जनपद का कोई भी विधायक कार्यक्रम में नहीं पहुंचा, जबकि सभी विधायकों के बैनर पर नाम अंकित थे। जनप्रतिनिधि के तौर पर केवल सांसद मुकेश राजपूत ही पहुंचे। विधि विधान से वर-वधू ने एकदूजे को माला पहनाई। आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 162 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया। वहीं मौलाना ने निकाह पढ़कर 7 जोड़ों की शादियां कराई। आशीर्वाद के साथ सभी को विदा किया गया। वहीं भोजन करने के दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। संचालन दीपिका त्रिपाठी ने किया।

# सरकारी जमीन से कब्जा नहीं छोड़ रहे दबंग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**लेखपाल के** पैमाइश करने के बाद भी सरकारी जमीन से दबंग कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं, जबकि उपरोक्त जमीन ग्राम पंचायत में आरसी सेंटर के लिए चिह्नित की गई है। प्रधान पति ने थाने में तहरीर दी है।

विकास खंड क्षेत्र नवाबगंज की ग्राम पंचायत भावन के ग्राम प्रधान पति संजीव कुमार ने ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर थाना पुलिस से लिखित तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बीते दो दिन पूर्व क्षेत्रीय लेखपाल से शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत में सरकारी राशन की दुकान के निर्माण करने के लिए शासन स्तर से धन मुहैया कराया था। जिससे सभी ग्राम पंचायत में सरकारी राशन की दुकानें बनाई जा सके। जिस पर शासनादेश के अनुसार जिला अधिकारी अपने अधीनस्थों को हर मीटिंग में आरसी सेंटर का निर्माण करने के लिए जोर दे रहे हैं। जिस पर ग्राम पंचायत के प्रधान पति आरसी सेंटरों के लिए जमीन की पैमाइश कराकर और उन पर निर्माण करना चाह रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत के दबंग लोग लेखपाल की पैमाइश करने के बावजूद भी कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। जिसे लेखपाल व ग्राम प्रधान पति ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# शनिदेव मंदिर के चौथे वार्षिकोत्सव पर हुआ भंडारा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**



हवन पूजन में भाग लेते अरुण गुप्ता व परिजन

**कस्बे के** हनुमान मंदिर के निकट कानपुर-फर्रुखाबाद मार्ग पर बने शनिदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार की सुबह आचार्य पंडित राकेश कुमार शुक्ला व आचार्य राधा मोहन के द्वारा विधि विधान से हवन पूजन करवाया गया। वैदिक मंत्रों से वातावरण गूंज उठा। पूजन में यजमान के तौर पर अरुण गुप्ता अपने परिवार के सहित शामिल हुए। इसके बाद में हवन पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। हवन पूजन के पूर्ण होते ही भगवान शनि देव का भोग व प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने भगवान का प्रसाद पाया। यहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और प्रसाद पाया। इस मौके पर श्याम शास्त्री, वरुण, मोहित गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता में टॉप 10 बच्चे हुए सम्मानित

**बीईओ सतीश कुमार वर्मा ने मैडल पहनाकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास खण्ड** शमशाबाद क्षेत्र में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय गणित, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय रोशनाबाद में सम्पन्न हुआ। 97 बच्चों ने प्रथम चरण की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें 42 प्रतियोगी द्वितीय चरण की प्रतियोगिता के चयनित किये गये। दोनों चरणों की परीक्षा के प्राप्तांक एवं साक्षात्कार के आधार पर टॉप 10 बच्चों का चयन किया गया।




बच्चों को सम्मानित करते बीईओ सतीश कुमार वर्मा

खण्ड शिक्षाधिकारी शमशाबाद सतीश कुमार वर्मा द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मनोज गंगवार, निवास वर्मा, एआरपी राहुल कुमार गंगवार, विनीत गुप्ता, अभिषेक ओमर, सूर्यकांत दुबे, जयपाल, अमन, असगर हुसैन आदि ने निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। टॉप 10 बच्चों में 44 अंक लेकर पवन राजपूत प्रथम, 42 अंक के साथ पीयूष सक्सेना द्वितीय, 39 अंक के साथ शुभ तृतीय, 37 अंक के साथ नेहा चतुर्थ, 36 अंक के साथ सरिता यादव पंचम, 33 अंक के साथ विश्वास सागर षष्ठम, 32 अंक के साथ काजल सप्तम, 30 अंक के साथ प्रयांक अष्ठम व 30 अंक के साथ गायत्री नवम, 30 अंक के साथ सौम्या दशम स्थान पर रही। सभी टॉप टेन 10 बच्चों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वीप के अंतर्गत सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेंहदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारत निर्वाचन** आयोग के निर्देशन में जनपद के स्वीप नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में निर्देशित स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में सोमवार को सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिवानी प्लोमर के निर्देशन में विद्यालय की मतदाता साक्षरता क्लब की छात्राओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लगभग दो दर्जन छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपने हाथों पर मतदान संबंधी मेहंदी के भावों को उकेरते हुए मतदान का संदेश दिया। प्रधानाचार्य एस्टर रोज दयाल ने सभी को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस पर अधिक से अधिक वोट डाले जाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि प्रजातंत्र में वोट का अधिकार हम सबको मिला है, आता है, हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपना वोट योग्य प्रत्याशी को ही दे। जिससे अपने नगर का बहुआयामी विकास हो सके तथा आगे आने वाले 5 वर्ष में जनपद का नाम श्रेष्ठ जनपदों में गिना जा सके।



मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कोई नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम को साकार बनाना है और जनपद को सर्वाधिक मतदान कराए जाने हेतु हम सभी एक जुट होकर इसके लिए प्रयास करेंगे। जनपद में शत-प्रतिशत वोट कराए जाने का प्रयास करेंगे।

# पुलिस नें भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित दो को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कर दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

बीते रविवार को अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में गस्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर सरकारी ट्यूबवेल 18 नंबर से पहले पहुंचे जहां एक संदिग्ध युवक पुलिस बल को देखकर भाग खड़ा हुआ। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर इस्माइलपुर के मोहल्ला शांति नगर निवासी संजीव पुत्र रामकिशन जाटव के पास से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया गया। उसके बाद इस्माइलपुर अंडरपास से समधन की ओर जाने वाले मार्ग पर छापेमारी कर राहुल पुत्र अमर सिंह जाटव के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# समस्याओं को लेकर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार गुट) ने जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम संजय कुमार को सौंपकर मांग की है कि मेरे खेत के रास्ता को दबंगो ने कब्जा कर बंद कर दिया है। जिसे खुलवाया जाये। हुजूर सिंह निवासी ज्योनी परगना तहसील कायमगंज के खसरा नम्बर 502 की जमीन भूमिधर है। मैने निकलने के लिए रास्ता छोड़ रखी थी। उसके बावजूद भी गांव के दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। निहास भरकर रास्ता बंद कर दिया है। रास्ता खुलवाने के लिए कहा तो वह गाली-गलौज कर मारपीट करने पर अमादा हो गये। इससे पूर्व भी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। दूसरे ज्ञापन में कम्पिल क्षेत्र के मजदूरों से शमशाबाद ब्लाक में काम करवाया जा रहा है। अभी तक मजदूरी नहीं दी गई है। ब्लाकों में कर्मचारी मनमानी कर रहे है। ऐसे कर्मचारियों के तबादले गैर जनपद किये जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जय किशन, श्याम पाल, ज्ञानचन्द्र कश्यप, जिलेदार, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**मांग** — ज्ञापन देकर पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की उठायी मांग

# आप ने की पुलिस भर्ती दोबारा जल्द कराये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**यूपी पुलिस** भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच के सन्दर्भ में आम आदमी पार्टी ने जल्द से जल्द परीक्षा कराये जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि यूपी पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा पेपर लीक की हाई कोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए। पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को 01 माह के भीतर कराया जाए। प्रदेश सरकार सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई पेपर लीक ना हों। नीरज प्रताप शाक्य ने कहा एक ओर जहां यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तीयों की परीक्षाओं के पेपर भी लीक हो जाते हैं। साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हो जाते हैं। 7 और 18 फरवरी को हुए पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हों गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर जाता हैं। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में युवाओं के जोरदार विरोध-प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद्द करती हैं। सवाल उठना वाकिब हैं कि सरकार के लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण लगातार पेपर लीक हों रहें हैं और प्रतिभाओं के साथ अन्याय हों रहा हैं। इस अवसर पर अवनीश सिंह तोमर, जितेंद्र सिंह दीक्षित, जितेंद्र सिंह, संदीप कुमार, साहब सिंह शाक्य, लालाराम, राम प्रकाश राजपूत आदि मौजूद रहे।




एसडीएम को ज्ञापन सौंपते आप जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# रक्षा क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति देने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य

## सेना प्रमुख ने पुणे में महाराष्ट्र एमएसएमई डिफेंस एक्सपो-2024 का दौरा किया, एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण भी महत्वपूर्ण क्षेत्र घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को पुणे के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर में महाराष्ट्र एमएसएमई रक्षा एक्सपो-2024 का दौरा किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, निर्यात और एफडीआई आकर्षण में प्रमुख योगदान देने वाले राज्यों में महाराष्ट्र का उल्लेख किया जाना चाहिए।

रक्षा क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति के बाद रक्षा विनिर्माण नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य था।



महाराष्ट्र सरकार की ओर से आयोजित एमएसएमई एक्सपो महाराष्ट्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, निजी कंपनियों, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (डीपीएसयू) की स्वदेशी क्षमताओं और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। जनरल मनोज पांडे ने कहा कि महाराष्ट्र ने प्रोत्साहन की पैकेज योजना में एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण को भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र घोषित किया है। इन प्रयासों की वजह से ही महाराष्ट्र देश के विमानों, जहाजों और नावों के उत्पादन में 20त्न से अधिक और हथियारों और गोला-बारूद के राष्ट्रीय उत्पादन में 30त्न से अधिक का योगदान दे रहा है। ये आंकड़े रक्षा औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

जनरल मनोज पांडे ने भारत के आर्थिक विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में उपभोक्ता समृद्धि में सुधार, बेहतर जीवन स्तर, उच्च साक्षरता और नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाएं देखी जा रही हैं। उन्होंने नीतिगत सुधारों, कौशल पहल, बुनियादी ढांचे के निवेश, डिजिटल क्षमता, फंटलाइन उद्यमिता में सरकारी एजेंसियों और सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला हितधारक होने के वादे का प्रतीक है।

### उपकरणों की खरीद के लिए 70 करोड़ के चार अनुबंध किए

सेना प्रमुख ने विस्तार से बताया कि इस समय आईडीईएक्स मार्ग के तहत 400 करोड़ रुपये की लागत वाली 55 भारतीय सेना परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें कुल 65 स्टार्ट अप शामिल हैं। सीमित मात्रा में उपकरणों की खरीद के लिए 70 करोड़ रुपये के चार अनुबंध किए गए हैं। सीओएएस ने भारतीय सेना के घरेलू विचारों और नवाचार पहल के बारे में उल्लेख किया और दो नवाचारों इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित जनरेटर सुरक्षा प्रणाली और एक जैव चिकित्सा उपकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय सेना ने अब तक 66 आईपीआर दाखिल किए हैं, जिनमें से 13 पेटेंट, 05 कॉपीराइट और 05 डिजाइन पंजीकरण प्रदान किए गए हैं। एक्सपो के दौरान भारतीय सेना ने अपने स्वदेशी उपकरण और सिस्टम जैसे टैंक टी-90, बीएमपी एमके-II, सोल्टम गन, धनुष होवित्जर, के-9 वज्र, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, सर्वत्र ब्रिज सिस्टम, शिल्का गन और प्रदर्शित किए। इसके अलावा आर्मी एयर डिफेंस के फ्लाई कैचर रडार, टेवर, सिग सॉयर और एम4 असॉल्ट राइफलें, एके-47, स्नाइपर राइफल्स और अन्य हथियारों का प्रदर्शन किया।

# नैतिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के अनुरूप कार्य करें डाक्टर : राष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के 107 वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब चिकित्सा विज्ञान सिर्फ उपचार तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और सीआरआईएसपीआर जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। लेकिन इन प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग की समस्या भी बनी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और 'वन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। वे वास्तव में तभी सफल डॉक्टर या नर्स होंगे जब उनमें पेशेवर क्षमता के साथ-साथ करुणा, दया और सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्य भी हों। एक बेहतर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर बनने के लिए, एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डॉक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं, बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस संस्थान को अंग प्रत्यारोपण पुनर्प्राप्ति केंद्र के रूप में पंजीकृत किया गया है।

# जनता के सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल करेगी बीजेपी : अमित शाह

**नड्डा ने विकसित भारत, मोदी की गारंटी रथ को दिखाई हरी झंडी**

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को भाजपा विस्तार कार्यालय से संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की और विकसित भारत, मोदी की गारंटी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वीडियो रथ पूरे देश में यात्रा करेगा और 15 मार्च तक प्राप्त एक करोड़ से अधिक सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। जनता से मिले सुझावों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी।

नड्डा ने कहा कि देश के लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। जनता-जनार्दन के




आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। इसके अतिरिक्त नमो एप में भी इसके लिए एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी इन वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाएं हम तक पहुंचें और मोदी के नेतृत्व 2024 से अगले 5 वर्षों में उन्हें हम पूरा करेंगे और अमृतकाल में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की तरफ लंबी छलांग लगाने की ओर हम अग्रसर होंगे, ये हमारा संकल्प है। उन्होंने आह्वान किया कि विकसित भारत-मोदी की गारंटी के तहत लोग फोन नम्बर 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं, अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं। वीडियो वैन देश के कोने कोने में जाएगी और लगभग 1 करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे, जिनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा।

विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं। अब भारत इस अमृतकाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। भाजपा ने तय किया है कि देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए कार्यों और आत्मनिर्भर भारत के लिए इस अमृतकाल में हो रहे कार्यों से संबंधित सभी बातों को भारत की जनता के सामने रखेंगे। इसी के साथ हमारे संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगने का कार्य भी हम सब 15 मार्च तक पूरा करेंगे।

### पीएम तीन राज्यों का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27-28 फरवरी को तीन राज्यों केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 27 को केरल और 28 को तमिलनाडु और महाराष्ट्र में होंगे। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को सुबह करीब केरल के तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा करेंगे। उसी दिन शाम को तमिलनाडु के मदुरै में क्रिएटिंग द फ्यूचर - डिजिटल मोबिलिटी फॉर ऑटोमोटिव एमएसएमई उद्यमियों कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 28 फरवरी को तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उसी दिन शाम को प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के यवतमाल में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और महाराष्ट्र के यवतमाल में 4900 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री तीन महत्वपूर्ण अंतरिक्ष बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

# बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हूं : रोहित शर्मा

एजेंसी

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में 5 विकेट से मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हैं। रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (नाबाद 52) के बेहतरीन अर्धशतक व ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) की शानदार पारी की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ध्रुव जुरेल (पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



भारत की यह घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीत थी। रोहित ने मैच खत्म होने के बाद कहा, यह एक बहुत कठिन संघर्ष वाली श्रृंखला रही है, इसलिए इसके सही पक्ष पर आना बहुत अच्छा लगता है। हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियाँ आईं लेकिन हमने जवाब दिया और धैर्य से काम लिया। युवा खिलाड़ी, घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब-क्रिकेट में बड़े होने पर यहां आना और टिके रहना चाहते हैं। यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मुझे जो प्रतिक्रियाएं मिलीं वे उत्साहजनक हैं। रोहित ने जुरेल की भी प्रशंसा की, जिन्होंने अपने दूसरे ही टेस्ट मैच में बल्ले से जबरदस्त संयम दिखाया। हमें उन्हें वह माहौल देना होगा जिसमें वे रहना चाहते हैं, हम उनसे सिर्फ बात नहीं कर सकते, वे बहुत स्पष्ट हैं कि वे क्या करना चाहते हैं। जुरेल ने धैर्य, संयम और विकेट के चारों ओर शॉट्स दिखाए। उनकी पहली पारी में 90 रन महत्वपूर्ण थे और दूसरी पारी में भी गिल के साथ उन्होंने महत्वपूर्ण पारी खेली। रोहित ने स्वीकार किया कि श्रृंखला में पहली पसंद के कई खिलाड़ियों को मिस करना भारत के लिए आदर्श नहीं था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में जुरेल, गिल और यशस्वी जयसवाल जैसे युवाओं के आगे बढ़ने पर खुशी हुई।

## खबरें एक नजर में

### ट्रूकॉलर ने लॉन्च किया एआई-इनेबल्ड कॉल रिकॉर्डिंग फीचर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कॉन्टैक्ट्स को सत्यापित करने और अनचाहे कम्युनिकेशन्स को ब्लॉक करने में अग्रणी ग्लोबल प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने भारत में आईओएस और एंड्रोइड प्लेटफॉर्म्स के लिए एआई-पावर्ड कॉल रिकॉर्डिंग्स का लॉन्च किया है। इस नए फीचर के साथ यूज़र सीधे ट्रूकॉलर ऐप में इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकेंगे और जरूरी बातचीत को आसानी से रिकॉर्ड और प्रबन्धित कर सकेंगे। आधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ट्रूकॉलर यूज़र को लाईव बातचीत को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा, इस तरह उन्हें फोन पर बात करते समय नोट्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और उनकी उत्पादकता बढ़ेगी। नए लॉन्च किए गए कॉल रिकॉर्डिंग फीचर में एआई को शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स की मदद से पूरे फोन कॉल को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा। ट्रूकॉलर के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ़ प्रोडक्ट ऑफिसर ऋषित झुनझुनवाला, ने कहा ''हम निरंतर ऐसे आधुनिक समाधान लेकर आते हैं जो कम्युनिकेशन को बेहतर बना सकें। एआई-इनेबल्ड कॉल रिकॉर्डिंग का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यूज़र हमेशा से इस फीचर के लिए रिक्वेस्ट करते रहे हैं। हमारे यूज़र का उनकी बातचीत पर बेहतर नियन्त्रण रहे, यह व्यक्तिगत एवं पेशेवर, दोनों ही तरीकों से बेहद महत्वपूर्ण टूल साबित होगा।'

### बैंक और डाकघर करेंगे मतदाताओं को जागरूक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आगामी आम चुनाव से पहले मतदाता पहुंच और जागरूकता प्रयासों को बढ़ाने के लिए भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और डाक विभाग (डीओपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक और डाकघर चुनाव आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मतदाता शिक्षा और पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे। आयोग का संदेश देश भर में 1.6 लाख बैंक शाखाओं, 2 लाख से अधिक एटीएम और 1.55 लाख डाकघरों के माध्यम से व्यापक जनता तक पहुंचेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की उपस्थिति में आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डाक विभाग के सचिव विनीत पांडे, आईबीए के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएमआरसी ने मेट्रोपोलिस ट्रेनसेट का उत्पादन शुरू किया

**नई दिल्ली।** विश्वस्तरीय कंपनी एल्सटॉम ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) चरण के लिए मेट्रोपोलिस ट्रेनसेट का उत्पादन शुरू किया। नवंबर 2022 में साइन इस ऑर्डर का लक्ष्य 52 ट्रेन सेट वितरित करना है, जिनमें से प्रत्येक में छह कारें होंगी। यह परियोजना डीएमआरसी की तीन अलग-अलग लाइनों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसमें दो लाइनें मौजूदा लाइन 7 और लाइन 8 का विस्तार हैं, और नई गोल्ड लाइन 10 एयरोसिटी को तुगलकाबाद से जोड़ती है, जो कुल 64.67 किमी की दूरी तय करती है। इस मौके पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने कहा कि दिल्ली मेट्रो हमारे शहर की लाइफ लाइन है, और नए मार्गों के जुड़ने से राष्ट्रीय राजधानी में कनेक्टिविटी का विस्तार होगा।

### भारत-इंग्लैंड मैच पर सट्टा लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** भारत-इंग्लैंड मैच पर सट्टा लगाने वाले दो आरोपितों को अपराध शाखा पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम विजय कुमार उर्फ काके (41) व अजय (40) है। आरोपित विजय एनआईटी फरीदाबाद का तथा आरोपित अजय आदर्श नगर, बल्लबगढ़ का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने सोमवार को बताया कि अपराध शाखा टीम को गुप्त सूत्रों से सैनिक कॉलोनी में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा टीम ने छापेमारी की और दो आरोपितों को पकड़ा। मौके पर एलईडी टीवी, रिमोट, सेटअप बॉक्स, सट्टा पर्ची व 42300 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

### विधानसभा की कार्यवाही आज 11 बजे तक के लिए स्थगित

**देहरादून।** राज्यपाल के अभिभाषण के बाद तीन बजे भोजनावकाश के बाद विधानसभा सत्र शुरू हुआ। इसके बाद विधानसभा बजट सत्र 2024 की कार्यवाही 27 फरवरी 2024 पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। उत्तराखंड विधानसभा में वंदे मातरम् प्रारंभ हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण को पढ़कर सुनाया। उत्तराखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम (खंड 22) के अंतर्गत अध्यक्ष की घोषणाओं के बाद 27 फरवरी तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह ने सोमवार को पंचम विधानसभा के प्रथम सत्र में अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया।

### थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री ने बीकानेर में किया सोलर प्लांट का अवलोकन




**बीकानेर।** थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री डॉ. पर्णप्री बहिधा नुकारा सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आए। उन्होंने यहां नूरसर फांटा स्थित अवाडा एनर्जी के सोलर प्लांट का अवलोकन किया। इससे पहले सुबह नौ बजे विशेष विमान से वे नाल एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर बीकानेर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम और एयरपोर्ट निदेशक सांवरमल सिंगारिया ने उनकी अगवानी की।

# वित्त मंत्री ने फिनटेक कंपनियों के शीर्ष अफसरों के साथ की बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उनके सामने आने वाले नियामकीय मुद्दों पर चर्चा की गई, उन्हें नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा गया।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां करीब 50 वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उनके साथ वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड, रेजरपे, फोनपे, गूगल-पे और अमेजन-पे सहित निजी क्षेत्र की वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और स्टार्टअप कंपनियों के शीर्ष




अधिकारी शामिल हुए। इसमें भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सचिव एस. कृष्णन के अलावा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर उपस्थित थे। ये बैठक ऐसे समय मे आयोजित हुई है, जब रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की है। बैठक में फिनटेक उद्योग में नियमों के अनुपालन का मुद्दा सामने आया है। हालांकि, बैठक में पेटीएम के प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया था।

### बदला इतिहास : नवाज की बेटी मरयम बनीं पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पीएमएल-एन के अध्यक्ष की बेटी ने देश में इतिहास बदलते हुए पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री का सम्मान हासिल कर लिया है। वरिष्ठ पीएमएल-एन नेता मरियम नवाज को पंजाब की मुख्यमंत्री बनाया गया है मरियम तीन बार पूर्व प्रधानमंत्री रह चुके व पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफकी बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पीएमएल-एन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। बता दें कि पंजाब प्रांत में 120 मिलियन लोग रहते हैं। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया।सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए पीएमएल-एन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया।

# मराठा आरक्षण आंदोलन : महाराष्ट्र के तीन जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

एजेंसी


**जालना, छत्रपति संभाजीनगर और बीड जिलों की सीमाएं सील**

**मुंबई।** मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में जारी आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महाराष्ट्र के जालना, छत्रपति संभाजीनगर और बीड जिलों में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन जिलों की सीमाएं भी एहतियातन सील कर दी गई हैं।

एक अधिकारी ने राज्य गृह विभाग के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर अफवाहों के प्रसार के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए तीन जिलों में इंटरनेट सेवाएं सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक निलंबित कर दी गई हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बीड जिले में बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के आरोप में तीन मामले दर्ज किए गए हैं और राज्य परिवहन की एक बस को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन को देखते हुए कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं।

# लंबी बीमारी के बाद 72 की उम्र में गजल गायक पंकज उधास का निधन

मशहूर गजल गायक पंकज उधास का आज 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। गजल गायक पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें 10 दिन पहले मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहां सोमवार सुबह 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। गजल सिंगर जाजिम शर्मा ने बताया कि वे पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। फिलहाल उनका पार्थिव शरीर अस्पताल में ही रखा गया है। उनके भाइयों के आने पर पार्थिव शरीर को घर ले जाया जाएगा।



**गुजरात के जमींदार परिवार में हुआ जन्म**

पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। वो अपने तीनों भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका परिवार राजकोट के पास चरखाड़ी नाम के एक कस्बे का रहने वाला था। उनके दादा जमींदार थे और भावनगर राज्य के दीवान भी थे। उनके पिता केशुभाई उधास सरकारी कर्मचारी थे, उन्हें इसराज बजाने का बहुत शौक था। वहीं उनकी मां जीतूबेन उधास को गानों का बहुत शौक था। यही वजह थी, पंकज उधास समेत उनके दोनों भाइयों का रुझान संगीत की तरफ हमेशा से रहा। पंकज उधास को बड़ी पहचान फेमस गजल चिट्ठी आई है से मिली थी। पंकज के दोनों भाई मनहर और निर्जल उधास म्यूजिक इंडस्ट्री में जाना-पहचाना नाम हैं। इस घटना के बाद पेरेंट्स को लगा कि पंकज भी अपने भाइयों की तरह म्यूजिक फील्ड में कुछ बेहतर कर सकते हैं, जिसके बाद पेरेंट्स ने उनका एडमिशन राजकोट में संगीत एकेडमी में करा दिया।

**काम नहीं मिला तो विदेश गए**

वहां पर कोर्स पूरा करने के बाद पंकज कई बड़े स्टेज शो पर परफॉर्मेंस करते थे। वो अपने भाइयों की तरह ही बॉलीवुड में जगह बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 4 साल तक संघर्ष किया, लेकिन इस दौरान उन्हें कोई बड़ा काम नहीं मिला। उन्होंने फिल्म कामना में अपने एक गाने को आवाज दी थी, लेकिन वो फिल्म फ्लॉप हो गई, जिस वजह से उन्हें कोई खास पॉपुलैरिटी नहीं मिली। काम नहीं मिलने से दुखी होकर उन्होंने विदेश जाकर रहने का फैसला किया।

**मुस्लिम लड़की से शादी की**

पंकज ने 11 फरवरी 1982 को फरीदा से शादी की थी। एक कॉमन फ्रेंड की शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी। पंकज को पहली नजर में ही फरीदा पसंद आ गई थीं। उस वक्त वो ग्रेजुएशन कर रहे थे और फरीदा एयर होस्टेस थीं। पहले दोनों में दोस्ती हुई, फिर प्यार। दोनों शादी करना चाहते थे। पंकज के परिवार वालों को इस रिश्ते से कोई एतराज नहीं था। जब फरीदा ने इस रिश्ते की बात अपने परिवार को बताई, तो उन्हें ये रिश्ता मंजूर नहीं था।

### पहले गाने के बदले मिले थे 51 रुपए

पंकज ने कभी नहीं सोचा था कि वो अपना करियर सिंगिंग में बनाएंगे। उन दिनों भारत और चीन के बीच युद्ध चल रहा था। इसी दौरान लता मंगेशकर का 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गाना रिलीज हुआ था। पंकज को ये गाना बहुत पसंद आया। उन्होंने बिना किसी की मदद से इस गाने को उसी लय और सुर के साथ तैयार किया। एक दिन स्कूल के प्रिंसिपल को पता चला कि वो गायिकी में बेहतर हैं, जिसके बाद उन्हें स्कूल प्रेयर टीम का हेड बना दिया गया। एक बार उनकी कॉलोनी में माता रानी की चौकी बैठी थी। रात में आरती-भजन के बाद वहां पर कल्चरल प्रोग्राम होता था।पंकज ने ऐ मेरे वतन के लोगों गाना गया। उनके इस गीत से वहां बैठे सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। दर्शकों में से एक आदमी ने खड़े होकर उनके लिए ताली बजाई और इनाम में उन्हें 51 रुपए दिए।

### चिट्ठी आई है गाना सुनकर रो पड़े थे राज कपूर

राजेंद्र कुमार और राज कपूर बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन उन्होंने राज कपूर को अपने घर डिनर पर बुलाया। डिनर करने के बाद उन्होंने पंकज उधास की आवाज में राज कपूर को चिट्ठी आई है, गजल सुनाई, तो वो रो पड़े। उन्होंने कहा कि इस गजल से पंकज को बहुत पॉपुलैरिटी मिलेगी और उनसे बेहतर ये गजल कोई दूसरा नहीं गा सकता।

### गजल सुनने के लिए फैन ने तानी थी बंदूक

गायकी से प्यार हो गया, जिसके लिए उन्होंने उर्दू सीखी। एक बार वो स्टेज परफॉर्मेंस दे रहे थे, जहां वो पहले ही 4-5 गजल गा चुके थे। तभी एक दर्शक उनके पास आ गया और उसने एक गजल की फरमाइश की। इस बात पर वो आदमी इतना भड़क गया कि उसने पंकज के सामने बंदूक तान दी और गाने के लिए कहा। उसकी हरकत से पंकज इतना डर गए कि उन्होंने उसकी फरमाइश की गजल गाई।